वर्ष 72 अंक 235 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 24 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> हमारी सबसे बड़ी कमजोरी हार मान लेना है। सफलता का सबसे निश्चित तरीका है– एक बार और प्रयास करना।
> – थॉमस ए. एडिसन

## ऑफ बीट

### अजीब सलाहः बॉडी बिल्डर पुरुषों को देखें महिलाएं



*बीमार होने पर डॉक्टर मरीजों को दवा देते हैं या उनका इलाज करते हैं। हालांकि, कुछ डॉक्टरों के इलाज सुनकर उनकी डिग्री पर सवाल खड़े हो जाते हैं और वह सुर्खियों में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ इन दिनों चीन के एक डॉक्टर के साथ हो रहा है, जो कि अपने अजीबोगरीब इलाज के लिए सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल, वह अपनी महिला मरीजों को बीमारियों से उबरने के लिए बॉडी बिल्डर पुरुषों को देखने की सलाह देते हैं। डॉक्टर का नाम हे झेन्ये है, जो कि हुआझोंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जीहे शेनजेन अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसे लाखों लोगों ने देखा है। वीडियो में झेन्ये सलाह देते हैं, महिलाओं को तनाव दूर करने के लिए बार-बार बॉडी बिल्डर पुरुषों को देखना चाहिए। झेन्ये का सोशल मीडिया अकाउंट बहुत प्रसिद्ध है और उनके कुल 13 लाख से अधिक प्रशंसक भी हैं। वह अपने अकाउंट पर रोजाना चिकित्सा से जुड़े नए-नए वीडियो साझा करते रहते हैं। उनका कहना है कि ऊर्जा और खून की कमी से जूझ रही महिलाएं अक्सर खराब मूड और उच्च स्तर के तनाव का अनुभव करती हैं। ऐसी महिलाओं की शारीरिक और मानसिक स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इस विजुअल थेरेपी को अपनाया जा सकता है।*

## रात दो बजे 150 किमी की रफ्तार से पेड़ से टकराई कार, 3 दोस्तों की मौत, एक घायल

### दोस्तों के साथ कपड़े की डिलेवरी देकर सीहोर से लौट रहा था युवा व्यापारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब दो बजे सीहोर रोड पर एक बेकाबू कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान प्रीत आहूजा (22), विशाल दाबी (25) और पंकज सिसोदिया (25) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल राहुल कंडारे (27) का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, कपड़ा व्यापारी प्रीत अपने तीन दोस्तों के साथ सीहोर कपड़े की डिलेवरी देने गया था।



प्रीत आहूजा · विशाला डबी · पंजक सिसोदया

रात में खाना खाकर लौटते समय फॉर्च्यून होटल के पास तेज रफ्तार में चल रही कार का संतुलन बिगड़ा और वह गुमठी से टकराने के बाद पेड़ और फिर बिजली के खंभे से टकराकर दो टुकड़ों में बंट गई। हादसे के समय कार की रफ्तार करीब 150 किमी प्रति घंटा थी। भीषण टक्कर के कारण कार का चेचिस टूट गया। एयरबैग तक फट गए। इंजन बाहर आ गया। कार चला रहा प्रीत अपने भाई को बिना बताए गाड़ी लेकर आया था। सीसीटीवी फुटेज में हादसे की भयावहता दर्ज है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा महज दो सेकंड में हुआ। घटना के समय सड़क पूरी तरह सुनसान थी। न ही कोई मवेशी या कोई ओवरटेक करता वाहन दिखा है। मृतक चारों बचपन के दोस्त थे और बैरागढ़ इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार तीन दोस्तों को बस ने कुचला, तीनों की मौत

**जागरण, शुजालपुर।** वेटर का काम करते हुए पढ़ाई कर रहे बचपन के तीन दोस्तों को भोपाल आ रही यात्री बस ने कुचल दिया। तीनों दोस्त बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में काम करने जा रहे थे। तभी सामने से आई बस ने इनकी बाइक को रौंद डाला। दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बस का चालक दुर्घटना होते ही फरार हो गया। हादसा शुजालपुर-आष्टा मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुआ। सारंगपुर से भोपाल की ओर जा रही बालाजी ट्रेवल्स की बस जेठड़ा जोड़ के पास सामने से आ रही बाइक पर चढ़ गई। हादसे में लसुड़िया घाघ के रहने वाले आयुष मालवीय (17 साल), रवि मालवीय (19 साल) की मौके पर ही मौत हो गई।

## बढ़ रहे कोरोना के एक्टिव केस एशिया में नई लहर की आशंका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशिया के कई हिस्सों में कोरोना की नई लहर फैल रही है। इस बीच भारत में भी कोविड के मामलों में इजाफा हुआ है। शुक्रवार को एक्टिव कोविड मरीजों की संख्या 257 तक पहुंच गई है। राजधानी दिल्ली में भी एक्टिव केस की संख्या 23 हो गई है। कोरोना के मामले को लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने बताया कि, 22 मई तक राजधानी में कुल 23 कोरोना के मामले सामने आए हैं। फिलहाल सरकार जांच कर रही है कि ये मरीज दिल्ली के ही निवासी हैं या बाहर से आए हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

## टेक ऑफ-लैंडिंग के वक्त बंद रहेंगी फ्लाइट की खिड़कियां

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा। यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल हैं। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाली विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाते या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाते। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है।

**फोटोग्राफी और वीडियो बनाना किया गया बैन**

डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें।

### आईपीएल में आज

पंजाब बनाम दिल्ली
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर









# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान




**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा सवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल संरचनाओं के पुर्नजीवीकरण/संरक्षण अभियान अन्तर्गत शुक्रवार को रामपुर बघेलान नगर परिषद के सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं स्वच्छता नोडल विश्वजीत कुशवाहा द्वारा वार्ड क्रमांक 15 नर नदी के घाट के पास जन सहयोग से सफाई, स्वच्छता श्रमदान एवं नदी के आसपास की सफाई का कार्य किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि ऐसे अभियानों के माध्यम से हम जल संरचनाओं को स्वच्छ कर परिवर्तन संरक्षण में अहम भागीदारी दे सकते हैं। यदि हम सब मिलकर पर्यावरण को बचाने की कोशिश नहीं करेंगें तो भविष्य में हमारे लिए बहुत मुश्किलें आयेंगी। पृथ्वी एक ही है और हम सबकी है, इसीलिए इसके संरक्षण का दायित्व हम सबका है। इस अभियान में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कचेर, दिलीप सोनी, सुन्दर गुप्ता, प्रशान्त सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सफाई पर्यवेक्षक इसराइल सौदागर, लक्ष्मण प्रसाद, संजय सेन, अमर सिंह, विनोद द्विवेदी, तबील खान सहित नगर परिषद के सभी सफाई कर्मचारी एवं नगर के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## पिथौराबाद में धूमधाम से मनेगा जैव विविधता दिवस

**सतना।** उचेहरा जनपद क्षेत्र अंतर्गत जैव विविधता प्रबंधन समिति पिथौराबाद द्वारा बड़े धूम धाम के साथ जैवविविधिता दिवस मनाया जा रहा है । समिति के अध्यक्ष पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने बताया कि समिति के सदस्यों के निर्णय के अनुसार आगंतुक महानुभवों की सुविधा के दृष्टि से यह कार्यक्रम 25 मई रविवार को आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य फोकस परम्परागत अनाज सब्जियों, मोटे अनाजों पर तो रहेगा ही, किन्तु गांव के आसपास की समाप्त हो रहीं वनस्पतियों और जड़ी बूटियों सहित समस्त जैव विविधता पर परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के साथ छात्रों को प्रोत्साहित करने और भाग लेने के लिए जैव विविधता पहचानों प्रतियोगिता रखी जाएगी जिसमेंएघरों के आसपास उगने वाले पेड़ पौधेएअनाजोंएफ्लों की पहचान पर प्रतियोगिता कराई जाएगी।

# रेल उपभोग कर्ता परामर्श बैठक में शामिल हुये संजय राय



**जागरण, अमदरा ।** पश्चिम मध्य रेल क्षेत्रीय रेल उपभोग कर्ता परामर्श समिति के सदस्य संजय राय को सदस्य बनने के बाद पहली बैठक में शामिल होने जबलपुर पहुंचे जहां संजय राय द्वारा सांसद गणेश सिंह के प्रति धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि मुझे अवसर मिला है कि रेल संबंधी समस्याओं को अधिक से अधिक संख्या में ध्यान आकर्षण कर बैठक में जनता की समस्याओं को हल कराया जाए साथ ही सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर संजय राय द्वारा झुकेही स्टेशन स्थित फुट ओवर बीच के विस्तारीकरण का विषय जो लंबे समय से लंबित है एवं जिसकी जानकारी दी जा रही है कि प्रस्ताव रेल बोर्ड के पास लंबित है इस पर विशेष जोरदार तरीके से उठाएं जिस पर बैठक में अधिकारियों के द्वारा बताया गया की झुकेही स्टेशन स्थित फुट ओवरब्रिज के विस्तरी कारण का प्रस्ताव 2025-26 में प्रस्तावित किया गया है जो स्वीकृत मिलने के बाद कार्य कराया जाएगा साथ ही मैहर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक दो में धीमी गति से कार्य होने का प्रश्न उठाए गए साथ ही प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 में प्रवेश द्वार टिकट खिड़की यात्री प्रतीक्षालय का जो कार्य पेंडिंग था निर्माण कार्य को जोर तरीके से श्री राय साहब जी द्वारा उठाया गया जिस पर जानकारी दी गई की दो नंबर का आकार पहले को लोवर था जो हाई लेबर के प्लेटफॉर्म का किया जा रहा है साथ ही प्लेट फॉर्म 3 की ओर प्रवेश द्वार पर एक नई टिकट खिड़की एवं यात्री प्रतीक्षालय का कार्य स्तर पर है जो ही शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

## सतना एवं मैहर जिले में अब तक 871 नरवाई जलाने की घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड से कम भूमि धारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 2500, दो एकड से अधिक किन्तु पांच एकड से कम भूमिधारक को 5000 तथा पांच एकड से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि 15000 रूपये प्रति घटना देय होगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार 23 मई तक की स्थिति में सतना में 710 एवं मैहर जिले में 161 कुल 871 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें तहसील रघुराजनगर में 145, कोठी में 41, रामपुर बघेलान में 106, कोटर में 106, मझगवां में 23, बिरसिंहपुर में 38, नागौद में 175 तथा उचेहरा में 75 घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 55, मैहर में 89 तथा रामनगर में 16 घटनाएं दर्ज की गई है। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

# ग्राम पंचायत पवैया में समर कैंप के समापन पर उत्कृष्ट बच्चों को किया गया सम्मानित




**जागरण, सतना।** ग्राम पंचायत पवैया के पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल में पिछले एक मई से लेकर 20 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 20 दिनों तक विद्यालय के छात्र.छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों जैसे खेलकूद व्यायाम एयोगए पठन पाठन के साथ प्रशिक्षण दिए गए एवं समर कैंप के समापन के अवसर पर विद्यालय में कक्षा दसवीं में जिन छात्राओं ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम रोशन किया उसमें विद्यालय परिवार की तरफ से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र.छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिया गया साथ ही समर कैंप में सम्मिलित छात्राओं को भी पुरस्कार वितरण कर प्रशस्ति पत्र दिए गए अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सुनीता राकेश सिंह बबलू जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती आरती वर्माए जनपद सदस्य के साथ.साथ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती दीप्ति शुक्ला समर कैंप के प्रभारी शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडे रमाकांत पांडेए निरंजन सिंह अशोक वर्मा नीरज द्विवेदी सीमा कुशवाहा सहित ग्राम पंचायत के सम्मानित नागरिक व आम जनमानस मौजूद रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कोटर में तिरंगा यात्रा




**जागरण, कोटर।** ऑपरेशन सिंदूर की दमदार एक्रांतिकारी सफलता पर भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में कोटर में रुराष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन में विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में कोटर तहसील क्षेत्र के सर्व समाज के लोगो के साथ संत महात्माओं का भी समागम हुआ। देश की बेटीया कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों की धज्जियां उड़ा दी गई। आचार्य कृष्णानंद तिवारी,डॉ रमेश मिश्रा, उषा मिश्रा, युवा समाजसेवी केसी शुक्ला, नत्थू सिंह,सुकीर्ति तिवारी, राजकुमारी शुक्ला,डॉ तारा प्रसाद शुक्ला, रोहिणी प्रसाद द्विवेदी,कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, हरिवंश द्विवेदी,इंद्रभान पयासी, राम गणेश गुप्ता,अग्निवेश शुक्ला मण्डल अध्यक्ष बाबूपुर, विनोद तिवारी बिहरा, नारेंद्र पांडेय, दिनेश मिश्रा , रवि शंकर मिश्रा,राजेन्द्र गौतम बब्लू , राजेंद्र द्विवेदी राजा, रामदयाल पयासी ,के के त्रिपाठी रामस्थान, आशीष त्रिपाठी किचवरिया, अभिमन्यु सिंह,विक्रम सिंह बिसेन, गोमती मिश्रा, चक्रधर सिंह, राघुवेंद्र तिवारी,प्रफुल्ल तिवारी, अभिषेक त्रिपाठी मोनू,इंद्रभान सिंह, गणेश प्रसाद द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, रामकृष्ण पांडेय, मुरारी पयासी, हर्ष शुक्ला,रवि सिंह सरपंच बिहरा, आनंद पाठक, पिंटू शुक्ला, शेर सिंह शांतिस्वरूप अग्रवाल, कमलेश पयासी,पदुम मिश्रा, आदि सैकड़ों राष्ट्र भक्त मौजूद रहें।

# समूह की महिलाएं करेंगी पौधरोपण और उनका रखरखाव



**जागरण, रामपुर बाघेलान ।** शासन के निर्देशानुसार अम्रत मित्र अभियान अंतर्गत वूमेन फार ट्री के तहत समूह की मातृ शक्तियों को नगर पालिका सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा उन्हें साइड विजिट कराया गया जिस पर स्वस्थ सहायता समूह की महिलाओं को वृक्षारोपण करना होगा और उनका रखरखाव भी करना होगा जिस पर उन्हें वृक्षों की तैयार होने पर उन्हें पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया जाएगा जिस पर साइड विजिट के दौरान स्वसहायता समूह की मातृ शक्तियों को रामपुर बघेलान नगर परिषद सीएमओ अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा पानी की बोतल बैग डायरी पेन भेट कर सम्मनित किया गया और वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए उनके विशेष भूमिका के विषय में विस्तार से बताया।

## साईं ईश्वरशाह साहिब के स्वागत में निकली वाहन रैली

**सतना।** हाजरा हजूर सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब जी के नगर आगमन की खुशी में हरे माधव सेवादारियों एवं समाजसेवी द्वारा 23 मई शुक्रवार को विशाल वाहन रैली निकाली गई यह रैली हरे माधव दरबार से प्रारंभ होकर सिन्धी कॉलोनी एवं शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए हरे माधव दरबार में हरे माधव की गूंज के साथ संपन्न हुई। दरबार के सेवादारी सुरेश बाषाणी ने बताया सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब के सतना नगर आगमन पर 24 मई शनिवार शाम 7 से सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब जी की शोभायात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर बाबा दयाल दास चौक माधव गुणवंती हाल होते हुए दरबार में संपन्न होगी। शोभा यात्रा का समाज द्वारा जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। 25 मई दिन रविवार को सी एम ए ग्राउंड परिसर में हाजरा हजूर सद्गुरु साईं ईश्वरशाह साहब की पावन हजूरी में हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है सत्संग के पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

# देवी अहिल्या बाई जयंती पर भारत विकास परिषद ने की संगोष्ठी




**जागरण, सतना।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की शताब्दी जयंती पर भारत विकास परिषद मातृ शक्ति ने संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय आई टी आई कॉलेज में दिनांक 23 मई 2025 को एडवोकेट आभा अग्रवाल उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद मातृ शक्ति प्रमुख सतना एवं अनमोल केशरवानी की अगुआई में किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में अनीता ताम्रकार ने देवी अहिल्या बाई द्वारा मंदिरों के जीर्णोद्धार पर प्रकाश डालाए अनमोल केशरवानी ने उनका जीवन परिचय रोचक तरीके से बताया एवं नीति जैन ने उनके विचारों का आधुनिक समाज में उपयोगिता के बारे में बताया। एडणआभा अग्रवाल ने भारत विकास का संक्षिप्त परिचय एवं हमे देवी अहिल्या बाई जी के जीवन से क्या सीख मिलती है इस विषय प्रकाश डाला। रेनू तिवारी ने प्राचार्य बी डी तिवारी एवं समस्त विद्यालय प्रबंधन और सभी विद्यार्थियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद मातृ शक्ति में प्रमुख रूप से श्रीमती क्रांति जैनए कोषाध्यक्ष सोनिया खण्डेलवालए नीति जैनए अनीता ताम्रकारए अनमोल केशरवानी रही। कॉलेज की समस्त टीचर्स और विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य अमले को दिलाई तंबाकू नियंत्रण की शपथ



**जागरण, सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के स्वास्थ्य अमले को तंबाकू नियंत्रण की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने संदेश में कहा कि तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर सहित अनेक जानलेवा बीमारियों का मुख्य कारण है। तंबाकू नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में पूरे राज्य में जनजागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें आज की पीढ़ी को नशे की प्रवृत्तियों से बचाकर स्वस्थ और समर्थ राष्ट्र की नींव रखनी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे तंबाकू और नशे के अन्य रूपों के दुष्प्रभावों के प्रति समुदाय को जागरूक करें, ताकि यह सामाजिक रूप से अस्वीकार्य बने। उन्होंने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और समृद्धि का सवाल है। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य अमले को यह शपथ भी दिलाई कि वे न केवल स्वयं तंबाकू और नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# अनूप सिंह की मनाई गई पुण्य तिथि



**जागरण, सतना।** अबेर गांव के बस स्टैंड में शहीद अनूप सिंह की 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उमेश प्रताप सिंह लाला भइया सांसद प्रतिनिधि लोकसभा प्रभारी सतना। अध्यक्षता विक्रम सिंह बिसेन के द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिमन्यु प्रताप सिंह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कोटर उपस्थि रहे।गांव और आसपास के सभी गणमान्य नागरिक ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया गया ।

## शोभा यात्रा पहुचेंगी राधा कृष्ण मंदिर

**अमदरा ।** बड़ी ही धूमधाम के साथ आज शोभायात्रा शंकर मंदिर से निकलकर राधा कृष्ण मंदिर अमदरा पहुंचेगी अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की अपील की गई है और शोभा यात्रा में शामिल होकर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आनंद उठाने की अपील की गई है ।

# महिला के घर से गांजा शराब और नकदी बरामद

**जागरण, रीवा।** बिछिया थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए अवैध मादक पदार्थों और देशी शराब की तस्करी में लिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के घर दबिश देकर गांजा, शराब और नकद रकम बरामद की है। बताया गया कि सूचना के आधार ग्राम उमरी निवासी मीरा साकेत उम्र 35 वर्ष के घर पर रात के समय दबिश दी गई। तलाशी के दौरान पुलिस को 750 ग्राम अवैध गांजा जिसकी कीमत लगभग 7500 आंकी गई है, 40 पाव देशी प्लेन शराब एवं नकद 14080 बरामद हुए। आरोपिया मीरा साकेत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा और आबकारी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## बलात्कार के दो आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे के अंदर धर दबोचा। बताया गया कि आरोपी शिवलाल कोल पिता श्यामलाल कोल उम्र 27 साल निवासी बनपाड़र थाना मऊगंज द्वारा एक दिन पूर्व घटना को अंजाम दिया गया था, जिसे गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## ई-केवाईसी में लापरवाही बरतने पर सेल्समैन निलंबित

**रीवा।** एसडीएम जवा पीयूष भट्ट ने शासकीय उचित मूल्य दुकान अतरैला के सेल्समैन शिवाकांत मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण की सुविधा देने के लिए आगामी आदेश तक उचित मूल्य दुकान अतरैला को उचित मूल्य दुकान भिटौंहा से संबद्ध कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के ई-केवाईसी न कराने तथा कारण बताओ नोटिस का उत्तर न देने पर यह कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2025 के प्रावधानों के तहत की गई है।

# नरवाई जलाने वाले किसानों पर 141500 रुपए का जुर्माना

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सम्पूर्ण रीवा जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसानों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि नरवाई जलाने वाले किसानों पर 141500 रुपए जुर्माना लगाया गया है। तहसील त्योंथर में 32500 रुपए, तहसील जवा में 35000 रुपए, तहसील सेमरिया में 47500 रुपए, तहसील सिरमौर में 25000 रुपए तथा तहसील गुढ़ में 1500 रुपए जुर्माना लगाया गया है। तहसील हुजूर में एक किसान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। तहसील रायपुर कर्चुलियान तथा मनगवां में भी नरवाई जलाने वाले किसानों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का समय सीमा पूरा होने पर इनके विरुद्ध भी जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। अपर कलेक्टर ने कहा है कि किसान किसी भी स्थिति में खेतों की नरवाई न जलाएं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति नष्ट होने के साथ-साथ आग लगने का भी खतरा रहता है। सभी तहसीलदार नरवाई जलाने की सूचना मिलने पर कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ जाकर पंचनामा बनाएं तथा नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

## 2 माह से फरार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**रीवा।** 2 माह से फरार 2 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। बताया गया कि अभिषेक सिगोते पिता सीताराम सिगोते उम्र 25 वर्ष निवासी मलियान टोला ने शिकायत की थी कि आर्यन जाटव, अहिल मिर्जा तथा उसका एक साथी मिले जो 1000 रु. शराब पीने के लिये मांग रहे थे, पैसा नहीं देने पर तीनों ने गाली-गलौज करते हुए नुकीली चीज से मारपीट कर चोट पहुंचाये थे। घटना के बाद से दो आरोपी फरार थे, जिन्हें मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को केन्द्रीय जेल में दाखिल किया गया है। पकड़े गए आरोपी में आहिल उर्फ अनस मिर्जा पिता सिकन्दर मिर्जा उम्र 20 वर्ष निवासी पचमठा घोघर थाना कोतवाली व आर्यन जाटव पिता घनश्याम जाटव उम्र 20 वर्ष निवासी मिश्रा होटल के पीछे वार्ड क्र 19 घोघर थाना कोतवाली हैं।

# जल संवर्धन अभियान के तहत खटोला स्थित वृंदावन आश्रम कुंड की हुई सफाई



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा सवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार को नगर परिषद कोठी के वार्ड क्रमांक 9 में खटोला स्थित वृंदावन आश्रम कुंड की सफाई कराई गई।

# सज्जनपुर मंडल में सर्वसमाज ने निकाली तिरंगा यात्रा



**जागरण, सतना।** सज्जनपुर मंडल में सर्वसमाज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। बृहद तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार दिनेश दहिया सुनील कुमार तिवारी शिवशंकर शर्मा सुरेंद्र सिंह दुर्गेश अग्निहोत्री ज्ञानी शुक्ला सुनील मिश्रा सुरेंद्र तिवारी संतलाल यादव प्रेमचन्द कुशवाहा राकेश विश्वकर्मा रामनिवास यादव भूपेंद्र पांडे वीरेंद्र यादव बेला बाई स्वेता सिंह दिगपाल सिंह उमाशंकर सिंह राजेश गौतम ब्रजकिशोर त्रिपाठी नीरज मल्लाह पंकज सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सतना म0प्र0

कमांक / वाहन / 2025 /5259 सतना दिनांक 22.5.25

**निविदा आमंत्रण**

वर्ष 2025.26 में कार्यालय के अधीनस्थ संचालित शासकीय वाहनों के मरम्मत में लगने वाले कल पुर्जो की आवश्यकतानुसार आपूर्ति हेतु तथा मरम्मत कार्य हेतु स्थानीय शहर सतना के पार्टस डीलरो / बिक्रेताओ मैकनिको से दिनांक 30.05.2025 को सायंकाल 4.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में निविदाये आंमत्रित की जाती हैं । निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 29.05.2025 तक कलपूर्जा की अपूर्ति हेतु रूपये 1500/- एवं मरम्मत कार्य हेतु रूपये 1000/- कार्यालय में नगद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं । अमानत राशि के रूप में कलपुर्जा की आपूर्ति हेतु रूपये 25,000/- एवं मरम्मत कार्य हेतु रूपये 5000/- की राशि फिक्स डिपाजिट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना के नाम से निविदा प्रपत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा । प्राप्त निविदाये दिनांक 02.06.2025 को सांयकाल 5.00 बजे क्रय समिति एवं निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना म0प्र0

वर्ष 72 ▸▸ अंक 235 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 24 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी धीमी गति से चलते हैं, जब तक कि आप रुकते नहीं हैं।
> – कन्फ्यूशियस

# प्रदेश में इस बार कम रहेगी नौतपा की तपिश

## लो प्रेशर का असरः सूबे के 18 जिलों में तेज बारिश की चेतावनी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में 25 मई से नौतपा की शुरूआत मानी जाती है। जो कि 2 जून तक चलता है। इस बार 28 मई तक बारिश की संभावना जताई गई है। प्रदेश के किसी भी जिले में लू या हीट वेव की स्थिति नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठता है कि क्या इस बार नौतपा का असर नहीं रहेगा।

प्रदेश के 18 जिलों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र भोपाल ने सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल सहित करीब 18 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि प्रदेश के शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, यानि इन जिलों में हल्की बारिश होगी। मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार कोंकण के पास अरब सागर में एक निम्न दाब यानि लो प्रेशर सिस्टम एक्टिव हुआ है। जो कि महाराष्ट्र से लेकर छत्तीसगढ़ तक असर डालेगा। मप्र के कई जिलों में इसका असर रहेगा, जिससे 28 मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ साथ बादल छाए रहने और उमस का भी सिलसिला चलेगा।

**इन जिलों में बारिश की संभावना:** सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा।




**कम होगी गर्मी...** अरब सागर में बने लो प्रेशर सिस्टम और उससे उत्पन्न आर्द्रता के चलते मध्य प्रदेश के वातावरण में नमी बढ़ गई है। इसके कारण अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अगले 15 दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है।

### सिर्फ 6 जिलों में पारा 40 पार

निम्न दाब और अन्य साक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण मध्य प्रदेश में पारा नीचे गिरा हुआ है। शुक्रवार को प्रदेश के महज 6 जिले ऐसे थे, जहां दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा, बाकी सभी जिलों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री से नीचे ही रहा। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 41.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा छतरपुर के नौगांव, टीकमगढ़, गुना, शिवपुरी और ग्वालियर में पारा 40 के पार दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में इसमें और कमी की संभावना है।

**यहां सबसे अधिक रहा तापमान**

| | |
|---|---|
| खजुराहो | 41.6 |
| नौगांव | 41.5 |
| टीकमगढ़ | 41.3 |
| गुना | 41.2 |
| शिवपुरी | 41 |
| ग्वालियर | 40.2 |

## आज कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, अरब सागर में बन रहा दबाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश के कई हिस्सों में इस समय मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कहीं हल्की फुहारें तो कहीं मूसलाधार बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है, लेकिन साथ ही बाढ़ और आंधी की आशंका भी बढ़ा दी है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार 24 मई को देश के कई राज्यों में भारी बारिश, तेज आंधी और तूफान की चेतावनी जारी की है। इसकी वजह है अरब सागर में बना एक कम दबाव का क्षेत्र। यह दबाव आने वाले 24 घंटों में डिप्रेशन में बदल सकता है, जिससे पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में कई इलाकों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।

23 मई को अरब सागर में दक्षिण कोंकण तट के पास 'वेल मार्क्ड लो प्रेशर सिस्टम' विकसित हुआ है, जो उत्तर की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि यह सिस्टम अगले 24 घंटे में 'डिप्रेशन' का रूप ले सकता है। इसके प्रभाव से महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल जैसे तटीय राज्यों में अगले कुछ दिनों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। इसका असर अन्य राज्यों पर भी होगा।

### महाराष्ट्रः मुंबई, रायगढ़ और ठाणे में रेड-ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों में चेतावनी जारी की है। मुंबई, ठाणे, पालघर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और भारी बारिश और तेज हवाओं की आशंका जताई है। रायगढ़ में 24 मई के लिए रेड अलर्ट है और बेहद भारी बारिश का अनुमान है।

**झारखंडः** 29 मई तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की आशंका है। यहां अधिकतम तापमान सामान्य से कम, 31-37 डिग्री सेल्सियस रहेगा। दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कई जिलों में 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका है।

#### अन्य राज्यों का हाल

- **कोंकण और गोवाः** 25 मई तक मौसम विभाग की ओर से बेहद भारी बारिश की आशंका जताई गई है।
- **कर्नाटक (तटीय व आंतरिक क्षेत्र):** 27 मई तक भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है।
- **मध्य महाराष्ट्रः** परसों भारी बारिश।
- **केरल और माहेः** 26 मई तक अत्यधिक भारी बारिश।
- **तमिलनाडु (घाट क्षेत्र):** 25-26 मई को मूसलाधार बारिश।
- **झारखंड, लक्षद्वीप, उत्तराखंड, मराठवाड़ाः** आगामी 2-3 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना।

### लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ानें प्रभावित

लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर गुरुवार को खराब मौसम के कारण विमान सेवाएं बाधित रहीं। एयर इंडिया की दो उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट्स एआई-2461 और एआई-2478 को रद्द किया गया। मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान निर्धारित समय से ढ़ाई घंटे देरी से चली। इसी तरह बेंगलुरु, पुणे, गोवा की उड़ानें भी प्रभावित हुईं।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडमान नो फ्लाइंग जोन मिसाइल परीक्षण संभव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ऊपर 23 और 24 मई को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके लिए एक नोटिस टू एयरमेन (नोटम) भी जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के ऊपर किसी भी विमान को उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी। ऐसा माना जा रहा है कि भारत एक बड़ा मिसाइल टेस्ट करने जा रहा है। यह टेस्ट 24 मई को सुबह 7 बजे से 10 बजे के बीच हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को उच्च ऊंचाई वाले एक हथियार का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और शनिवार को भी इसी तरह का एक परीक्षण किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत यहां ब्रम्होस मिसाइल टेस्ट का करेगा। गौरतलब है कि अंडमान और निकोबार में पहले भी कई बार मिसाइल टेस्ट हो चुके हैं। पिछली बार जनवरी 2025 में भारत ने यहां ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट किया गया था। इस बार भी ऐसा ही कुछ होगा।

### तुर्किश कंपनी की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की ओर से दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सेलेबी ने अपनी अर्ज़ी में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी द्वारा सुरक्षा मंजूरी का करार रद्द करने के फैसले को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। सेलेबी के वकील सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस मामले में एकतरफा कार्रवाई रूल 12 का पूर्ण उल्लंघन है। अगर आप हवाईअड्डे पर सुरक्षा से संबंधित नियम बनाते हैं, तो भी आप नियमों से बंधे होते हैं। सरकार यह नहीं कह सकती कि हमने नियम बनाया है, तो हम इसका उल्लंघन कर सकते हैं। बता दें कि इस कंपनी की उड़ानों को भारत में सीमित किया गया है, जिसे कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मुकुल रोहतगी कंपनी के वकील हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध बिना कारण बताए लगाया गया है।

### भ्रष्टाचार के मामले में आप विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमन अरोड़ा को भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने जालंधर से गिरफ्तार किया। बता दें कि अरोड़ा जालंधर सेंट्रल विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंजाब की भगवंत मान सरकार का भ्रष्टाचार के खिलाफ यह बड़ा एक्शन है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से सरकार को शिकायतें मिल रही थीं कि रमन अरोड़ा नगर निगम अधिकारियों से जालंधर में लोगों को झूठे नोटिस भिजवा रहे हैं। आरोप है कि जिन लोगों को अधिकारियों की मिलीभगत से झूठे नोटिस भिजवाए, उनसे अवैध वसूली की जाती थी। विधायक पैसे लेकर नगर निगम के भेजे नोटिस वापस कराते थे। कुछ दिन पहले ही पंजाब सरकार ने उनकी सुरक्षा भी वापस ले ली थी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई के बाद आप पंजाब ने एक्स पर सीएम भगवंत मान का एक वीडियो जारी किया है। सीएम मान ने साफ कहा कि हम भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। चाहे वो हमारा अपना हो या कोई बाहरी, सबके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भिंड में स्थापित होगा औद्योगिक केंद्र

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक कार्यक्रम में दिए अपने संबोधन में कहा है कि भिंड जिले के लहार में नया औद्योगिक केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही मछण्ड और असवार क्षेत्र को नगर परिषद बनाया जाएगा। सीएम शुक्रवार को भिंड जिले के लहार में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। दूसरी ओर किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान और कृषि हित में अनेक निर्णय लिए गए हैं। किसान को फसलों का उचित दाम मिले और फसल बर्बाद न हो, इसके लिए प्रदेश में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने शौर्य की गाथा लिखी है। भिंड के घर-घर से निकले जवान मां भारती की रक्षा में सीमाओं पर तैनात हैं। चंबल की धरती के सपूत लंबे समय से बॉर्डर पर दुश्मन का खात्मा करते आ रहे हैं। लहार का गौरवशाली अतीत महाभारत काल से भी जुड़ता है। ऐसा माना जाता है कि लहार में ही पांडवों के खिलाफ षड्यंत्र रचते हुए लाक्षागृह बनवाया गया था। अपने संबोधन में डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का 300वां जयंती वर्ष चल रहा है। प्रदेश सरकार ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जनहितैषी निर्णय लिए हैं। इनमें राहवीर योजना शामिल है। अब सड़क हादसों के घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश में गंभीर बीमारियों के पीड़ितों को एयर एम्बुलेंस का लाभ दिया जा रहा है।



**मुख्यमंत्री ने लहार में महिला स्व-सहायता समूह सम्मेलन को किया संबोधित**

# महिला को मैटरनिटी लीव देने से मना नहीं कर सकती कंपनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि मातृत्व अवकाश प्रत्येक महिला का अधिकार है। यह मातृत्व सुविधा नियमों का अभिन्न अंग और प्रजनन के अधिकार का हिस्सा है। कोई भी संस्थान मातृत्व अवकाश के अधिकार से किसी महिला को वंचित नहीं कर सकता। तमिलनाडु की एक महिला सरकारी कर्मचारी उमादेवी की अर्जी पर जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह आदेश पारित किया। महिला ने पुनर्विवाह के बाद बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन उसके महकमे के आला अधिकारियों ने उसे मातृत्व अवकाश से वंचित रखने का आदेश दिया, जिसके बाद महिला ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। याचिका के अनुसार, महिला को यह कहकर मैटरनिटी लीव नहीं दी गई थी कि उसके अपनी पहली शादी से पहले से ही दो बच्चे थे। तमिलनाडु राज्य में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों के लिए ही होगा। महिला ने कहा था कि पहली शादी से पैदा हुए बच्चों को लेकर भी उन्हें मैटरनिटी लीव का लाभ नहीं मिला था। उन्होंने दूसरी शादी के बाद ही सरकारी स्कूल में पढ़ाना शुरू किया था। बता दें कि मातृत्व अवकाश से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर 12 सप्ताह की छुट्टी को बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया था। सभी महिला कर्मचारियों को पहले और दूसरे बच्चे के लिए मैटरनिटी लीव दी जाती है। बच्चा गोद लेने वाली माताएं भी 12 सप्ताह के मातृत्व अवकाश की हकदार हैं। जब से अवकाश का समय बढ़ाया गया है, निजी कंपनियां ही नहीं, सरकारी विभाग भी मातृत्व अवकाश देने में आनाकानी करने लगे हैं।

# राजस्थानः भाजपा विधायक मीणा की सदस्यता रद्द

## एसडीएम को धमकाने के मामले में स्पीकर का फैसला

**जयपुर, जेएनएन।** भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा को कोर्ट द्वारा सजा के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया है। यह कार्रवाई करीब 20 साल पुराने एक मामले में उनकी दोषसिद्धि और इस महीने की शुरुआत में आत्मसमर्पण के बाद हुई है। बारां जिले की अंता सीट से विधायक रहे मीणा ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उन्हें आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता समाप्त करने का फैसला लिया। इस महीने की शुरुआत में, विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा था कि मीणा की अयोग्यता में देरी हो रही है। अब राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते। दरअसल, यह मामला साल 2005 का है। दांगीपुरा-राजगढ़ मोड़ पर उपसरपंच चुनाव के बाद दोबारा मतदान कराने की मांग हो रही थी। ग्रामीणों ने रास्ता रोक रखा था। शिकायत मिलते ही तत्कालीन एसडीएम रामनिवास मेहता समेत अन्य अधिकारी वहां पहुंचे। आरोप था कि इस दौरान कंवरलाल मीणा ने एसडीएम की कनपटी पर पिस्तौल तानी थी और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई है। इस मामले में विधायक को निचली अदालत ने सजा सुनाई थी। फिर हाईकोर्ट ने सजा को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कोई राहत नहीं दी।



### डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी एप्पल को धमकी, अभी भारत में बनते हैं आईफोन

# अमेरिका के अलावा किसी भी देश में बने आईफोन पर 25 प्रतिशत टैक्स

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल को धमकी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कंपनी आईफोन को अमेरिका के अलावा किसी और देश में बनाती है, तो उसे 25 प्रतिशत का आयात शुल्क देना होगा। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने एप्पल सीईओ टिम कुक से भारत में प्लांट्स बंद करने को कहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि मुझे उम्मीद है कि अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा। किसी और देश में वह आईफोन का निर्माण न करें। उन्होंने लिखा कि अगर एप्पल ऐसा नहीं करता है कि उसे अमेरिका को कम से कम 25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करना होगा। डोनाल्ड ट्रंप अगर ये फैसला लेते हैं तो अमेरिका में आईफोन की कीमतों में इजाफा देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एप्पल के मुनाफे पर भी इस फैसले का गहरा असर पड़ सकती है। एप्पल भी अब उन कंपनियों में शामिल हो गई, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर है।



### भारत में एप्पल ने किया निवेश

ट्रंप के विरोध के बावजूद एप्पल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,700 करोड़ रुपए का निवेश किया है। फॉक्सकॉन ने सिंगापुर यूनिट के जरिए बीते सप्ताह तमिलनाडु के युजहान टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में यह निवेश किया है। माना जा रहा है कि इसके बाद ट्रंप एप्पल से नाराज हैं।

### ट्रंप नहीं चाहते कि एप्पल के प्रोडक्ट भारत में बनें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं चाहते कि एप्पल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते भी उन्होंने टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रंप ने 15 मई को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी थी।



# मरही माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में हुआ गोपी गीत, महारास और रुक्मिणी विवाह का वर्णन



**कटनी।** आजाद चौक स्थित मरही माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। इस पवित्र कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक पंडित राम हर्ष महाराज जी द्वारा किया जा रहा हैए जिनकी मधुर वाणी और भक्ति भावपूर्ण प्रस्तुति श्रोताओं को आनंदित कर रही है। शुक्रवार की कथा में गोपी गीत, महा रास और रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का मनोहारी वर्णन हुआ जिसने सभी श्रोताओं को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

श्रीमद् भागवत पुराण हिंदू धर्म का एक अमूल्य ग्रंथ है जो भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके दैवीय प्रेम का वर्णन करता है। आज की कथा में पंडित राम हर्ष महाराज जी ने गोपी गीत की व्याख्या की, जिसमें गोपियों की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति और प्रेम को दर्शाया गया। गोपी गीत में गोपियों का विरह और श्रीकृष्ण के प्रति उनकी तीव्र प्रेम भावना को पंडित जी ने इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया कि श्रोता भाव विभोर हो गए। इसके बाद महा रास का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला की। यह रासलीला भक्ति और आत्मा का परमात्मा के साथ मिलन का प्रतीक है जिसे पंडित जी ने अत्यंत सरल और आध्यात्मिक ढंग से समझाया। कथा का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा रुक्मिणी विवाह का प्रसंग था। पंडित जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी जी के प्रेम और समर्पण को स्वीकार करते हुए उनका हरण कर विवाह किया। यह कथा प्रेम, विश्वास और धर्म के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। रुक्मिणी जी ने श्रीकृष्ण को पत्र लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं और भगवान ने उनके प्रेम का सम्मान करते हुए उन्हें अपने जीवन में स्थान दिया। इस प्रसंग ने श्रोताओं को यह सिखाया कि सच्चा प्रेम और विश्वास हर बाधा को पार कर सकता है।

मरही माता मंदिर का वातावरण आज भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण था। कथा के दौरान भजनों और कीर्तन में श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे समारोह और भी जीवंत हो गया। पंडित राम हर्ष महाराज जी ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण की इन लीलाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि भक्ति और प्रेम के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहित करता है।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित की गई निबंध लेखन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर विश्वविद्यालय कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी के मार्गदर्शन, कुलसचिव श्री यशवंत पटेल के संरक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम समन्वयक श्री अरुण चौरसिया , अधिष्ठाता छात्र कल्याण श्री आर एस सिसोदिया के निर्देशन में जे.सी. बॉस सभागार में लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के अवसर पर जीवन आधारित निबंध लेखन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वनस्पति विभाग अध्यक्ष डॉ. अमिता अरजरिया ने राजमाता अहिल्यादेवी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर की द्य विद्यार्थीयो के मध्य लोकमाता जीवन पर आधारित जीवनी का वीडियो प्रदर्शन हुआ एवं निबन्ध लेखन प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई द्य मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अमिता अर्जरिया ने अपने उद्बोधन में बताया लोकमाता अहिल्या बाई ने जन जन पर सामंजस्य की भावना का उदगार किया तथा समाज में सहिष्णुता की मिशाल कायम की तभी लोकमाता अहिल्या बाई आज भी प्रासंगिक है द्य राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय कार्यकम समन्वयक श्री अरुण कुमार चौरसिया ने कहा लोकमाता अहिल्या बाई ने अपने राज्य में लोकतंत्रात्मक व्यवस्था की नींव रखी तथा नारी सशक्तिकरण का अद्वितीय उदाहरण पेश किया।

# दुकान में आग लगाने को मना करने पर मार दी कुल्हाड़ी

**कटनी।** थाना रीठी जिला कटनी अंतर्गत ग्राम सेमरा नंबर 1 में 5 मई की रात्रि लगभग 2 बजे आरोपी तुलसीराम उर्फ बल्लू यादव पिता अनिल यादव द्वारा किसी की दुकान में आग लगाने को कहने पर भूमिया मोहल्ला निवासी शिवराम भूमिया द्वारा ऐसा करने से मना किया गया जिस पर तुलसीराम यादव द्वारा शिवराम भोमिया को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गई तथा सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। उक्त घटना में पीड़ित शिवराम भूमिया को चोट लगने से उपचार हेतु शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया जिसे शासकीय अस्पताल द्वारा अग्रिम उपचार हेतु पीड़ित को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान पीड़ित की सर पर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। घटना दिनांक से फरार आरोपी तुलसीराम यादव उर्फ बल्लू यादव पिता अनिल यादव निवासी ग्राम सिमरा नंबर 1 थाना रीठी को पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष कुमार डहरिया के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी थाना रीठी निरीक्षक राखी पांडे एवं टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)

Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)

Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553 Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र.690/(E.T.)/न.परि./2025 — गुढ़ दिनांक 22.05.2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_425543_1 दिनांक– 22.05.2025 | CONSTRUCTION OF FISH PARLOUR AT WARD NO.-13 NAGARPARISHAD GURH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 1–6 माह 2–397273.00 | 1–2000.00 2–3973.00 | 09.06.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http:www.//mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(के.एन. सिंह)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़
जिला–रीवा (म.प्र.)

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम:** सेस रिपेयर वर्क इन बिटवीन कबरई-ओहन सेक्शन अंडर एडीईएन/बांदा।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-ई-2025-78 | ₹ 23983218.00 | ₹ 269900.00 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 18 माह

**निविदा बंद होने की तिथि: 18.06.2025 at 15:00** hrs. • निविदा दिनांक **18.06.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**888/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद चाकघाट, जिला– रीवा (म.प्र.)

No./331/न.प./2025 — Chakghat, Date 15.05.2025

**निविदा**
**सेक्सन-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद चाकघाट द्वारा निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु आनलाइन निविदा एस.ओ.आर. दिनांक– 02.08.2021 के आधार पर दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद चाकघाट से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| S.N. | Tender ID | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_423581_1 | वार्ड क्रमांक 08 में 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य | 2363927.00 LACK | 17730.00 | 5000.00 |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 15.05.2025 दोपहर 12.30 बजे से दिनांक 16.06.2025 सायं 05:30 तक वेबसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

(विभव कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर परिषद चाकघाट
जिला–रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चाकघाट
जिला–रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 03/2025–26**

क्रमांक 425/ग्रा.यां.से./2025 — रीवा, दिनांक 21/05/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:–

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतना | 2025_RES_425354 | माध्यमिक स्कूल निर्माण बमुरहा | 01 | 21.04 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | संभाग क्र. 01 रीवा | 2025_RES_425355 | बसामन मामा के पास टमस नदी में एनीकट (चेक डैम) निर्माण कार्य। | 01 | 328.69 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | संभाग क्र. 01 रीवा | 2025_RES_425356 | हिनौती गौधाम में बेसहारा गायों के सरंक्षण, भरण–पोषण एवं संवर्धन गाय शेड (कुल निर्माण कार्य 02 युनिट। | 02 | 254.66 | 11.04.2022 प्रथम |
| | | | कुल योग :– | | 604.39 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 23.05.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 06.06.2025 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

G- 13275/25

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

# राज्य अधिवक्ता परिषद् के उपाध्यक्ष श्री सैनी का हुआ कटनी आगमन



## अधिवक्ताओं की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, शीघ्र होगा निराकरण

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं कटनी मंडला जिला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता आर.के.सिंह सैनी एवं उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता गणों का कटनी नगर आगमन हुआ। जिसमें एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति ने कटनी जिले के अधिवक्ताओं की समस्याओं को जैसे की अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ताओं के लिए कक्ष रूम का निर्माण ऐसे अन्य तमाम समस्याएं के निराकरण हेतु सैनी जी को कटनी आने का आमंत्रण दिया गया व समस्या सुलझाने का निवेदन किया गया था।

जिसको श्री सैनी ने स्वीकार कर कटनी नगर आगमन हुआ। जिस पर नव अधिवक्ता गण एडवोकेट अक्षय बजाज एवं एडवोकेट राजेश सिंह अपने लगभग 30 से 35 अधिवक्ता साथियों के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी परिसर के बाहर फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सैनी ने अपने साथियों के साथ न्यायालय परिसर में एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति कटनी से मुलाकात की। इसके उपरांत कटनी जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता संतु परोहा जिला उपाध्यक्ष कटनी बार एसोसिएशन, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता डी बुसे, वरिष्ठ अधिवक्ता ललित त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता डी.पी.परोहा, वरिष्ठ अधिवक्ता सनत शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश यादव, रामजी यादव, अक्षय बजाज, संदीप दुबे, विपिन चक्रववर्ती व अन्य तमाम अधिवक्ता गणों ने फूल माला पहनकर श्री सैनी का स्वागत किया। तत्पश्चात द्वारा एडवोकेट श्रीमती अंजुला सरावगी बजाज एवं अन्य तमाम अधिवक्ता गणों द्वारा अपनी समस्याओं को श्री सैनी के सामने रखा एवं उनके समाधान की बात की गई तब श्री सैनी ने कहा कि आपके द्वारा भेजी गई लिखित रूप से अधिवक्ताओं के हित के लिए जन समस्याओं के समाधान पर हमने परिषद के अन्य पदाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था जिसमें उन्होंने शीघ्र इसके समाधान के लिए हम लोगों को आश्वासन भी दिया है। इसके उपरांत श्री सैनी ने कटनी जिले के वरिष्ठ एवं नव अधिवक्ता गणों के साथ जिला न्यायालय कटनी में माननीय न्यायाधीशों के कक्षों में जाकर उनसे मुलाकात कर माननीय न्यायाधीशगणों से निवेदन किया कि आप सभी माननीय गण हमारे अधिवक्ता साथियों की समस्याओं का शीघ्र निवारण करने की कृपा किया करें।

## कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय

काम्पलेक्स (बी) ब्लाक गौतम नगर, भोपाल

**निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने की योजना वर्ष 2025-26 हेतु विज्ञापन**

क्रमांक/तक./निजी क.हा.के./2025-26/ 1158 (संक्षिप्त) — भोपाल, दिनांक 22/05/2025

**निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने हेतु आवेदनों के आमंत्रण की सूचना (वर्ष 2025-26)**

कृषकों को कृषि फसलों हेतु किराये पर ट्रैक्टर एवं यंत्र उपलब्ध कराकर सेवाऐं देने के उद्देश्य से बैंक ऋण आधार पर कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से ''ऑन-लाईन'' आवेदन पत्र संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल www.chc.mpdage.org के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। ये कस्टम हायरिंग केन्द्र प्रदेश के सभी जिलों में खोले जाना हैं। प्रत्येक कस्टम हायरिंग केन्द्र हेतु आवश्यक ट्रेक्टर एवं कृषि यंत्रों के क्रय की लागत पर **आवेदकों (सामान्य,अ.जा.,अ.ज.जा. तथा एफपीओ) को 40 प्रतिशत अधिकतम रू. 10 लाख तक** का ''क्रेडिट लिंक्ड बैक एण्डेड (Credit Linked Back Ended)'' अनुदान दिया जायेगा। **अनुदान की गणना सब मिशन आन एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 05 मई 2025** में उल्लेखित प्रत्येक यंत्र हेतु दिये गये प्रावधान अनुसार अधिकतम सीमा तक की जावेगी। इसके साथ ही हितग्राही भारत सरकार के ''एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड'' (ए.आई.एफ.) अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के भी पात्र होंगे। प्रदेश में **कुल 1000** कस्टम हायरिंग केन्द्रों (सामान्य के **कुल-599**, अनुसूचित जन जाति के **कुल-189**, अनुसूचित जाति के **कुल-157** तथा एफपीओ के **कुल-55**) लक्ष्यों का जिलेवार विवरण आमंत्रण की सूचना (विस्तृत) के परिशिष्ट-1 पर संलग्न है।) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। जिले अनुसार लक्ष्यों को कम करने अथवा बढ़ाने के अधिकार संचालक कृषि अभियांत्रिकी को होंगें। योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन इसी वित्तीय वर्ष अर्थात् वर्ष 2025-26 हेतु ही वैध रहेंगें। प्रत्येक आवेदक को आवेदन हेतु धरोहर राशि रू. 10000/- बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करायी जानी होगी। ऑनलाईन आवेदन के साथ धरोहर राशि के बैंक ड्राफ्ट की स्केन प्रति अपलोड की जाना होगी। बैंकड्राफ्ट की मूल प्रति अभिलेखों के सत्यापन के समय संबंधित कार्यालय में जमा करायी जानी अनिवार्य होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदन करने की अवधि | - | दिनांक 26 मई से 12 जून 2025 तक प्रस्तुत किये जा सकेंगें। |
| 2. | कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी पद्धति से जिलेवार प्राथमिकता सूचियों का निर्धारण | - | दिनांक 13 जून 2025 को दोपहर 12.00 बजे संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल में कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी की जायेगी। (लॉटरी से जिलेवार निर्धारित की गई प्राथमिकता सूचियां संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल www.chc.mpdage.org पर 13 जून 2025 को सांय 5.00 बजे से देखी जा सकेंगी।) |
| 3. | जिलेवार आवेदकों के अभिलेखों का सत्यापन एवं बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अवधि | - | दिनांक 16-17 जून 2025 तक प्रातः 10:30 से सायं 5:30 तक |

योजना के अंतर्गत उपयुक्त पाये गये आवेदकों की धरोहर राशि केन्द्र स्थापना के उपरांत लौटाई जा सकेगी, किंतु यदि आवेदक केन्द्र स्थापित करने में असफल रहता है तो धरोहर राशि शासन द्वारा राजसात कर ली जायेगी। प्रत्येक जिले हेतु हितग्राहियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी पद्धति से किया जावेगा। एक व्यक्ति केवल एक जिले/ग्राम हेतु ही आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। **एक से अधिक जिलों/ग्रामों हेतु आवेदन प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में उसके सभी आवेदन निरस्त कर दिये** जावेंगे। कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी द्वारा चयनित आवेदकों के मूल अभिलेखों का सत्यापन उनके आवेदित जिले से संबंधित संभागीय कृषि यंत्री/कार्यपालन यंत्री कार्यालयों में किया जायेगा। विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट (www.chc.mpdage.org) पर देखा जा सकता है।

G- 13271/25

संचालक कृषि अभियांत्रिकी
मध्यप्रदेश भोपाल

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यॉत्रिकी सेवा, संभाग-अनूपपुर

क्र०/ 849 /कोटेशन/ग्रायांसेवा/2025 — अनूपपुर, दिनांक 16/05/2025

**समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु**
**संक्षिप्त कोटेशन आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण यॉत्रिकी सेवा, संभाग-अनूपपुर के अंतर्गत, उपसंभागीय कार्यालय-राजेन्द्रग्राम, जिला-अनूपपुर क्षेत्रान्तर्गत विभागीय तौर पर सम्पादित कराये जाने वाले निर्माण कार्य में लगने वाली निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाकर प्रदाय हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 26.05.2025 समय 10:30 प्रात: से समय शायं 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में कोटेशन प्रस्तुत करें एवं प्राप्त कोटेशन को दिनांक 27.05.2025 समय प्रात: 11:00 बजे खोले जावेंगे।

| क्र० | कार्य का नाम | जनपद पंचायत/ ग्राम पंचायत | कोटेशन क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 01 | सामुदायिक शौचालय निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजेन्द्रग्राम, जिला अनूपपुर (म.प्र.) | पुष्पराजगढ़/ किरगी | 01/ 2025-26 |

**कोटेशन की शर्ते**

1. सामग्री से संबंधित समस्त करों का भुगतान सामग्री प्रदायकर्ता द्वारा किया जावेगा।
2. सामग्री की मात्रा की जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
3. सामग्री मानक गुणवत्ता के अनुसार ही स्वीकार योग्य होगी।
4. कोटेशन को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।
5. सामग्री प्रदाय का आदेश जारी होने के बाद 07 दिवस के अंदर सामग्री कार्य स्थल पर प्रदाय किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा प्रदाय आदेश स्वत: निरस्त माना जावेगा।
6. कोटेशन में दर्शायी गई सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है।
7. सामग्री प्रदाय हेतु कोई अग्रिम राशि का भुगतान नहीं कया जावेगा।
8. सामग्री दिये गये स्वीकृत नमूने के अनुसार ही हो, अन्यथा देयक भुगतान की जिम्मेंदारी कार्यालय की नहीं होगी।
9. देयक प्रस्तुत करते समय निर्माण सामग्री की टेस्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. कोटेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
11. स्थल के अनुसार सामग्री की मात्रा कम अथवा ज्यादा हो सकती है।
12. निर्माण अवधि में बाजार मूल्य के बदलाव की स्थिति में आपके द्वारा प्रस्तुत दर पर ही सामग्री उपलब्ध कराना होगा।
13. उपरोक्त सामग्रियों के विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्राप्त करें।

G- 13252

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यॉत्रिकी सेवा
संभाग-अनूपपुर (म०प्र०)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## शीघ्र आवश्यकता है

रीवा शहर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक (cook) की आवश्यकता है एवं नवजात बच्चे की देखभाल के लिए नर्स/आया चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है।
सीघ्र संपर्क करें : मो. 9425735577, 8770082649

RN.82510 (25/5)

# कैमोर पुलिस ने दो लोगों से किया गांजा जब्त

**कटनी।** थाना कैमोर पुलिस के द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान यात्री प्रतीक्षालय पनिहाई तिराहा डमफर रोड के पास एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अशोक पटेल पिता मोहनलाल पटेल उम्र 43 साल निवासी लालनगर दुर्गा मंदिर के पास थाना कैमोर जिला कटनी का होना बताया। जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास से प्लास्टिक की पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 612 ग्राम रखे हुये मिला। अवैध मादक पदार्थ गांजा की जप्ती की जाकर थाना कैमोर मे मामला पंजीबद्ध कर आरोपी अशोक पटेल को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया।

## आम सूचना

हर आम एवं खास को सूचना दी जाती है कि ग्राम करहिया नं. 1 तहसील हुजूर, जिला रीवा स्थित आराजी खसरा क्रमांक 806/376/1, 806/376/2, 806/376/3, 806/376/4, एवं 806/376/5 रकवा 0.76 एकड़ / 0.308 हे. है। उक्त जमीन श्री भगवानदीन सिंह, राजमणि सिंह, भैयालाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, छोटेलाल सिंह, रामनरेश सिंह, रविनन्दन सिंह (गंगा सिंह) वगैरह की पुस्तैनी है। एवं वर्तमान में काविज भी है। लेकिन राजस्व विभाग की त्रुटि के कारण उक्त खसरे में भूस्वामी श्री रामविस्वास पिता रामकुमार कुम्हार, श्री रामलषन सिंह, श्री निवास सिंह, चन्द्रपाल सिंह व कृष्णपाल पिता श्री रामसुन्दर सिंह के नाम दर्ज है। ये जमीन विवादित होने के कारण सिविल न्यायालय रीवा में व्यवहार वाद क्र. 14ए/2016 से विचाराधीन है। अत: जरिये इस सूचना के हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि जबतक उक्त व्यवहारवाद का निराकरण सक्षम न्यायालय द्वारा नहीं हो जाता तबतक कोई भी व्यक्ति उक्त व्यक्तियों से किसी प्रकार का सव्यवहार विक्रय, दान पत्र, गहन, एग्रीमेन्ट न करें। यदि कोई व्यक्ति दावा लम्बन के दौरान उक्त भूमियों से संबंधित लेनदेन करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी होगी व ऐसा सव्यवहार किसी भी रूप में सूचना कर्तागण पर बन्धनकारी नहीं होगा।

दिनांक :23.05.2025

भवदीय/निवेदक
भगवानदीन सिंह पिता श्री जागेस्वर सिंह वगैरह,
ग्राम करहिय नं.1 तह. हुजूर
जिला–रीवा (म.प्र.)

RN-82257

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सिंगरौली (म०प्र०)

पता–विजय बंधुपेट्रोलपम्प के पास, Email-eephedsin@gmail.com Phone :- 07805-299483

नि.आ.सू.क्रं 21 से 30/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा0या0/खण्ड/सिंगरौली/2025 — दिनांक 21/05/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यो हेत निविदा का आन लाईन वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आन लाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.06.2025 सायं 17:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 03.06.2025 साय 17:30 बजे है । निविदा मे संशोधन की स्थिति मे वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईटपर देखी जा सकती है।

**Name of Work :-** "Drilling of 10 Nos. Tubewell 125/115 Dia 90 m deep DTH Tubewells various Villages in Block -Waidhan of District Singrauli (M.P.)

| S.No | NIT No. | Tender ID | Name of Village/Block | PAC (Rs. In Lakhs) | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | No. of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/2025-26 | 2025_PHED_424457_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 2 | 22/2025-26 | 2025_PHED_424458_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 3 | 23/2025-26 | 2025_PHED_424459_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 4 | 24/2025-26 | 2025_PHED_424460_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 5 | 25/2025-26 | 2025_PHED_424461_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 6 | 26/2025-26 | 2025_PHED_424462_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 7 | 27/2025-26 | 2025_PHED_424463_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 8 | 28/2025-26 | 2025_PHED_424464_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 9 | 29/2025-26 | 2025_PHED_424465_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |
| 10 | 30/2025-26 | 2025_PHED_424466_1 | Waidhan | 7.30 | 14600.00 | 2000.00 | 1st |

G- 13291/25

कार्यपालन यंत्री
लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिंगरौली (म.प्र.)

## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं. 07662-241655 — ई-मेल - deanmcrewa@rediffmail.com — वेबसाईट- https://www.ssmcrewa.ac.in

क्रमांक. 14799 ./स्था/अराज/एमसी/2025 — रीवा, दिनांक. 20/05/2025

**//सूचना//**

कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल (म.प्र.) द्वारा **"समूह–5 के अंतर्गत नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024"** के अधीन श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) एवं संबद्ध चिकित्सालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के अनुक्रम में मण्डल द्वारा दिनांक 29.04.2025 को जारी परीक्षा परिणाम के आधार पर मेरिट सूची में रहे अभ्यर्थियों (संलग्न) को निर्देशित किया जाता है कि नीचे दी गई तालिका में दर्शित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक–एक नग स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ निम्नलिखित तिथि एवं समय को चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के सभाकक्ष (भू–तल) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें:–

| स.क्र. | पदनाम | तिथि एवं समय | आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन/ रेडियोग्राफर | 27.05.2025 प्रातः 10:30 बजे | 1. ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति। 2. परीक्षा हॉल में सत्यापित प्रवेश पत्र की मूल प्रति। 3. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची। 4. हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) की अंकसूची। 5. संबंधित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के समस्त वर्षो/सेमेस्टर्स की अंकसूचियां। 6. संबंधित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम का डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट। 7. मध्यप्रदेश सह–चिकित्सकीय परिषद्/ए.ई.आर.बी. का जीवित पंजीयन। 8. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र। (म.प्र./अन्य राज्य) 9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. राज्य का स्थायी जाति/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र। 10. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. राज्य का वैद्य आय प्रमाण पत्र। (केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु) 11. शासकीय/स्वशासी/अर्द्धशासकीय/निगम/मंडल इत्यादि संस्थाओं में कार्यरत् होने की दशा में नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण प्रत्र। (यदि लागू हो तो) 12. संविदा आरक्षण के पदों पर मेरिट सूची में रहे अभ्यर्थियों के संविदा नियुक्ति आदेश एवं अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति तथा रू. 100/– के नॉन–ज्यूडिशल स्टाम्प पर इस आशय का प्रमाण पत्र कि उनके द्वारा पूर्व में किसी अन्य शासकीय/स्वशासी/अर्द्धशासकीय/निगम/मंडल इत्यादि संस्थाओं में संविदा आरक्षण का लाभ लेकर नियुक्ति नहीं ली गई है। 13. म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन। 14. पहचान प्रमाण पत्र– पासपोर्ट/आधार कार्ड/पेन कार्ड/वोटर आई.डी./ड्राइविंग लाइसेंस। (कोई 02) 15. 02 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, जो आवेदन पत्र में लगाई गई हों। 16. अभ्यर्थी के अविवाहित होने अथवा विवाहित होने की स्थिति में दिनांक 26.01.2001 के बाद दो से अधिक जीवित संतान नहीं होने संबंधी रू. 100/– के स्टाम्प में नोटराईज्ड घोषणा पत्र। |
| 2. | डार्करूम असिस्टेंट | | |
| 3. | लैब असिस्टेंट | | |
| 4. | प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक टेक्नीशियन | | |
| 5. | रेडियोथेरेपी टेक्नीशियन | | |
| 6. | आप्टोमेट्रिस्ट | | |
| 7. | कैथ लैब टेक्नीशियन | | |
| 8. | निश्चेतना टेक्नीशियन | 28.05.2025 प्रातः 10:30 बजे | |
| 9. | ओ.टी. टेक्नीशियन | | |
| 10. | डायलिसिस टेक्नीशियन | | |

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

G- 13255/25

(डॉ. सुनील अग्रवाल)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

# हिरन नदी के चिन्हित अतिक्रमणों को हटाना बड़ी चुनौती

**जागरण अतिक्रमण**

## सीमांकन के बाद चिन्हित अतिक्रमणों को हटने का हो रहा इंतजार

### भारी अतिक्रमण से नदी से नाला बन चुकी है हिरन नदी




जागरण, सीधी

शहर की प्रमुख हिरन नदी के सीमांकन के बाद चिन्हित अतिक्रमण हटने का इंतजार किया जा रहा है। नदी से नाला बनी हिरन नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराने एक वर्ष के प्रयास के बाद हुये सीमांकन में चिन्हित अतिक्रमण कारियों को हटाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती मानी जा रही है। बताते चलें कि शहरवासियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद कलेक्टर एवं एसडीएम गोपद बनास के निर्देशानुसार तहसीलदार के आदेश पर हिरन नदी के सीमांकन की कार्यवाही हो चुकी है। सीमांकन में कोतरकला एवं कोटहा क्षेत्र की नदी के लिये अलग.अलग राजस्व टीम गठित की गयी थी। कोतरकला में 21 अतिक्रमणकारी चिन्हित किये गये हैं वहीं कोटहा क्षेत्र में दर्जन भर अतिक्रमणकारी चिन्हित किये गये। दोनो टीमों के राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमांकन एवं चिन्हित अतिक्रमणों का प्रतिवेदन तहसीलदार गोपदबनास को सौंपा जा चुका है। अब लोगों को बेसब्री से इंतजार है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा चिन्हित किये गये अतिक्रमणों की बेदखली की कार्यवाही जल्द से जल्द शुरू की जाय। चर्चा के दौरान कुछ नागरिकों का कहना था कि यदि चिन्हित किये अतिक्रमणों को जल्द हटाने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की गयी तो बाद में इनके हटने में काफी पेंच फंस सकता है। चिन्हित किये गये अतिक्रमणकारियों द्वारा बेदखली की कार्यवाही से बचने के लिये तरह-तरह के हथकंडे अपनाने भी शुरू कर दिये गये हैं। यदि समय पर अतिक्रमणों के बेदखली की कार्यवाही पूरी हो जाती है तो जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हिरन नदी के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी शुरू हो जाता। मानसून की सक्रियता 15 जून से शुरू हो जाती है। ऐसे में बेदखली की कार्यवाही तो समय रहते पूर्ण कराना काफी आवश्यक है। अतिक्रमणकारियों का प्रयास है कि तहसील कार्यालय से उनके बेदखली को लेकर कार्यवाही फिलहाल न हो जिससे मामला ठंडे बस्ते में कैद हो जाय। उधर जानकारों का कहना है कि शहर के हिरन नदी में चिन्हित किये गये अतिक्रमणों के बेदखली की कार्यवाही यदि प्रशासन द्वारा जल्द शुरू नहीं की गयी तो इसमें काफी पेंच आ सकता है। जानकारों का कहना है कि प्रशासनिक चूक से कहीं बेदखली की कार्यवाही कोर्ट के स्टे में न उलझ जाय। इस वजह से तत्कालीन कलेक्टर अभिषेक सिंह की सूखा नदी के तट से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की तर्ज पर हिरन नदी के अतिक्रमणों को भी हटाना चाहिये। प्रशासनिक अधिकारी यदि तत्परता दिखायेंगे तो चिन्हित किये गये अतिक्रमण एक ही दिन में बेदखल हो सकते हैं।

### जल्द शुरू हो जायेगी मानसून की बहानेबाजी

हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधितों में दृढ़ इच्छा शक्ति की दरकार है। अतिक्रमणों को हटाने के लिये प्रशासनिक अधिकारियों को दृढ़ इच्छा शक्ति रखना काफी आवश्यक है। यदि दृढ़ इच्छा शक्ति का अभाव तात्कालिक रूप से होगा तो निश्चित ही चिन्हित किये गये अतिक्रमणों पर कार्यवाही ठंडे बस्ते में कैद हो जायेगी। मानसून की बहानेबाजी शुरू हो जायेगी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर नये-नये हथकंडे अपनाना शुरू हो जायेंगे। सीधी शहरवासी हिरन नदी को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिये पूरी तरह से लामबंद नजर आ रहे हैं।

### जल गंगा संवर्धन योजना से हिरन नदी में होगा काम

हिरन नदी के उद्गम स्थल समीपी ग्राम पंचायत खैरही अंतर्गत झोरा पहरी में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं गामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा अभी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य का शुभारंभ किया गया। उम्मीद है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से हिरन नदी के पुराने अस्तित्व को पुर्नजीवित करने में मदद मिलेगी। उधर जानकारों का कहना है कि हिरन नदी अपने वास्तविक पुराने स्वरूप में तभी लौट सकती है जब जिला प्रशासन अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करे।

> हिरन नदी में सीमांकन की कार्यवाही काफी हद तक हो चुकी है। चिन्हित किये गये अतिक्रमणों को अब विधि अनुसार बेदखली की कार्यवाही के लिये तहसीलदार एवं नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित करता हूं।
> **नीलेश शर्मा, एसडीएम गोपदबनास**

# विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा दिनांक 23 मई 2025 को ग्राम पंचायत पनवार चौहान टोला जिला सीधी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित वृद्धजनों एवं महिलाओं हेतु वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007, गृह हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 तथा भारतीय दंड संहिता के तहत सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, यह भी समझाया गया कि कैसे व्यक्ति कोर्ट के माध्यम से अपने भरण-पोषण का दावा कर सकता है और किसी प्रकार के उत्पीड़न या खतरे की स्थिति में किस प्रकार की सुरक्षा प्राप्त कर सकता है। आपके द्वारा कहा गया कि प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक अधिकार है कि वह सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन जिए जब व्यक्ति स्वयं सक्षम न हो तो वह समाज एवं राज्य का दायित्व है कि उसे भरण-पोषण एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। न्यायपालिका इस दिशा में जन-जागरूकता को एक महत्वपूर्ण कदम मानती है। उपस्थित ग्रामीण वासियों को नालसा द्वारा आयोजित योजनाओं के पम्पलेटों का वितरण किया गया है। उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, ग्राम पंचायत पनवार चौहान टोला के पदाधिकारीगण एवं पूर्व सरपंच वीरेन्द्र सिंह चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# शिक्षकों, कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों के भुगतान के निर्देश

**जागरण, सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी सीधी ने समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त संकुल प्राचार्य हाई एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि समस्त संकुल प्राचार्य उनके संकुल अंतर्गत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लंबित स्वत्वों का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि आपके संकुल केन्द्र के अंतर्गत किसी भी लोकसेवक का कोई भी स्वत्व भुगतान किया जाना शेष नहीं है। इसके बाद भी यदि शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित संकुल प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी न करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव अविलंब भेज दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि संकुल अंतर्गत कर्मचारियों के डीए एरियर,वेतन वृद्धि एरियर, वेतन निर्धारण एरियर, वेतन एरियर का भुगतान न होने के कारण कर्मचारीगण आये दिन जनसुनवाई एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करते रहते है जबकि इन स्वत्व का भुगतान संकुल स्तर से किया जाता है। कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के लिये उनके स्वत्वों का भुगतान समय-सीमा में न करते हुये विलंब के कारण शिकायत की स्थिति निर्मित होती है। ऐसी स्थिति में कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाते हैं।

# पुलिस ने 23 दिनों में 29 किशोरियों को किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी में सीधी पुलिस ने 2 नाबालिक किशोरियों को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। अभियान के 23 दिनों में 29 नाबालिक किशोरियों को सीधी पुलिस द्वारा ढूंढ़कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला सीधी पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई संपन्न हुई। थाना रामपुर नैकिन एवं थाना अमिलिया की संयुक्त कार्रवाई के तहत दो गुमशुदा नाबालिग किशोरियों को दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। चौकी पिपरांव पुलिस ने एक किशोरी को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले से सफलतापूर्वक दस्तयाब किया। वहीं थाना अमिलिया पुलिस ने दूसरी नाबालिग बालिका को सीधी जिले के ग्राम डैनिहा से खोजकर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक सुनील पाठक, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह एवं महिला आरक्षक स्वाति कुशवाहा तथा चौकी पिपरांव से उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक ओपी गौतम एवं आरक्षक जीतेंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# यश प्रताप सिंह का सैनिक विद्यालय में हुआ चयन



**जागरण, सीधी।** शिक्षा के क्षेत्र में मझौली ब्लॉक के ग्राम कंजवार स्थित माध्यमिक शाला ने एक गर्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 के छात्र यश प्रताप सिंह ने सैनिक विद्यालय में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, अपितु समूचे विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यश प्रताप सिंह जो कि शैलेंद्र प्रताप सिंह के सुपुत्र हैं, ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सैनिक विद्यालयों में चयन की प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धी होती है, जिसमें मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक दक्षता की गहन परीक्षा ली जाती है। ऐसे में यश की यह उपलब्धि अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने इस गौरवपूर्ण क्षण पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि श्माध्यमिक शाला कंजवार एक दिन शैक्षिक उपलब्धियों का नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। यह तो केवल शुरुआत है। भविष्य में हमारे विद्यार्थी और भी ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे। प्रधानाध्यापक ने यश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित कीं। साथ ही समस्त छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे भी लगन व आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। यह उपलब्धि न केवल यश के लिए, बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है।

# 15 दिवस में समस्या का निराकरण सुनिश्चित करें: डीईओ

**जागरण, सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रायः देखने में आया है कि कर्मचारीगण किसी भी कार्य को कराने के लिये सीधे सीएम हेल्पलाईन में शिकायत कर देते है जबकि जो भी स्वत्व उनका शेष हो उसके लिये प्रथमतः संकुल प्राचार्य यदि संकुल प्राचार्य से कार्य पूर्ण नहीं होता तो विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वहां भी पूर्ण न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करे। संकुल प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी यह ध्यान रखे की यदि संकुल स्तर का कार्य है तो एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना होगा। विकासखण्ड स्तर का है तो 15 दिवस के भीतर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकरण को संज्ञान लेते हुये उसे निराकृत कराना सुनिश्चित करें। यदि प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्राप्त होता है तो संबंधित कक्ष प्रभारी एक सप्ताह के भीतर प्रकरण को निराकृत कर फाईल नस्तीबद्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ लोकसेवको को इस संबंध में अवगत करायें तथा यदि ऐसे प्रकरण लंबित है तो तत्काल उसे निराकृत करे। यदि उनके स्तर का नहीं है तो विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय को प्रस्तुत करें जिससे कर्मचारी को शिकायत करने का अवसर प्राप्त न हो। यदि संकुल स्तर एवं विकासखण्ड स्तर तथा जिला शिक्षा अधिकारी स्तर से निराकृत नहीं होता है तो समस्त लोक सेवको के लिये एम शिक्षा मित्र एप में परिवेदना निवारण प्रबंधन प्रणाली में शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्राप्त है उसमें अपनी शिकायत दर्ज करायें न कि सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करे। इस पत्र के बाद भी यदि कोई लोकसेवक नियम विरूद्ध शिकायत करता है तथा संकुल प्राचार्य एवं विकासखण्ड स्तर में प्रकरण लंबित है।

# गिग-प्लेटफार्म वर्कर्स के पंजीयन के लिए अभियान 30 तक

**जागरण, सीधी।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार, श्रम मंत्रालय द्वारा गिग व प्लेटफार्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु पुनः दिनांक 21 मई से 30 मई 2025 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। श्रम आयुक्त द्वारा पंजीयन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिनांक 21 मई 2025 से दिनांक 30 मई 2025 तक जिले में पंजीयन शिविरों का आयोजन कर गिग प्लेटफार्म वर्कर्स के मध्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से शिविरों में लाकर उनका पंजीयन किये जाने के निर्देश दिए गये हैं। जिले में दिनांक 21 मई 2025 से दिनांक 30 मई 2025 की अवधि में विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर गिग-प्लेटफार्म वर्कर्स और उनके नियोजकों/एग्रीगेटर्स के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए पंजीयन हेतु प्रेरित किया जाना है।



डीलरशिप हेतु संपर्क करें:- 9893738026,

# मातृ शक्तियों द्वारा निकाली गई शौर्य सम्मान यात्रा

## सेना के सम्मान में मातृ-शक्तियों द्वारा हुआ आयोजन




जागरण, सीधी

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सीधी जिले में मातृ-शक्तियों द्वारा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में मातृ-शक्तिया शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कई वक्ताओं द्वारा सेना के शौर्य एवं पराक्रम का वर्णन अपने उदबोधन में किया गया। साथ ही राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी एकल गीत प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात भारत माता की जय, भारतीय सेना अमर रहे, सेना हमारी गौरव, सेवा के सम्मान में नारी शक्ति मैदान में, शक्ति के माध्यम से शांति भारत नहीं चाहता अशांति, इत्यादि जैसे ओजस्वी नारों के साथ स्थानीय पूजा पार्क से यात्रा प्रारंभ होकर अस्पताल चौक, सम्राट चौक, कोतवाली रोड से होते हुए गांधी चौक से पूजा पार्क में समाप्त हुई। इस अवसर पर शौर्य सम्मान यात्रा का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। यात्रा के वापसी के साथ मां भारती की आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृ शक्तियों ने क्रमशः मां भारती की आरती में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वर्षा गौतम, शशि गौतम एवं शिवदत्त उर्मलिया ने अपने-अपने उद्बोधन दिए। मंच संचालन श्रीमती पूनम तिवारी ने किया। अंत में कार्यक्रम का आभार श्रीमती मीनू केशरवानी ने किया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर भारत माता की आरती श्रीमती सुनीता रानी वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में मातृ शक्तियों के साथ-साथ, भारतीय सेना के पूर्व सैनिक, वर्तमान सैनिक परिवार, प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन शौर्य सम्मान आयोजन समिति जिला सीधी द्वारा किया गया।

# सिलवार के लाल ने बढ़ाया मान, सैनिक स्कूल में चयन



**जागरण, सीधी।** शिक्षा के क्षेत्र में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। लीला इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मड़वास के छात्र अभिनव सिंह कक्षा 8वीं ने भारतवर्ष की प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल रीवा में चयनित होकर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है। रामपुर नैकिन के गांव मगरोहर से सिर्फ लीला इंटरनेशनल स्कूल मड़वास में पढ़ने के लिए नानी के यहां सिलवार शिफ्ट हुए और क्लास पहली से लीला स्कूल मड़वास में एडमिशन कराया। उनके पापा को पता था कि लीला स्कूल में जरूर सफलता मिलेगी और बच्चे ने आज कर दिखाया। अभिनव ने कठिन परिश्रम, अनुशासित जीवनशैली और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ यह सफलता अर्जित की है। उसका चयन यह प्रमाणित करता है कि समर्पण और सही दिशा-निर्देश मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। अभिनव अब आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। अभिनव के पिता हीरालाल सिंह की जो एक साधारण कृषक हैं, ने भावविभोर होकर कहा हमने हमेशा यह सपना देखा था कि हमारा बेटा देश की सेवा करे। आज वह सपना साकार हुआ है। यह केवल हमारे लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव के लिए गौरव की बात है। विद्यालय में इस उपलब्धि पर उत्सव का माहौल है। छात्रों व शिक्षकों ने मिठाइयां बांटकर अपनी प्रसन्नता प्रकट की। इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा गांव या शहर नही देखती, देखती है तो केवल सही अवसर और मार्गदर्शन जो कि अभिनव को लीला इंटरनेशनल स्कूल मड़वास में प्राप्त हुआ। अभिनव ने इस सफलता का श्रेय अपनी विद्यालय लीला इंटरनेशनल स्कूल मड़वास प्रबंधन, माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। अभिनव की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत विजय है, बल्कि यह संपूर्ण विद्यालय परिवार व संपूर्ण अंचल के लिए आशा और प्रेरणा की किरण है।

# जनजातियां वनों की सबसे बड़ी पोषक और संरक्षक हैं: जामोद




**जागरण, सीधी।** वनाधिकार अधिनियम की रीवा और शहडोल संभाग की संयुक्त कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट होटल रीवा के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन वनाधिकार समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को सामुदायिक दावों के निपटारे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने पीढ़ियों से वन भूमि में खेती करने वाले तथा रहने वाले जनजातीय परिवारों एवं अन्य परिवारों के अधिकारों को मान्यता दी है। इसने वर्षों से वनों के साथ सह अस्तित्व में वनवासी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया है। जनजातीय परिवार परंपरागत रूप से वनों के पोषक और संरक्षक हैं। उनकी आजीविका मुख्य रूप से वनों पर ही निर्भर रही है। उनके रीति रिवाज, परंपराएं और धार्मिक अनुष्ठानों में भी वन अनिवार्य रूप से शामिल रहा है। वनाधिकार अधिनियम से व्यक्तिगत दावे में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। अब सामुदायिक दावों को भी मान्यता देकर जनजातीय परिवारों की हमें सहायता करनी है। जनजातीय परिवार अगर न होते तो आज वन भी नाममात्र के ही बचे होते। कार्यशाला में शहडोल संभाग के कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला में सामुदायिक दावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए अब किसी के मन में संदेह नहीं रहना चाहिए। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज सामुदायिक दावों का तत्परता से निराकरण करें। मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश राय ने कार्यशाला में कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने जनजातीय परिवारों को भू-अधिकार पत्र देकर उनके जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। व्यक्तिगत दावों के साथ-साथ वन भूमि में निस्तार और सामुदायिक उपयोग को भी एक्ट में मान्य किया गया है। इसके सामुदायिक दावों को मान्य करते हुए वन संरक्षण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। वनों का संरक्षण करने वालों को ही वनाधिकार का लाभ दिया जाना चाहिए। शहडोल संभाग के सीसीएफएसके पाण्डेय ने कहा कि कार्यशाला में दी गई जानकारी से सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए सही मार्गदर्शन मिला है। सामुदायिक दावों में किसी तरह का टकराव नहीं है। गांव की राजस्व सीमा, वनों का क्षेत्र तथा सामुदायिक कार्यों के लिए समुदाय के अधिकार तीनों पर हमें ध्यान देना होगा। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वाई गिरि राव ने कहा कि सामुदायिक दावे से वन, राजस्व, जनजातीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग जुड़े हैं। अधिनियम के तहत गठित समितियों को राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 54903 गांवों में से 26555 गांवों में वनाधिकार एक्ट के दावे मान्य किए गए हैं।

# डॉ. रामभूषण बने सिहावल बीएमओ



**जागरण, सीधी।** जिला स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया में पदस्थ मेडिकल ऑफीसर डॉ. रामभूषण पटेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल का मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार सौंपा है।

# पुल बनकर तैयार, एप्रोच रोड नहीं बनने से नाव का सहारा

## लौआर-कोरसर गोपद नदी पर आवागमन शुरू होने का इंतजार

### प्रशासनिक लापरवाही से नहीं चालू हो सकी पुल, कोस रही जनता



जागरण, सीधी

सीधी-सिंगरौली की सीमा और सिहावल विधानसभा क्षेत्र के लौआर व कोरसर गोपद पुल बन कर तैयार है। लेकिन सिंगरौली क्षेत्र के सीमा पर कुछ स्थानीय कास्तकारों के रोड़ा के चलते पुल चालू नही हो पा रही है। जबकि सिहावल विधायक ने अपना वादा निभाया है। लेकिन सिंगरौली के जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली के बदौलत पुल का रोड़ा दूर नही हो पा रहा है। ऐसे में स्थानीय जनता जनप्रतिनिधि व प्रशासन कोस रही है। गौरतलब है कि सिहावल और चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के सीमा गोपद पुल कोरसर और लौआर पर काफी वर्षो से बनाया जा रहा है। यह पुल सिहावल विधानसभा क्षेत्र में पड़ रहा है। क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपनी क्षेत्रीय जनता से वादा किया था कि लौआर व कोरसर गोपद नदी पर पुल बनाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयास से लौआर कोरसर गोपद नदी पर पुल बनकर तैयार हो चुका है। अपनी क्षेत्रीय जनता से किये गये वादे को विधायक ने पूरा किया। लेकिन सिंगरौली जिले में सिर्फ पुल से जोड़ कर सड़क बनाकर कोरसर के मुख्य मार्ग प्रधानमंत्री से जोड़ना है। यह पुल लगभग 1 वर्ष से बनकर तैयार है, लेकिन सिंगरौली के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी कोई हल नही निकाल पा रहे हैं। आखिर उक्त पुल से मुख्य सड़क मार्ग तक सड़क नहीं बन सकी। आखिर रोड़ा कहां अटका है और कौन सी वजह है कि सड़क मार्ग नही बन पा रही है या फिर जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी उक्त पुल को भूल गये हैं। जो भी वजह हो, लेकिन क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों और सिंगरौली प्रशासन को इस बात के लिए कोस रही है कि सिहावल विधायक ने जो कर के दिखाया है वह सिंगरौली नही कर पा रहा है। जबकि उक्त पुल अगर चालू हो जाता है तो रास्ता सुगम और सरल हो जाएगी। लेकिन जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते लौआर-कोरसर गोपद पुल कब चालू होगा यह कोई नही जानता है, लेकिन स्थानीय क्षेत्रीय जनता में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### मुआवजा बन रहा रोड़ा, जनता परेशान

स्थानीय सूत्रों की बातों पर गौर करें तो लौआर-कोरसर गोपद पुल बनकर तैयार तो हो गया है, लेकिन सिंगरौली सीमा के चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के कोरसर गांव में कुछ स्थानीय लोगों के चलते यह पुल चालू नही हो पा रहा है। सूत्रों की बातों पर गौर करे तो स्थानीय लोग मुआवजा के लिए आगे की प्रक्रिया पर रोक लगा दिये हैं। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों की मांग है कि जब तक मुआवजा की प्रक्रिया नही होगी तब तक उक्त पुल को नही चालू करने दिया जाएगा। पुल से लेकर कोरसर मुख्य मार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क मार्ग बनाई जाएगी। इसका विवाद नही है, विवाद सिर्फ महज दो सौ से तीन सौ मीटर का है। जहां पुल के मिट्टी फिलिंग व स्लोपिंग पर रोड़ा लगाया गया है। जिससे चलते 1 साल से क्षेत्र की जनता परेशान है। एसडीएम चितरंगी सुरेश जाधव ने बताया कि जमीन क्रय करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

### 4 जिले की जनता को पुल से मिलेगा लाभ: हेम प्रताप

समाजसेवी हेम प्रताप तिवारी का कहना है कि ऐसा नही कि विधानसभा सिहावल व चितरंगी के जनता को लौआर-कोरसर गोपद नदी पर पुल बनने से लाभ मिलेगा। इस पुल के चलते कई जिले की जनता के आने.जाने के रास्ते सुगम हो जाएंगे। सिंगरौली के चितरंगी के अलावा सीधी, मऊगंज, रीवा के रास्ते सुगम हो जाएगा। यहां तक कि चितरंगी से अगर किसी को प्रयागराज जाना है तो समय कम हो जाएगी। साथ ही सीधी का रास्ता महज 1 घंटे का रह जाएगा। सिंगरौली के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के लचर कार्यप्रणाली के बदौलत 1 वर्ष से पुल बन कर तैयार है, लेकिन कोरसर गोपद पुल से सड़क मार्ग बनाने में परहेज किया जा रहा है। आखिर जो भी समस्या हो, उसका निराकरण किया जाए और यह मार्ग चालू कराया जाये। इस पुल से क्षेत्र की जनता का विकास तो होगा हीए साथा ही रास्ता भी सुगम हो जाएगी।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# महिला अधिकारियों के मामले में संकुचित दृष्टिकोण

सरकार का जोर सेना को युवा और ऊर्जावान बनाने पर है। साथ ही, सेना में महिलाओं की भूमिका भी बढ़ाई जा रही है। महिलाएं अब रफाल विमान तक उड़ा रही हैं। लेकिन अल्पकालिक सेवा कमीशन के तहत भर्ती हुई महिला अधिकारियों को बार-बार सुप्रीम कोर्ट तक दौड़ लगानी पड़ती है। यह बात गले नहीं उतरती कि जब कोई सैन्यकर्मी, चाहे वह महिला हो पुरुष- शारीरिक-मानसिक रूप से पूरी तरह सेवाएं देने के योग्य है और सेवा के दौरान उसके कामकाज और आचरण में किसी तरह की कमी नहीं पाई गई, तो उसे लंबी अवधि का सेवा विस्तार देने से क्यों परहेज किया जाना चाहिए। अल्पकालिक सेवा कमीशन के तहत भर्ती हुई एक महिला नौसेना अधिकारी को स्थायी कमीशन न दिए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीर नाराजगी जाहिर की है। उस अधिकारी को स्थायी कमीशन देने का आदेश अदालत ने पहले ही दिया था, मगर उसका पालन नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने 2020 में कहा था कि इस तरह महिला अधिकारियों को सेवा से वंचित करने से सेना का मनोबल गिरेगा। तब से नौसेना, वायुसेना और थलसेना को कई मामलों में स्थायी कमीशन देने के आदेश दिए जा चुके हैं। अभी सर्वोच्च न्यायालय में उनहत्तर ऐसे ही अधिकारियों का मामला लंबित है, जिस पर अगस्त में सुनवाई होनी है।

> महिला नौसेना अधिकारी को स्थायी कमीशन न दिए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई है। इसके पहले भी लड़ाकू विमान उड़ाने से महिलाओं को वंचित रखने के नियम को भी अदालत के आदेश पर ही बदला गया था।

अदालत ने कहा है कि अंतिम फैसला आने तक इन अधिकारियों को सेवामुक्त न किया जाए। अदालत ने कहा कि अब बहुत हो गया, सेना के अधिकारी अपना संकुचित नजरिया त्यागें और उदारता का परिचय दें। इस फटकार और नसीहत को सेना और सरकार कितनी गंभीरता से लेते हैं, देखने की बात है। यह पहला मौका नहीं है, जब महिला सेनाधिकारियों को अदालत की मार्फत अपना हक हासिल करना पड़ा है। इसके पहले लड़ाकू विमान उड़ाने से महिलाओं को वंचित रखने के नियम को भी अदालत के आदेश पर ही बदला गया था। यह थोड़ी असहज करने वाली स्थिति है कि अनुशासित और मर्यादित मानी जानी वाली भारतीय सेना में महिलाओं की क्षमताओं और योग्यता को कम करके आंका जाता है। सेना में अनेक ऐसे काम हैं, जिनमें महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। जिस महिला नौसेना अधिकारी को स्थायी कमीशन देने से रोका गया, वह तो न्यायिक सेवा में है। चिकित्सा, कंप्यूटरीकृत सैन्य प्रणाली आदि में महिला अधिकारियों की कुशलता पर शक नहीं किया जा सकता। फिर, अनुभव बड़ी चीज होती है। जिस अधिकारी ने छह-आठ वर्षों तक सेना में काम किया है, निस्संदेह उसकी क्षमता नए भर्ती अधिकारियों की तुलना में बेहतर हो सकती है। इसलिए अगर कोई महिला अधिकारी सारे मानकों पर सेवा योग्य है, तो उसे स्थायी कमीशन देने में क्यों गुरेज होना चाहिए।

# प्राथमिकता हो साइबर सुरक्षा तंत्र की कमियां दूर करना

साइबर सुरक्षा

**दिनेश सी. शर्मा**



पिछले दिनों जब भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान देश के रणनीतिक महत्व के ठिकानों को निशाना बनाकर दागी गई मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराया जा रहा था तो ठीक उसी वक्त दुश्मन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहे इस संग्राम के अलावा भी एक महत्वपूर्ण परिचालन को बाधित करने के प्रयास किए जा रहे थे। देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-आईएन) ने रैनसमवेयर हमलों, डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) घटनाओं के अतिरिक्त कुछ रक्षा संस्थाओं की वेबसाइटों को बिगाड़ने, डेटा में सेंध लगाने और मैलवेयर इन्फेक्शन के रूप में साइबर हमलों में अत्यधिक वृद्धि की पहचान की व उसे विफल किया।

ऐसे हमलों को सिस्टम और सेवाओं की इंटेग्रिटी, गोपनीयता और उपलब्धता के लिए बड़ा जोखिम माना जाता है। एजेंसी ने उच्च खतरे की रेटिंग वाले साइबर हमलों को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके आधार पर, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और अन्य वित्तीय एजेंसियों ने अपने सदस्यों और बाजार प्रतिभागियों को सतर्क किया। उन्हें साइबर सुरक्षा तंत्र की समीक्षा करने और महत्वपूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के कदम उठाने के लिए आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई। बैंकिंग, शेयर बाजार, वित्तीय सेवाएं, लाभ हस्तांतरण और ई-शिक्षा जैसी डिजिटल सेवाओं की सुरक्षा इस 'रीढ़' यानी दूरसंचार और इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर के सुरक्षित रहने पर निर्भर है। यह आगे हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और नेटवर्क सुरक्षित रहने पर आधारित है। इस 'रीढ़' में किसी भी स्तर पर सेंध संभावित रूप से करोड़ों लोगों को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि लगभग 115 करोड़ भारतीय दूरसंचार नेटवर्क और उन पर आधारित सेवाएं उपयोग करते हैं। सुरक्षा में सेंध का जोखिम न्यूनतम रखने का मतलब है हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का हरेक अंग निरापद बनाना- दूरसंचार नेटवर्क और क्लाउड सर्वर से लेकर मोबाइल फोन और सुरक्षा कैमरे तक को।

हाल के वर्षों में, स्विच, राउटर, रिपीटर और गेटवे जैसे महत्वपूर्ण दूरसंचार नेटवर्क उपकरणों का आयात, या तो सीधे ज़ेडटीई और हुआवे जैसी चीनी कंपनियों से या उनकी घटक कंपनियों से किया गया, जो भारत सहित कई देशों में चिंता का विषय है। ऐसे हार्डवेयर ऑनबोर्ड सॉफ़्टवेयर में, फ़ैक्टरी सेटिंग्स और डिफ़ॉल्ट पासवर्ड में पहले से ही संलग्न रहते हैं, जिनसे गंभीर सुरक्षा जोखिम हो सकता है।

> देश के नागरिकों के साथ-साथ रणनीतिक संचार प्रणालियों की सुरक्षा भी अहम मुद्दा है। भारत-पाक टकराव के दौरान साइबर सुरक्षा एजेंसी ने रैनसमवेयर हमलों, रक्षा संस्थाओं की वेबसाइटें हैक करने के रूप में साइबर हमले विफल किये। सिम कार्ड भी असुरक्षित हो सकता है क्योंकि इसमें एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर या ऑपरेटिंग सिस्टम होते हैं। मोबाइल फ़ोन कंपनियां चीन सहित विभिन्न स्रोतों से सिम कार्ड में इस्तेमाल होने वाले चिपसेट खरीदती हैं।

इस खतरे को भांपते हुए, जो बाइडेन प्रशासन ने दूरसंचार नेटवर्क से चीनी उपकरणों को 'चिह्नित करने और बदलने' के लिए 2021 में 'रिप-एंड-रिप्लेस' पहल शुरू की थी। पिछले साल वॉयस ऑफ इंडियन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी एंटरप्राइजेज नामक उद्योग संगठन द्वारा किए गए अध्ययन में चेतावनी दी गई कि सुरक्षा क्षेत्र में संवेदनशील उत्पादों सहित चीनी मूल के कई उत्पादों को सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों की खरीद में शामिल करने की अनुमति दी हुई थी। निर्देश हैं कि सरकारी एजेंसियों को अपनी आवश्यकता की पूर्ति गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल से करनी चाहिए। किंतु कई व्यापारी चीन से उपकरण खरीदकर, इन्हें वाया सिंगापुर या थाईलैंड भारत लाकर बेचते हैं, व इनमें मामूली हेरफेर कर, 'मेड इन इंडिया' का ठप्पा लगाकर जीईएम पर बेचने के लिए सूचीबद्ध करते हैं। रक्षा इकाइयों सहित सरकारी एजेंसियां, जीईएम पोर्टल से ऐसे ड्रोन खरीद रही थीं, जिनमें कुछ चीनी मूल के थे। मैलवेयर को स्वीकार किए गए किसी नए अपडेट या रिमोट सर्विस एक्सेस के माध्यम से ड्रोन के फर्मवेयर में इंजेक्ट किया जा सकता है, जिससे आगे भी मैलवेयर डालने, डाटा तक अनधिकृत पहुंच करने या परिचालन को बिगाड़ा जा सकता है। यह मैलवेयर छेड़छाड़ किए गए अपडेट्स या रिमोट सेवा द्वारा भी डालना संभव है। इसलिए, संवेदनशील उपकरण के लिए सोर्स कोड तक पहुंच होना महत्वपूर्ण है, और यह तभी संभव है जब सप्लायर भारत का हो। सप्लायर मानकों और विनियमों में कमजोरियों का भी लाभ उठाते हैं। मसलन, लगभग 450 कंपनियां बिना कोई राष्ट्रीय मानक प्रमाणपत्र जीईएमपोर्टल पर सुरक्षा कैमरे बेचती पाई गईं। एसटीक्यूसी (मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन) प्रणाली के तहत गुणवत्ता, सुरक्षा और साइबर सुरक्षा मानकों पर कसने और लागू करने के बाद, इनमें केवल 13 कंपनियां ही योग्यता पर खरी उतरीं। दूरसंचार प्रणाली का सबसे छोटा हिस्सा, जैसे सिम कार्ड भी असुरक्षित हो सकता है क्योंकि इसमें एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर या ऑपरेटिंग सिस्टम (मोबाइल फ़ोन के ऑपरेटिंग सिस्टम के अलावा) होते हैं। मोबाइल फ़ोन कंपनियां चीन सहित विभिन्न स्रोतों से सिम कार्ड में इस्तेमाल होने वाले चिपसेट खरीदती हैं। भारत में उपयोग किए जा रहे सिमकार्डों में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के तहत राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक कार्यालय द्वारा अनिवार्य 'विश्वसनीयता स्रोत अनुमोदन' प्रमाणपत्र बगैर चल रहे हैं। इनमें से कुछ सिम संवेदनशील पदों और स्थानों पर कार्यरत लोगों के फोन में हो सकते हैं, जो बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। हाल ही में, सरकार ने इस मुद्दे पर ध्यान देना शुरू किया। इसका उपाय है, ऐसे करोड़ों सिम कार्ड बदलना और भारतीय ऑपरेटिंग सिस्टम का उपयोग अनिवार्य करना। लेबनान में पेजर और वॉकी-टॉकी उपकरण फटने की याद अभी भी ताजा है। अतीत में, हमारे यहां निःशुल्क ईमेल सेवाएं, जैसे चीनी स्कैनिंग सॉफ़्टवेयर कैमस्कैनर (अब प्रतिबंधित) और सुरक्षा जोखिम वाले वीडियो-कॉन्फ़्रेंसिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग संवेदनशील सरकारी कार्यालयों में उपयोग किए जाने के उदाहरण हैं। अब, भारत में एलन मस्क के स्टारलिंक की हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सेवा को मंजूरी देने की संभावना है। सुरक्षा चिंताओं से इसे अब तक मंजूरी नहीं मिली थी। पिछले साल नवंबर में, अंडमान में बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं जब्त करते वक्त भारतीय एजेंसियों ने पाया कि इस धंधे में शामिल मछली पकड़ने वाला एक जहाज स्टारलिंक इंटरनेट डिवाइस का उपयोग कर रहा था। मणिपुर में भी सुरक्षा एजेंसियों ने सशस्त्र जनजातीय विद्रोहियों पर डाली दबिशों में हथियारों के अलावा स्टारलिंक इंटरनेट डिवाइसेस पकड़े। स्टारलिंक द्वारा भारत में आधिकारिक रूप से सेवाएं प्रदान न किए जाने के बावजूद ये घटनाएं दर्शाती हैं कि कैसे कोई शैतान उपयोगकर्ता इंटरनेट एक्सेस संबंधी प्रतिबंध बाईपास कर काम कर सकता है। कई देशों में इनके जरिए सीमापार जासूसी की चिंताएं जताई गई हैं। सभी संचार सेवाएं महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा हैं, जिनका परिचालन विदेशी संस्थाओं द्वारा करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए या पूर्ण सुरक्षा उपाय किए बगैर एम्बेडेड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले विदेशी उपकरणों पर निर्भर नहीं हों। ड्रोन या सैटेलाइट टर्मिनल जैसे हार्डवेयर में ऑपरेटिंग सिस्टम और एम्बेडेड सॉफ़्टवेयर के मामले में, सोर्स कोड तक पहुंच बनाने की मांग हमें उनसे करनी चाहिए। जहां उपलब्ध हो, घरेलू उत्पाद ही खरीदा जाना चाहिए। सभी नागरिकों और साथ ही रणनीतिक संचार प्रणालियों की साइबर सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी भारतीय हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 'आयरन डोम'।

**(लेखक विज्ञान संबंधी मामलों के विशेषज्ञ हैं)**

# ट्रंप के बयानों से आपसी संबंधों में खटास संभव

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

**राजन कुमार**



पिछले कुछ हफ्तों में भारत-अमेरिका संबंधों में काफी खटास आयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं, जबकि भारतीय पक्ष रक्षात्मक मुद्रा में उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश कर रहा है। दोनों पक्षों ने पिछले ढाई दशकों में मजबूत संबंध बनाने के लिए अथक प्रयास किये हैं, लेकिन ट्रंप के बयान और नीतियां उस प्रक्रिया को अस्थिर कर सकती हैं। आपसी संबंध ऐसे मोड़ पर पहुंच गये हैं, जिस पर अगर ध्यान नहीं दिया गया, तो रिश्ता और भी खराब हो सकता है. इस कड़वाहट के मुख्य कारण ट्रंप के गैरजिम्मेदाराना बयान और संरक्षणवादी नीतियां हैं। उन्होंने टैरिफ, भारत-पाक युद्धविराम और एप्पल के निवेश पर आपत्तिजनक बयान दिये हैं। हकीकत में, ट्रंप जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आते हैं। अपने वफादारों से घिरे होने के कारण उन्हें शायद यह भी पता नहीं है कि दुनिया भर के लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं।

यह अहसास बढ़ रहा है कि ट्रंप असहनीय होते जा रहे हैं और उनकी नीतियों से अमेरिका और दुनिया को नुकसान होगा। वास्तव में, ट्रंप उभरती हुई आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था की जटिलताओं को नहीं समझ रहे। वह 19वीं सदी का दृष्टिकोण अपनाकर अमेरिका के पतन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बयानों और नीतियों के कारण अमेरिका और ट्रंप, दोनों अपनी विश्वसनीयता खो रहे हैं।

ट्रंप खुद को एक सौदा करने वाले, शांति निर्माता के रूप में पेश करते हैं। लेकिन दुनिया में कहीं भी, चाहे वह रूस-यूक्रेन हो या गाजा, वह शांति लाने में सफल नहीं हो पाये हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के उनके दावे भी बेतुके हैं। उन्होंने दोनों प्रधानमंत्रियों से बात की थी। भारत सरकार ट्रंप को बहुत सम्मान भी देती है। पर भारत और पाकिस्तान ट्रंप की मध्यस्थता के कारण नहीं, बल्कि इसलिए संघर्षविराम के लिए सहमत हुए, क्योंकि वे युद्ध को बढ़ाना नहीं चाहते थे और एक सम्मानजनक रास्ता तलाश रहे थे।

ट्रंप का यह दावा भी बेबुनियाद है कि उन्होंने दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु संघर्ष को रोका। भारत एक छोटी और तीव्र कार्रवाई चाहता था, न कि एक लंबा युद्ध। बहुत से भारतीय ट्रंप को इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह चीन के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे, भारत के आर्थिक उत्थान का समर्थन करेंगे और पाकिस्तान के खिलाफ भारत का साथ देंगे। जबकि ट्रंप की पहली प्राथमिकता अमेरिका को फिर से महान बनाना है। ट्रंप किसी भी ऐसे देश के साथ समझौता करेंगे, जो उनके उत्थान में सहायक हो।

> ट्रंप को यह भ्रम है कि 'महाशक्ति' के नेता के रूप में उनकी तुच्छ टिप्पणियों से कोई गंभीर परिणाम नहीं निकलेगा। हकीकत में आपसी संबंध ऐसे मोड़ पर पहुंच गये हैं, जिस पर अगर ध्यान नहीं दिया गया, तो रिश्ता और भी खराब हो सकता है। इस कड़वाहट के मुख्य कारण ट्रंप के गैरजिम्मेदाराना बयान और संरक्षणवादी नीतियां हैं।

ट्रंप के लिए सबसे पहला और महत्वपूर्ण मुद्दा टैरिफ का है। उन्होंने भारत को 'टैरिफ किंग' कहा और बताया कि व्यापार नियम अमेरिका के लिए प्रतिकूल हैं. विगत दो अप्रैल को, उस दिन को ट्रंप ने 'मुक्ति दिवस' कहा था, उन्होंने कहीं से भी अमेरिका में आयात किये जाने वाले सभी सामान पर न्यूनतम 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। उन्होंने भारत से आने वाले उत्पादों पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया। भारत को झटका लगा, पर उसके लिए राहत की बात यह रही कि यह टैरिफ चीन, वियतनाम और कई अन्य देशों से कम था। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका के साथ तीन चरणों वाले व्यापार समझौते की शर्तों पर बातचीत कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने 'संदर्भ की शर्तें' तय कर ली हैं, जो अंतिम सौदे की दिशा में रोडमैप तैयार करने में मदद करेंगी। हाल ही में एक विवादास्पद और चिंताजनक बयान में, ट्रंप ने एप्पल के सीइओ टिम कुक को भारत में आइफोन उत्पादन विस्तार को रोकने और अमेरिका में एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने की सलाह दी। एक नवीनतम घोषणा में, ट्रंप अप्रवासियों द्वारा अपने देश भेजे गये धन पर कर लगाना चाहते हैं, जो अरबों डॉलर के धन प्रेषण प्रवाह को बाधित कर सकता है। वर्ष 2023-24 में भारत को प्राप्त कुल 118 अरब डॉलर के धन प्रेषण में से अमेरिका का योगदान लगभग 28 प्रतिशत था, जो कि 32 अरब डॉलर है। ऐसी नीतियां भारत के लिए अच्छी नहीं हैं। प्रवासन प्रतिबंधों के साथ-साथ प्रेषण पर प्रस्तावित अमेरिकी कर से भारतीयों पर और बोझ बढ़ सकता है। निष्कर्ष के तौर पर, हालांकि भारत और अमेरिका के बीच भू-राजनीतिक हितों में सम्मिलन है, दोनों देशों के बीच कुछ जटिल मुद्दे उभर रहे हैं। ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों और उनके आवेगपूर्ण बयानों ने भारत में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। दोनों देशों को अपने संबंधों में और तनाव से बचने के लिए सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

प्रसंगवश


# अवैध और अप्राकृतिक तरीकों के खिलाफ जागरूकता भी हो

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने फलों को पकाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले कैल्शियम कार्बाइड और एफेथॉन का उपयोग करने को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है, तो इसे समझा जा सकता है। चूंकि यह आम का समय है, ऐसे में उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खाद्य नियामक एफएसएसएआइ को यह चेतावनी जारी करनी पड़ी है। खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और रोक) विनियमन, 2011 के तहत फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल वर्जित है। इसके बावजूद इसका इस्तेमाल होता है, जिससे आम खाने वालों की सेहत को नुकसान पहुंचता है। कैल्शियम कार्बाइड या अन्य प्रकार के रसायनों के इस्तेमाल से पकाये गये फल खाने से शरीर में विषैले तत्व बढ़ सकते हैं। इनका सेवन पेट और पाचन तंत्र, फेफड़ों और शरीर के अंदरूनी अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कैल्शियम कार्बाइड में मौजूद आर्सेनिक और फास्फोरस जैसे तत्वों के कारण कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इस कारण एफएसएसएआइ ने नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकारों से कहा है तथा मंडियों व गोदामों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये हैं। प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए एफएसएसएआइ ने फलों को पकाने के लिए एक सुरक्षित विकल्प के रूप में एथिलीन गैस के उपयोग की अनुमति दी है। एथिलीन फलों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला एक हार्मोन है, जो रासायनिक और जैव रासायनिक गतिविधियों के जरिये पकने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। कच्चे फलों को एथिलीन गैस से उपचारित करने पर फलों के प्राकृतिक रूप से पकने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। कैल्शियम कार्बाइड से पकाये गये फलों की पहचान के लिए भी समय-समय पर आगाह किया जाता है, जैसे कि कार्बाइड से पकाये गये फलों से प्राकृतिक सुगंध की बजाय रासायनिक गंध आती है। ऐसे फल हल्के और अधिक मुलायम हो सकते हैं तथा उनकी बाहरी सतह असमान हो सकती है। जाहिर है, फलों को पकाने के लिए अवैध और अप्राकृतिक तरीके का जिस व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल होता है, उससे बचने के लिए सिर्फ खाद्य नियामक की चेतावनी काफी नहीं है। इसके लिए लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा।

> कैल्शियम कार्बाइड या अन्य प्रकार के रसायनों के इस्तेमाल से पकाए गये फल खाने से शरीर में विषैले तत्व बढ़ सकते हैं। इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की एफएसएसएआइ की चेतावनी के साथ लोगों को भी इसके लिए जागरूक होना पड़ेगा।



## ।।गीता।।



**श्लोक :** ततः श्वेतैर्हयैर्युक्ते महति स्यन्दने स्थितौ।
माधवः पाण्डवश्चैव दिव्यौ शंखौ प्रदध्मतुः ॥

**भावार्थ**

इसके अनन्तर सफेद घोड़ों से युक्त उत्तम रथ में बैठे हुए श्रीकृष्ण महाराज और अर्जुन ने भी अलौकिक शंख बजाए।

जीवन दर्शन

# सफलता की राह दिखाती है सकारात्मक सोच



हमारी सोच ही हमारे भविष्य को निर्धारित करती है। जब हम अपने विचारों को सकारात्मक रखते हैं, तो हमारे निर्णयों में स्पष्टता, ऊर्जा और आत्मविश्वास झलकता है। सकारात्मक सोच व्यक्ति को न केवल मानसिक रूप से मजबूत बनाती है, बल्कि उसे जीवन में सफलता की राह पर भी अग्रसर करती है। इसके लिए गुरु महत्वपूर्ण होता है। गुरु जगाने का काम करता है, तो हम आत्मविश्वास से भर जाते हैं।

महाभारत में जब अर्जुन हतोत्साहित हो गए और उन्होंने हथियार डालने का मन बना लिया, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें सकारात्मक सोच और कर्तव्यपरायणता का पाठ पढ़ाया। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि जीवन में चुनौतियां और कठिनाइयां आती रहेंगी, लेकिन हमें अपने कर्तव्य का पालन करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यह संदेश हमें सिखाता है कि सकारात्मक सोच हमारी मानसिक स्थिति को सुदृढ़ करती है और हमें कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। ऐसा ही उदाहरण हनुमानजी के जीवन में भी देखने को मिलता है। जब श्रीराम की सेवा में लंका जाने का कार्य सौंपा गया, तो पहले हनुमानजी को अपनी शक्ति का भान नहीं था। जामवंत ने उन्हें उनकी अपार शक्ति का स्मरण कराया और आत्मविश्वास से भर दिया। इसके बाद हनुमान ने समुद्र लांघकर सीता माता तक पहुंचने का असंभव कार्य भी संभव कर दिखाया। यह प्रेरणा हमें सिखाती है कि जब हम स्वयं पर विश्वास रखते हैं और सकारात्मक सोच को अपनाते हैं, तो बड़े से बड़े लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकते हैं। सकारात्मक सोच का प्रभाव केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, यह समाज को भी प्रभावित करता है। जब एक व्यक्ति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है, तो वह समाज में अच्छे बदलाव लाने की दिशा में प्रेरणा बनता है। भारतीय संस्कृति में सकारात्मक सोच महज विचार नहीं, एक संपूर्ण जीवनशैली है। यह सिखाती है कि हमें हर चुनौती को अवसर के रूप में देखना चाहिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

**संजय तेवतिया**

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी की गर्वनर से मिले सीएम



**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को स्टेट हैंगर, भोपाल पर मध्यप्रदेश के प्रवास पर आईं उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल श्रीमती पटेल का पुष्पगुच्छ और उत्तरीय भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव को अपनी लिखी दो पुस्तकें चुनौतियां मुझे पसंद हैंऔर हमारा राजभवन की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती पटेल को महाकाल मंदिर का चित्र भेंट किया।

### चुनाव खर्च का ब्यौरा न देने पर प्रत्याशी अयोग्य

**भोपाल।** पृथ्वीपुर सीट पर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में दो प्रत्याशियों द्वारा चुनाव खर्च का विवरण न देना उन्हें भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने इस संबंध में दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आगामी 3 साल तक सांसद, विधायक या विधान परिषद का चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया है। चुनाव आयोग के सचिव विनोद कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस सीट से आम आदमी पार्टी (आप) की प्रत्याशी उमा कुशवाह और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के उम्मीदवार आशीष रैकवार द्वारा न तो चुनाव खर्च का विवरण निर्वाचन कार्यालय को भेजा गया और न ही आयोग के निर्देश पर दिए गए नोटिसों का जवाब दिया गया। इसके बाद जिला कलेक्टर के प्रतिवेदन पर चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए दोनों को अगले 3 साल तक चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया है। इसकी अधिसूचना प्रदेश के राजपत्र में भी जारी कर दी गई है।

### उपराष्ट्रपति 26 को नरसिंहपुर में

**विसं भोपाल।** प्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के अंतर्गत अनंत संभावनाओं के दृष्टिगत नरसिंहपुर में 26 मई को कृषि उद्योग समागम का आयोजन होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समागम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अधिकारी, उद्योगपति, किसान, आमजन आदि मौजूद रहेंगे।

# शाह के कांग्रेसी विधायक भतीजे उतरे उनके सर्मथन में, कहा परिवार देशद्रोही नहीं

## कई विधायक व मंत्री भी जता चुके है शाह का समर्थन, अपने विधायक के बयान पर कांग्रेस ने साधी चुप्पी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में मंत्री विजय शाह के बड़बोलेपन से उपजी सियासी हलचल अब थमने सी लगी है। सत्ताधारी कुछ विधायकों का समर्थन मिलने के बाद अब मंत्री के भतीजे और कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ने उनकी पैरवी की है। शाह एक ओर जब मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर सत्ताधारी दल के विधायक दूरियां बनाए हुए तो सरकार से लेकर संगठन चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में कांग्रेस के विधायक अभिजीत शाह उनके समर्थन में खड़े दिखाई दे रहे है। अभिजीत हरदा जिले के टिमरनी से कांग्रेस की टिकट पर निर्वाचित हुए है। उनके पिता अजय शाह कांग्रेस के बडे नेता थे,जो मंत्री विजय शाह के बड़े भाई थे। इस मामले में विधायक शाह ने मंत्री विजय शाह का सोशल मीडिया पर एक पुराना वीडिया डालते हुए पोस्ट कर लिखा-मकड़ाई रियासत स्वतंत्र भारत की उन विरल रियासतों में से थी,जिसने देश की एकता और अखंडता के पवित्र उद्देश्य को सर्वोपरि मानते हुए किसी शर्त या विरोध के बिना,स्वेच्छा से अपनी समस्त भूमि,सत्ता और अधिकार भारत मां के चरणों में समर्पित कर दिए। यह निर्णय केवल एक राजनीतिक कदम नहीं,बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक था। शब्द गलत हो सकते है पर उस परिवार का कोई भी सदस्य देश द्रोही नहीं हो सकता।





### कांग्रेस नेताओं ने बनाई दूरी

अपने युवा विधायक द्वारा मंत्री विजय शाह का समर्थन करने पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने दूरी बना ली है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने परिचय उजागर नहीं होने की शर्त पर कहा कि विधायक अभिजीत मंत्री शाह के भतीजे है। उनके बीच वैचारिक और राजनैतिक मतभेद हो सकते है,लेकिन परिवार का मामला होने की वजह से उनका मंत्री का साथ लेना लाजिमी है। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से लेकर दूसरे वरिष्ठ नेताओं से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

### मंत्री बागरी ने भी जताया था समर्थन



उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने भी अपने वरिष्ठ मंत्री विजय शाह का बचाव किया था। उन्होंने कहा था कि विजय शाह का बयान का उद्धेश्य किसी को अपमानित करना नहीं था। शब्दों का चयन गलत जरुर हो सकता है,लेकिन उनकी मंशा वैसी नहीं थी,जैसी प्रस्तुत की गई । बागरी ने कहा कि विजय शाह ने पहले ही सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली है और यदि आगे भी किसी स्थिति में माफी मांगने की जरुरत पड़ी तो वो तैयार रहेंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि मंत्री शाह का बयान तो तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया और मीडिया ट्रायल के चलते मामला और अधिक संवेदनशील हो गया।

### पूर्व मंत्री ने भी दिया साथ



जब विजय शाह अपना विवादित बयान दे रहे थे,तब वहां मंच पर मौजूद पूर्व मंत्री ऊषा ठाकुर भी शाह के समर्थन में है। इस मामले में ऊषा ठाकुर ने स्पष्ट किया था कि ऐसे विषयों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने शाह के बयान को लेकर कहा कि जो होना था,वह हो चुका। सभी लोग भली-भांति जानते है कि किसी की मंशा इस प्रकार की नहीं हो सकती। कई बार जुबान फिसल जाती है,जिससे भ्रांतियां पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### डोडियार भी शाह के साथ



भारतीय आदिवासी पार्टी(बाप) के विधायक कमलेश्वर डोडियार भी मंत्री शाह के साथ खड़े है। पिछले दिनों डोडियार ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि विजय शाह एक अनुभवी और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि है। मुश्किल से किसी आदिवासी को मंत्री बनने का अवसर मिलता है और जब कोई आदिवासी नेतृत्व में आता है तो उसे इस तरह का निशाना बनाया जाता है। उन्होंने आगे लिखा कि शाह के साथ हम खड़े हैं.जो बात उन्हें संयम से रखनी चाहिए थी,वह जोश में कह दी गई। डोडियार ने कहा कि शाह को निशाना इसलिए बनाया जा रहा है कि वे आदिवासी समुदाय से आते है।

# राज्य शासन एवं मंडी बोर्ड को नोटिस, सुनवाई 16 जून को

## कृषि उपज मंडी में दुकानों के आवंटन को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर कृषि उपज मंडी में दुकानों के आवंटन नियम 2009 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस पीके अग्रवाल की युगलपीठ ने राज्य शासन एवं मंडी बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही युगलपीठ ने कहा है कि इस बीच मंडी प्रशासन द्वारा की गयी कोई भी कार्यवाही इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की गई है। कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ की ओर से यह मामला हाईकोर्ट में दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विवेक रंजन पांडे ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि नई औरिया मंडी की स्थापना एवं दुकानों के आवंटन की प्रकिया असंवैधानिक है। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी दो मंडियों के बीच की दूरी 15 किलोमीटर होना चाहिये जबकि जबलपुर मुख्य मंडी से औरिया मंडी की दूरी मात्रा 6 किलोमीटर है। मुख्य मंडी का रकबा 55 एकड़ है जबकि प्रस्तावित 140 एकड की मंडी में से मात्र 14 एकड़ भूमि को अधिग्रहित करके नवीन मंडी अवैधानिक तरीके से स्थापित की जा रही है। मंडी में दुकानों का आवंटन नियम 2009 के तहत किया जाता है आवंटन नियम 2009 के नियम-3 में स्पष्ट प्रावधान है कि दुकानों का आवंटन लाईसेंस पर होगा न कि लीज पर होगा। ऐसी स्थिति में दुकानों का आवंटन दुकानों की मार्केट वेल्यू जमा कराकर उसके प्रीमियम पर नीलामी की जाती है। आवंटन नियमों में विरोधाभास है यह संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21 एवं 300, के तहत असंवैधानिक है। यह असंवैधानिक कानून मंडी में दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को रियल स्टेट के रूप में व्यापारिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके पहले हाईकोर्ट ने पूर्व की नीलामी प्रक्रिया को स्थगित कर प्रबंध संचालक को आपत्तियों के निराकरण करने का निर्देश दिया था। प्रबंध संचालक नें उपरोक्त नीलामी प्रकिया में भ्रष्टाचार पाते हुये जबलपुर मंडी सचिव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के आदेश जारी किये थे। अब उसी मंडी सचिव को नीलामी की जिम्मेदारी दी गई है जिसके खिलाफ दुकानों के आवंटन में किये गये भ्रष्टाचार के विरुद्व विभागीय जाँच प्रस्तावित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

# अमृत स्टेशन सरकार की विकासवादी सोच का प्रतीक : शर्मा

**विसं भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि 103 अमृत स्टेशनों का विकास भाजपा सरकार की विकासवादी सोच का प्रतीक है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इन स्टेशन में मध्यप्रदेश के 6 रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के साथ कटनी में प्रदेशाध्यक्ष शर्मा अमृत स्टेशन के कार्यक्रम में शामिल थे। शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से इन स्टेशनों के विकास से रेल यात्रियों को स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। कटनी रेलवे स्टेशन को 13 करोड़ रुपये की लागत से जो भव्य स्वरूप दिया गया है, जो कायाकल्प हुआ है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सौगात है। यहां पर जो रेलवे ओवरब्रिज (ग्रेड सेपरेटर) बनाया गया है, वह कटनी और मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि एशिया में अपनी तरह का अनूठा है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मध्यप्रदेश में जिस तरह से रेल सुविधाओं का विकास कर रही है, उससे मध्यप्रदेश के रेल यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी, उनकी संख्या बढ़ेगी और मध्यप्रदेश से मिलने वाले रेल राजस्व में और वृद्धि होगी।

### देश में हो रहा सर्वागीण विकासः शुक्ल

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का निरंतर सर्वांगीण विकास हो रहा है, आज देश तेज गति से विकसित भारत के संकल्प की ओर आगे बढ़रहा है। देश के आम नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की सुविधा मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार प्रदेश को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाया जा रहा है, जिससे जनता को स्वास्थ्य संबंधी जनहितैषी योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

# स्कूलों में गलत इंटरनल मार्क्स देने से हजारों विद्यार्थी फेल

## अंकसुधार और फेल विद्यार्थियों को दी अलग-अलग तिथियां

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं में इंटरनल मार्कस की त्रुटि से हजारों विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। इसके चलते बडी संख्या में विद्यार्थी फेल हुए हैं। ऐसे विद्यार्थियों को राहत देने माशिमं ने दूसरी परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इससे विद्यार्थियों के सही इंटरनल मार्कस अपलोड कर दिए जाएंगे। तब विद्यार्थियों को दोबारा से परीक्षा नहीं देनी होगी। इसलिए माशिमं ने दूसरी परीक्षा के आवेदन करने की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी कर दी है। बोर्ड के दसवीं-बारहवीं कक्षा के रिजल्ट इंटरनल और थ्योरी के अंक जोड़कर बनता है। इंटरनल मार्क्स स्कूल से दिए जाते हैं। जबकि थ्योरी के अंक मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में मूल्यांकन से दिए जाते हैं। दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट में गड़बडी होने की काफी शिकायतें मंडल में दर्ज की गई हैं। इसमें कहा गया है कि स्कूल स्तर पर गलत इंटरनल मार्क्स दिए गए हैं। माशिमं की थ्यौरी की परीक्षा में अच्छे अंकों से पास हैं, जबकि गलत इंटरनल मार्क्स चढ़ने के कारण विद्यार्थी फेल हो गए हैं। इसमें स्कूल प्रबंधन की गलती है। इसमें सुधार किया जाए। माशिमं ने इंटरनल मार्क्स के अंकों में सुधार करने से मना कर दिया। इससे छात्रों के थ्यौरी में अच्छे नंबर होने के बाद भी फेल हो गए। विद्यार्थी मंडल की दूसरी परीक्षा का फार्म जमा करेगा। इसमें जिस विषय के इंटरनल मार्क्स गलत अपलोड किए है। मंडल स्कूल से सही अंक अपलोड कर सकता है। छात्र पहली परीक्षा में पास है, तो उसे दूसरी परीक्षा में परीक्षा नहीं देनी होगी। माशिमं द्वारा सही भरे गए इंटरनल मार्क्स के अंकों के आधार पर पहली परीक्षा में मिल थ्यौरी के अंक जोड़कर रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

### अब 25 और 30 तक होंगे आवेदन

माशिमं ने दसवीं-बारहवीं दूसरी परीक्षा के लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन जमा करने की तिथि 7 मई से 21 मई तक निर्धारित की थी। अब इस तिथि में बढोतरी कर दी गई है। माशिमं के नये आदेश के तहत हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिए अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के 25 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

### तीन माह का होगा अंकसूची में फर्क

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की पहले व दूसरी परीक्षा की अंकसूची एक ही रहेगी। इसमें अंतर सिर्फ मार्च व जून का लिखा होगा। जिन विद्यार्थियों ने मार्च में परीक्षा दी है, उनकी अंकसूची पर मार्च-2025 व जिन विद्यार्थियों की दूसरी परीक्षा में जून में परीक्षा होगी, उनमें जून-2025 लिखा होगा। इसके अलावा अंकसूची में प्रथम या द्वितीय परीक्षा जैसा कोई कालम नहीं होगा। दोनों अंकसूची एक जैसी ही रहेगी।

# एयरपोर्ट से जंबूरी तक पीएम मोदी की होगी थ्री लेयर सुरक्षा

## 20 आईपीएस समेत तीन हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आगामी 31 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहे महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में दो लाख बहनों से साथ संवाद करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पीएम मोदी का प्रदेश में पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। जंबूरी मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। उनकी सुरक्षा के नजरिए से एयरपोर्ट से लेकर यहां तक थ्री लेयर सिक्योरिटी का इंतजाम रहेगा। आयोजन स्थल को पीएम के आगमन से आधा घंटा पहले सील कर किसी को भी अंदर जाने और बाहर आने की अनुमति नहीं रहेगी। जितने समय तक मोदी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे इस स्थान के ऊपर से ड्रोन, हेलीकॉप्टर और विमानों की उड़ान भी प्रतिबंधित रहेगी। पीएम की भोपाल यात्रा को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल के बीच पुलिस के लगभग 3000 जवानों की तैनाती होगी।



इसमें जिला पुलिस के अलावा अन्य जिलों से भी फोर्स और एसएएफ की कंपनियां बुलाई जाएंगी। पीएम के पहले घेरे की सुरक्षा में एनएसजी का दस्ता तैनात रहता है, वहीं इनर सर्कल की सुरक्षा एसपीजी की होगी। 29 मई को एसपीजी की टीम आकर जंबूरी मैदान की सुरक्षा कमान अपने हाथ में ले लेगी। इसके बाहर के आउटर सर्किल में सुरक्षा की जिम्मेदारी एमपी पुलिस की होगी। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पीएम के दौरे को लेकर बैठकों का दौर बुधवार से शुरू हो गया। पीएम की सुरक्षा के लिए 20 आईपीएस अफसर तैनात रहेंगे।

### बीडीडीएस के जरिए होगी हर आने-जाने वालों की तलाशी

कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल पर एंट्री वाले हर गेट पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) लगाए जाएंगे और बॉम्ब डिटेक्शन एंड डिस्पोजल यूनिट (बीडीडीएस) एवं डॉग स्क्वॉड जंबूरी मैदान के चप्पे-चप्पे की तलाशी लेगी। जीआईएस की तर्ज पर इस आयोजन में आने वाले मुख्य अतिथियों की पहचान के लिए फेस रिकग्नाइजेशन तकनीक का इस्तेमाल होगा। और हर गतिविधि पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जाएगी। इसके लिए जंबूरी मैदान पर एक कंट्रोल रूम भी बनेगा, जिसकी मॉनिटरिंग आला अफसर के हाथ में रहेगी। हालांकि पीएम का अभी मिनट टू मिनट प्रोग्राम जारी नहीं हुआ है। पुलिस और सरकार ने उनके भोपाल एयरपोर्ट तक आने और वापस जाने के लिए अपने स्तर पर प्रारंभिक तैयारी शुरू की है। संभावना यही है कि पीएम मोदी अपने विशेष विमान से भोपाल आएंगे और एयरपोर्ट पर बने स्टेट हैंगर से हेलीकॉप्टर के जरिए सीधे आयोजन स्थल जंबूरी मैदान पहुंचेंगे। यहां उनके लिए तीन हेलिपेड नए सिरे से तैयार करने की योजना है।

# पचास हजार पहुंचा यूजी-पीजी का पंजीयन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश में संचालित होने वाले अपने कालेजों पर प्रवेश कराने के लिए आनलाइन काउंसलिंग करा रहा है। विद्यार्थी यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए पंजीयन और सत्यापन करा सकते हैं। अभी तक यूजी में करीब 50 हजार पंजीयन हो चुके हैं। इसमें 35 हजार पंजीयन यूजी और 15 हजार पंजीयन पीजी में हुए हैं। करीब तीस हजार विद्यार्थियों ने भुगतान भी कर दिया है। करीब बीस हजार विद्यार्थियों का अप्रूवल हो चुका है। यूजी और पीजी में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी 30 मई तक पंजीयन, 16 से 31 मई तक सत्यान कराएंगे। विभाग पांच जून को सुबह 11 बजे सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी पांच से 12 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थी उक्त तिथि में फीस जमा नहीं करते हैं, तो उनके प्रवेश मान्य नहीं होंगे। भुगतान के अभाव में उनके प्रवेश नहीं माने जाएंगे।

### एनसीटीई कोर्स में 11 हजार पंजीयन

एनसीटीई कोर्स में प्रवेश लेने के लिए करीब 11 हजार विद्यार्थियों के पंजीयन हो चुके हैं। इसमें फीस का भुगतान महज दो हजार विद्यार्थियों का ही हो सका है। इसके अलावा अप्रूवल सिर्फ 900 विद्यार्थियों का ही हुआ है। एनसीटीई के कोर्स जैसे बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र का बीएड में प्रवेश लेने विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मई तक पंजीयन, सत्यापन 16 से 31 मई तक कराएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को फटकारा

# कोटा में ही क्यों जान देते हैं विद्यार्थी, आप क्या कर रहे हैं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** छात्रों की आत्महत्या मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इन आत्महत्याओं को गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? क्या आपने इस पर कोई विचार किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। बता दें कि 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वतः संज्ञान लिया था। आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने कहा कि वह सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं। वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपए दो दिन में जमा कराएं।



### 2024 में 17 स्टूडेंट ने किया सुसाइड

बता दें कि कोटा में छात्रों की सुसाइड आए दिन की बात है। यहां की कोचिंगों में देशभर के छात्र पढ़ते हैं। साल 2024 में कोटा में रहने वाले 17 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। पिछले साल जनवरी के महीने में 2 और फरवरी के महीने में 3 सुसाइड हुए थे। वहीं साल 2023 में कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के कुल 26 मामले सामने आए थे।

# सलमान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

## एक दिन पहले ऐसी ही कोशिश में महिला गिरफ्तार



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जीतेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है। सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। संदीप ने बताया कि 20 मई की सुबह 09.45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते दिखा। मैंने उसे समझाया और उसे चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। संदीप ने कहा कि वह शख्स शाम करीब 7.15 बजे फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबलों ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया।

# जुवेनाईल बोर्ड में ही चलेगा आतंक के नाबालिग आरोपी का मुकदमा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल जिला सत्र न्यायालय के प्रिंसिपल जज की ओर से एक आतंकी हमले में शामिल नाबालिग के संबंध के मामले में मांगे गये ओपिनियन में कहा है कि नाबालिग आरोपी के खिलाफ जुवेनाईल बोर्ड में ही मुकदमा चलेगा। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा है कि एनआईए एक्ट गठित विशेष अदालत में नाबालिग आरोपी के खिलाफ मुकदमा नहीं चल सकता। एकलपीठ ने कहा है कि बोर्ड में नाबालिग पर वयस्क की तरह की मुकदमा चलेगा। प्रकरण के अनुसार 7 मार्च 2017 की सुबह उज्जैन से भोपाल के लिए रवाना हुई पैसेंजर ट्रेन शाजापुर जिले के जबड़ी स्टेशन के पास पहुंची, तो आतंकियों ने उसमें ब्लास्ट कर दिया। इस धमाके में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि कई पैसेंजर ने ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई। पहले मामले की जांच एसआईटी कर रही थी, लेकिन केंद्र सरकार ने 17 मार्च 2017 को जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को सौंपी थी। एनआईए की जांच में पता चला कि इस घटना को आईएसआईएस संगठन से जुड़े आतंकियों ने अंजाम दिया था। एनआई की टीम ने मप्र के अलावा उत्तरप्रदेश में छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उक्त मामले में एनआईए ने 8 अगस्त 2017 को भोपाल की सत्र न्यायालय में सैयद मीर हुसैन व अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की। इस मामले पर विशेष न्यायालय में सुनवाई होना थी। चूंकि इस षडयंत्र में शामिल एक आरोपी नाबालिग था, इसीलिए उसका प्रकरण जुविनाइल बोर्ड को सुनवाई के लिए भेजा गया। जुविनाइल बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट ने 28 अप्रैल 2024 को अपने आदेश में नाबालिग आरोपी का मुकदमा स्पेशल कोर्ट में ही चलाने कहा था। बोर्ड का मानना था कि घटना के समय भले आरोपी की उम्र 17 साल थी, लेकिन वह हमले के दुष्परिणाम को समझने में शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम था। इस पर यह मामला एनआईए की विशेष न्यायालय को भेजा गया था।

# व्यापमं मामले के दो आरोपियों को राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने व्यापमं घोटाले से जुड़े तीन मामलों में दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और अन्य कार्रवाई निरस्त कर दी। दोनों पर मध्यस्थता करने का आरोप था। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने कहा है कि आवेदकों के मामले में जांच के दौरान यह साबित नहीं हुआ कि वास्तविकता में पैसे का लेनदेन हुआ है। भोपाल निवासी सोनू पचौरी व रामनिवास पटैल की ओर से अधिवक्ता कपिल शर्मा ने पक्ष रखा। सोनू के खिलाफ पीएमटी 2012 एवं 2013 परीक्षा के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं रामनिवास को पीएमटी 2013 में आरोपी बनाया गया था। इन पर आरोप था कि इनके पास से डायरी बरामद हुई है, जिसमें कुछ नाम हैं और उनके सामने राशि अंकित है। दलील दी गई कि चार्जशीट में भी यह बात सामने नहीं आई कि आरोपियों ने पैसे लिये हैं। न्यायालय ने कहा कि सीबीआई इन मामलों में उपयुक्त सबूत नहीं जुटा पाई है, उक्त मत के साथ न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# भारत करेगा पाक को फंडिंग देने का विरोध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत सरकार पाकिस्तान को विश्व बैंक से प्रस्तावित 20 अरब डॉलर की सहायता राशि देने का कड़ा विरोध करेगी। यह मामला जून में विश्व बैंक की बैठक में चर्चा के लिए आने वाला है। भारत इसे समय के लिहाज से गलत मानता है। भारत इस साल सितंबर में होने वाली 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ)' की समीक्षा बैठक में पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने की पुरजोर मांग करेगा। अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया गया था, इसके बाद उसे विदेशी निवेश और कर्ज मिलने में आसानी हुई। हाल ही में आईएमएफ ने पाक को 2.4 अरब डॉलर की सहायता देने के फैसले का भारत ने विरोध किया था। हालांकि इस राशि पर 11 अतिरिक्त शर्तें लगाई गई हैं। वहीं अब आईएमएफ के बाद पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक भी एक बड़ा लोन देने की तैयारी रहा है। यह अमाउंट आईएमएफ के कुल लोन पैकेज का तीन गुना हो सकता है। जून में वर्ल्ड बैंक पाकिस्तान के लिए 20 अरब डॉलर का अमाउंट अप्रूव कर सकता है।

# मानहानि मामले में वित्त मंत्री को नोटिस जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका के संबंध में राउज एवेन्यू कोर्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा कि मामले में प्रतिवादी को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए, ऐसे में प्रतिवादी निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया जाता है। मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। लिपिका मित्रा ने आरोप लगाया है कि वित्त मंत्री ने विभिन्न इलेक्ट्रानिक मीडिया चैनल पर दिए गए साक्षात्कार में उनके पति सोमनाथ भारती के बारे में अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए थे। वित्त मंत्री के बयान से उनके पति के साथ उन्हें व उनके दो नाबालिग बच्चों को भी अपूरणीय मानसिक पीड़ा हुई है। उन्होंने निर्मला सीतारमण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356(1) और 356(2) के तहत मुकदमा चलाने और अपमानजनक सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने व विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म से हटाने का निर्देश देने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, केवल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के उम्मीदवार को राजनीतिक लाभ और शिकायतकर्ता के पति को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने के लिए शिकायतकर्ता और उसके पति को चोट पहुंचाने के इरादे से आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके पति के वैवाहिक कलह के बारे में बात की, लेकिन उनके पुनर्मिलन और खुशी-खुशी साथ रहने की जानकारी को रोक दिया।

# रिलायंस सासन कोल माइन्स के कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये डीजीएमएस द्वारा फायर मॉकड्रिल का निरीक्षण





**जागरण बैढ़न।** खदान के जोखिम भरे कार्य स्थल मे कोल उत्पादन के लक्ष्यो को सुरक्षित ढंग से कैसे प्राप्त कर सकते है, इसे लेकर रिलायंस सासन की मुहेर एवं मुहेर अमलोरी विस्तार परियोजना मे सुरक्षा मॉकड्रिल की गई। ये मॉकड्रिल सुरक्षा सर्वोपरि के सिद्वांत के तहत की गई। इस मॉकड्रिल का उद्वेष्य कर्मियो की आपातकालीन स्थिति मे तत्परता और सजगता सुनष्चित करना होता है। मॉकड्रिल का अवलोकन खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस से आये निदेशक डीएमएस, राजीव कृष्ण कुमार एवं उप निदेशक जीवन कुमार ने किया। सासन कोल माइन्स के मॉकड्रिल के आयोजन की व्यवस्थाये देखकर डीडीएमएस के अधिकारियों ने इसकी भूरि-भूरि प्रसंशा की तथा इसे हाइटेक फायर सेफ्टी प्रबंधन की संज्ञा दी। मॉकड्रिल के द्वौरान आग लगने की स्थिति तथा रेस्क्यू आपरेषन को प्रदर्शित किया गया। इस मॉकड्रिल में सासन माइन्स की फायर टीम, अग्निनायक दल एवं संबंधित आपातकालीन सेवाएँ जैसे अग्निषमन मषीनरी एवं अग्नि नियंत्रण यंत्र और संचार तंत्र की सराहनीय भागीदारी रही। इस अभ्यास में संकट की घड़ी में कार्य समन्वय और त्वरित प्रतिक्रया को सटीक ढंग से लाईर्व अग्नि प्रदर्षन किया गया। इस मॉकड्रिल का निरीक्षण करने में सासन कोल माइन्स के वरिष्ट अधिकारीगण जैसे नीरज किशोर प्रोजेक्ट डायरेक्टर, माइन्स एजेन्ट ऋषि श्रीवास्तव, माइन्स मैनेजर राकेश रंजन, सुरक्षा अधिकारी प्रेम कुमार, एचईएमएम प्रमुख राजेश द्विवेदी, फायर सिक्यूरिटी शंकर सिंह परिहार तथा उनकी अग्निशमन दल, वर्कमैन इंस्पेक्टर तथा सेफ्टी कमेटी के सभी सदस्य सम्मिलित रहे। जैसा विदित है कि रिलायंस सासन कोल माइन्स दश की अग्रणी एवं प्राइवेट सेक्टर की सबसे बडी एकीकृत कैप्टिव कोल माईंस है, जो स्वयं के द्वारा बिना अउटसोर्स के माइनिंग कार्य पूर्णरूप से संचालित और निष्पादन करती है। कोयला मंत्रालय द्वारा देष की बेहतरीन कोयला खदानो के 5 स्टार रेटिंग एवार्ड मे इसे कई वर्षो से नवाजा जाता रहा है। गत दिनो जारी 5 स्टार रेटिंग मे वर्ष 23-24 के लिए भी इसे 5 स्टार रेटिंग दी गयी है। कम्पनी के सीईओ सचिन मोहापात्रा एवं षीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए समस्त माइंन्स टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

## 26 को सिंगरौली आयेंगे म.प्र.विधानसभा अध्यक्ष

### विधानसभा अध्यक्ष सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के आयोजन में होंगे शामिल

**जागरण बैढ़न।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर दो दिवसीय प्रवास पर 26 मई को सिंगरौली आयेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 26 को प्रातः 9 बजेभोपाल से प्रस्थान कर 9 30 बजे राजाभोज एयपोर्ट पहुचेगे। प्रातः 10 बजे वायुयान से सिंगरौली के लिए प्रस्थान दोपहर 1.40 बजे सिंगरौलिया हवाई पट्टी आगमन दोपहर 2 बजे सिंगरौली हवाई पट्टी से प्रस्थान 2. 40 बजे सर्किट हाउस सिंगरौली आगमन एवं आरंक्षित। विधानसभा अध्यक्ष शायं 7 बजे राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित सिंगरौली महोत्सव समारोह में शामिल होगे। रात्रि 9 बजे सर्किट हाउस आगमन एवं रात्रि विश्राम। विधानसभा अध्यक्ष 27 को दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस से सिंगरौलिया हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान करेगे। 1.30 बजे हवाई पट्टी आगमन एवं दोपहर 2 बजे वायुयान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगे। शांय 5. 20 बजे राजाभोज एयरपोर्ट भोपाल आगमन एवं प्रोफेसर कालोनी भोपल के लिए प्रस्थान।

## आदित्य नारायण और रूपाली जग्गा की आवाज के जादू से आज होगा सिंगरौली महोत्सव का आगाज

### 25 को कवि सम्मेलन 26 को अभिजीत सावंत और अनिल श्रीवास्ताव सिंगरौली महोत्सव में लगायेंगे चार चॉद

### नगर गौरव दिवस 27 को नचिकेत लेले और अरूणिता कंजीलाल के सुरो से सजेगी महफिल

**जागरण बैढ़न।** 17 वे सिंगरौली महोत्सव का आयोजन 24 से 27 मई के बीच राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न होगा। सिंगरौली महोत्सव का आगाज आज वालीवुड के मशहूर गायक आदित्य नारायण एवं रूपाली जग्गा के सुमधुर आवाज से होगा। वही सिगरौली महोत्सव के दूसरे दिन 25 को कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि विष्णु सक्सेना अलीगढ़ गजेन्द्र प्रियांशु विनीत चौहान अखिलेश द्विवेदी दिनेश बावरा मुम्बई विजय लक्ष्मी शुक्ला गजेन्द्र सोलंकी के साथ ही स्थानीय काावियो द्वारा भी कविताओ से श्रोताओ को गुदगुदायेगे। वही 26 को फिर एक बार बालीवुड के जाने पहचाने गायक अभिजीत सावंत तथा अनिल श्रीवास्तव अपने गानो से धूम मचायेंगे। सिंगरौली महोत्सव का समापन नगर गौरव दिवस के दिन 27 को नचिकेत लेले और अरूणिता कंजीलाल की प्रस्तुतियो के साथ होगा। आयोजन के चारों दिन स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति देने का मौका दिया जायेगा। इस बार के सिंगरौली महोत्सव में कई नवाचार भी किए जा रहे है। जिसके तहत सिंगरौली महोत्सव के दौरान जिले की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान देने की दिशा में एक अनूठा प्रयास देखने को मिलेगा। इस महोत्सव में आजीविका मिशन समूह की महिलाएं जिले की पहचान बन चुकी बघेली खीर को विशेष रूप से परोसेंगी। बघेली खीर जो अपने अनोखे स्वाद और पारंपरिक विधि से तैयार की जाती है अब सिंगरौली की एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है। इस खीर को स्थानीय तौर.तरीकों और सामग्रियों से तैयार किया जाएगा जिससे इसमें जिले की मिट्टी की सुगंध और स्वाद झलकेगा। वही चार दिवसीय सिंगरौली महोत्सव में कला संस्कृति चित्रकला की बेजोड़ प्रस्तुति देखने को मिलेगी प्रतिभागी रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा दिखायेंगें। महोत्सव के चारो दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर स्वास्थ्य जॉच बी.पी एवं सुगर की जॉच कर आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया जायेगा।

# नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करान निगम की जिम्मेदारी हैं : डी.के शर्मा



### बीजूल नदी में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

**जागरण बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा आज बीजूल नदी पर बने नगर निगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लाट का औचक निरीक्षण किय गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने प्लांट के कर्मचारियों से पानी को साफ करने व शुद्ध जल की सप्लाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली। निगमायुक्त ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक नागरिको निर्बाध वा स्वच्छ पेयजल उपलंब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी है। इस लिए जरूरी के वाटर सप्लाई से संबंधित सभी व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित रहे। निगमायुक्त के द्वारा निरीक्षण के दौरान नदी के जल स्तर आदि की भी जानकारी लेने के पश्चात संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गर्मी के मौसम में नागरिको को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ निगमायुक्त के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लाट मे लगे जल सोधन संयत्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निगमायुक्त के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्बाध जल आपूर्ति के लिए इस आशय के भी निर्देश दिए गए कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सभी तैयारिया रखे। ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट सहित नदी की साफसफाई कराये जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त के द्वारा वाटर सप्लाई लाईन का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री दीपक कंवर दिनेश सोलंकी राजस्व प्रभारी मोरवा जोन आर बी सिंह स्वच्छता निरीक्षक राजीव सिंह उपस्थित रहे।

# खडिया खदान क्षेत्र में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल





**जागरण सिंगरौली।** सुरक्षा सर्वोपरि के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए खडिया खदान क्षेत्र में आज एक फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का सफ्ल आयोजन किया गया। खदान जैसे जोखिम भरे कार्यक्षेत्र में उत्पादन लक्ष्यों को सुरक्षित वातावरण में प्राप्त करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया जिससे कर्मियों की आपातकालीन स्थिति में तत्परता और सजगता सुनिश्चित की जा सके। मोक ड्रिल का अवलोकन खान सुरक्षा महानिदेशालय से राजीव कृष्ण कुमार और जीवन कुमार ने किया तथा अधिकारियों ने इस व्यापक तैयारी और सुरक्षा अभ्यास की सराहना करते हुए इसे एक प्रशंसनीय और अनुकरणीय प्रयास बतायाए साथ ही आयोजन की सफ्लता पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस कार्यक्रम में अरुण कुमार त्यागी महाप्रबंधक खडिया क्षेत्र की उपस्थिति रही एवं राकेश कुमार अवस्थी परियोजना अधिकारी खडिया परियोजना संतोष कुमार प्रबंधक खडिया खदान तथा क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रंजीत कुमार प्रधान मौजूद रहे साथ ही वर्कमैन इंस्पेक्टर तथा सेफ्टी कमेटी के सभी सदस्य एवं अग्नि नायक दल संबंधित आपातकालीन सेवाएं.जैसे कि अमन अग्नि वाहन मशीनरी एवं अग्नि नियंत्रण यंत्र और संचार तंत्र की तत्पर भागीदारी मॉक ड्रिल में रही खडिया खदान की सुरक्षा और प्रबंधन व्यवस्था की बात करें तो यह एक पाँच सितारा रेटिंग खदान है जिसने पिछले तीन वर्षों से लगातार पाँच सितारा रेटिंग लाकर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी खनिक दिवस के अवसर पर ग्रुप ए् में सर्वाधिक 9 पुरस्कार अर्जित कर खदान की कुशल प्रबंधकीय क्षमता को सिद्ध किया है। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति को प्रदर्शित किया गया जिसमें फायर टीम जयंत से फायर टेंडर सूचना मिलने के 17 मिनट में पहुँच गया इस अभ्यास ने संकट की घड़ी में कार्य.समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की सटीकता को दर्शाता है । मिशन.विजन के सभी आयामों को ध्यान में रखते हुए खडिया खदान क्षेत्र न केवल उत्पादन व उत्पादकता में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हैए बल्कि सुरक्षा के उच्च मानकों को अपनाकर एक आदर्श खदान के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में आयोजित हुई काव्य संध्या




**जागरण बैढ़न।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला मे गुरुवार की सायंकालीन बेला मे एक काव्यांजलि का आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुआ। काव्यांजलि के इस अवसर पर क्षेत्र के नामी कवियों ने अपनी सहभागिता दी तथा विभिन्न काव्य रचनाओं के माध्यम से लोकमाता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके लोककल्याण के कर्मों का बखान किया। इस काव्य संध्या पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा श्रोतागण उपस्थित रहे एवं काव्य रस का आनंद लिया। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि काव्य संध्या का शुभारंभ लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर तथा पितृ पुरुषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ उसके बाद कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं से लोकमाता को श्रद्धांजलि दी तथा विभिन्न विषयों पर कविता से संध्या को सुशोभित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ कवि सुरेश गुप्ता ने की तथा गोष्ठी का संचालन कवि अनुज शुक्ला ने किया । अन्य कवियों में प्रवेंद् दुबे चंचल नाराय.ण दास विकल सुश्री विभा तिवारी मनोहर लाल वर्मा उपस्थित रहे। काव्यपाठ के बाद जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने समस्त कवियों का शाल एवं श्रीफ्ल प्रधान कर उनका सम्मान किया तथा अपने वक्तव्यों के माध्यम से कवियों का आभार व्यक्त किया। इस सम्मेलन मे मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी सह संयोजक एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल टोली सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह जिला उपाध्यक्ष आशा यादव सरोज शाह पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार जिलामंत्री पूनम गुप्ता अरविंद तिवारी कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा दिवस प्रभारी मुकेश तिवारी वरिष्ठ नेता नरेश शाह ज्ञान प्रकाश गुप्ता सुनील सिंह गहरवार सुरेश गिरि मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता नीरज पांडेय मनोज शाह भागवत जायसवाल विनोद सिंह कुरूवंशी कमलेश शाह वरिष्ठ नेत्री आशा गुप्ता मीना चौबे युवा कार्यकर्ता अशोक शाह अनिल शाह विक्रम सिंह चंदेल शशांक विक्रम सिंह अर्जुन शाह अशोक जायसवाल संजय दुबे नीरज चौबे लाल बाबू वैश्य समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वच्छता ही सेवा 25 अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जगाई स्वच्छता की अलख




**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 25् अभियान के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जन.जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड.नाटकों का आयोजन किया गया। यह नाटक प्रमुख स्थलों जैसे सेमराबाबा और बनौली चौक पर आयोजित किए गए जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नाटकों के माध्यम से साफसफाइ स्वच्छ आदतें और सामुदायिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया। इन प्रस्तुतियो ने दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे सभी को निभाना चाहिए। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक उत्तरदायित्व योजनाओं केतहत की गई है जिसका उद्देश्य गांवो में सतत और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना है।

MP BIRLA GROUP

## विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486 006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1983PLC002134
Telephone No: 07662-400400, Fax No: 07662-400591
Email: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com

**31 मार्च, 2025 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | (अंकेक्षित) | (अनांकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 123121.61 | 103712.27 | 129182.58 | 405440.17 | 408837.15 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 14816.00 | 5189.34 | 14497.79 | 26963.94 | 37671.97 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 14816.00 | 5189.34 | 14497.79 | 26963.94 | 37671.97 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 10994.33 | 3909.32 | 10834.94 | 20284.32 | 28268.81 |
| 5 | समयाअवधि के लिए कुल विस्तृत आय /(हानि) [ समयाअवधि के लिए (कर पश्चात) सम्मलित लाभ एवं अन्य विस्तृत आय /(हानि) (कर पश्चात) ] | (1536.95) | (3468.95) | 11067.94 | 13051.71 | 57953.04 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 383409.65 | 374081.90 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 92.77 | 32.99 | 91.43 | 171.16 | 238.54 |

**कम्पनी की अंकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:**

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | (अंकेक्षित) | (अनांकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 123064.85 | 103712.27 | 129182.58 | 405383.41 | 408837.15 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ | 5129.09 | 3562.27 | 6596.34 | 15195.88 | 20616.09 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ | 3814.97 | 2691.76 | 4922.12 | 11547.60 | 15505.55 |
| 4 | समयावधि के लिए विस्तृत आय | 115.44 | 683.59 | 1914.03 | 7002.25 | 20743.70 |

टिप्पणियां: (1) संचालक मण्डल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्णप्रदत्त समता अंश पर 16/- रुपये (160%) प्रति अंश लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश का भुगतान कम्पनी के आगामी वार्षिक साधारण सभा में अंशधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।

(2) उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.vtlrewa.com पर भी उपलब्ध है। दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके भी इस पर पहुंचा जा सकता है।

दिनांक : 22 मई, 2025
स्थान : नई दिल्ली

कृते विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर सफाई अभियान का आयोजन



**जागरण, पवई ।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मण्डल पवई द्वारा एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेहन स्थित श्री शिव जी मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआए जिसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। अहिल्याबाई होल्करए जो अपने न्यायप्रिय शासन और समाज सेवा के लिए जानी जाती हैंए उनकी स्मृति में यह अभियान आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर की साफसफाई से हुईए जिसमें झाड़ू लगानाए कचरा हटाना एवं परिसर को स्वच्छ बनाना शामिल था। भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटैरिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है और उनकी जयंती पर इस प्रकार की सेवा गतिविधियों से समाज को स्वच्छता का संदेश मिलता है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अजित बढौलियाए मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार एलकी जैनए कान्हू राजाए दिनेश खटीक एप्रहलाद बेहरेए सतपाल सिंह सहित कई स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया और सफाई के महत्व को समझा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने लोकमाता के जीवन और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जल प्रबंधन के होंगे कार्य

## जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में बनी रूपरेखा



**जागरण, पन्ना ।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2020 योजना अंतर्गत जिले के तीन नगरीय निकायों क्रमशः नगर पालिका परिषद पन्नाए नगर परिषद अजयगढ़ एवं गुनौर में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार जल प्रबंधन के लिए सिटी सेनिटेशन एक्शन प्लॉन तैयार किया गया है। उक्त तीनों नगरीय निकायों द्वारा तैयार डीपीआर के परीक्षण के लिए शुक्रवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण शशिकपूर गढ़पाले सहित निकाय अध्यक्षए सीएमओ एवं उपयंत्री भी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रेजेंटेशन के जरिए निकायों के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी गई। बैठक में वर्चुअल शामिल कंसलटेंट द्वारा भी कार्यों की क्रियान्वयन के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि कार्यपालन यंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा निकायों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए। बैठक में निकायों द्वारा तैयार प्रतिवेदन के सशर्त अनुमोदन उपरांत स्थल जांच कर सही एवं उचित प्रस्ताव तैयार करें। इस दौरान निकायों के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में मैप की सटीक जानकारी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लॉट तथा निकायवार कार्यों के विभिन्न समूह व श्रेणी अनुसार भी उचित कार्यवाही करेंए जिससे प्रथमतः कार्यों में संशोधन की आवश्यकता न हो। जिला कलेक्टर ने निकाय अधिकारियों को कंसलटेंट से समन्वय कर कार्यों के तकनीकी परीक्षण तथा उपयोगिता का आकलन करने के निर्देश भी दिए।

# बाइक चोरी का लाइव वीडियो वायरल

**रीवा।** जिले में बाइक चोर कितने निडर और बेखौफहैं इसका अंदाजा गुरुवार को दिनदहाड़े हुई बाइक चोरी की घटना से लगाया जा सकता है। दरअसल शहर में सक्रिय बाइक चोर दिन निकलते की बाइक चोरी की घटना को पलक झपकते ही अंजाम देकर फरार हो गया। यह घटना गुरुवार की सुबह तकरीबन 10 बजे आरोपी आकर बाइक में बैठता है, काफी समय तक बाइक को हिलाता-डुलाता है और कुछ समय बाद बाइक लेकर फरार हो जाता है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। दरअसल यह घटना अमहिया थाना क्षेत्र के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गेट की है। घटना के संबंध में फोर्ट रोड निवासी दुर्गेश लखेरा ने बताया कि वह गैस चूल्हा बनाने का काम करता है और अस्पताल गेट के बगल में वह दुकान के अंदर काम कर रहा था, जब बाहर निकाला तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में जब देखा गया तो एक आरोपी काफी समय तक बाइक में बैठा था और इसके बाद बाइक लेकर फरार हो जाता है लेकिन यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती है। फिलहाल बाइक चोरी की घटना होने के बाद फरियादी के द्वारा संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## मोबाइल चोरी का आरोपी पकड़ाया

**रीवा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर बताया गया कि शिवकली नामदेव पति संतोष कुमार नामदेव उम्र 55 वर्ष निवासी अशोक पेड़ के पीछे फोर्ट रोड थाना कोतवाली द्वारा गुरुवार को शिकायत की गई कि सुबह करीबन 5 बजे मेरे घर के अन्दर फाटक हटाकर एक लड़का घुसा और मेरी लड़की का ओप्पो ए-3 कम्पनी का फोन चोरी कर भागने लगा जो कि मोहल्ले का रहमान खान था।

# पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान

**जागरण, पन्ना ।** संभागायुक्त डॉ वीरेन्द्र सिंह रावत के निर्देशानुसार सागर संभाग में सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी 26 मई से 20 जून तक जिले के सभी कार्यालयों में सेवानिवृत्त और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में संभाग आयुक्त ने सागर संभाग के समस्त कलेक्टर्स को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि वह अपने.अपने जिले में उक्त अवधि में जिले के समस्त कार्यालयों के सेवानिवृत्त व मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण एवं देय स्वत्वों के निराकरण के लिए एक अभियान चलाएं।

**अभियान की रूपरेखा :** इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी पेंशन अधिकारियों जिला कोषालय अधिकारियों जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने.अपने कार्यालय विभाग में गत 02 वर्षों में सेवानिवृत्त मृत सभी शासकीय सेवकों की सूची 31 मई 2025 की स्थिति में बनाकर यह चिन्हित करने का दायित्व सौंपें कि उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण होकर सेवानिवृत्ति पर देय सभी स्वत्वों का भुगतान हो गया है अथवा नहीं साथ ही यह भी देखा जाये कि मृत शासकीय सेवकों के मामले में पात्र व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है अथवा नहीं यदि नहीं तो आवश्यक कार्यवाही अभियान अंतर्गत ही करें। जिन शासकीय सेवकों के उक्त स्वत्वों का निराकरण नहीं हुआ है उन शासकीय सेवकों की अलग.अलग श्रेणी के क्लेम दावे की सूची पृथक से तैयार कर लें तथा उनके निराकरण के लिए कार्यवाही प्रारंभ करें। जिला पेंशन कार्यालय द्वारा बताई गई अपूर्ण कार्यवाही को पूर्ण करवाकर जिला अधिकारी अपने शाखा प्रमुख के समक्ष पूरा प्रकरण जिला पेंशन अधिकारी को भिजवाएं। जो प्रकरण जिला पेंशन अधिकारी के स्तर पर स्वीकृत किये जाकर पीपीओ जारी किये जा सकते हैं उसके पीपीओ जारी कर दिये जाएं तथा अभियान समाप्ति के उपरांत जिला कलेक्टर के निर्देशन में पीपीओ का वितरण किया जाए।

आदेश में उल्लेखित है कि जिन प्रकरणों का निराकरण संभागीय पेंशन अधिकारीध् संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा अथवा विभागाध्यक्ष के द्वारा किया जाना हैए उन प्रकरणों को तैयार कर वे संबंधित कार्यालय को इस अभियान के दौरान प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला कलेक्टर इस बात की समीक्षा करेंगे कि उनके जिले में विभिन्न विभागों के पेंशन एवं देय स्वत्वों के निराकरण के लिए कितने प्रकरण निर्धारित किये गये थेए कितने निराकृत हुए और कितने निराकरण के लिए शेष हैं। जिला कलेक्टर निराकरण के लिए शेष प्रकरणों के कारणों को भी जिला अधिकारी से प्राप्त करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर्स टीएल बैठक में चर्चा अनिवार्य रूप से करेंगे।शासकीय सेवक का पी पीओ देय स्वत्व निराकरण के लिए शेष रहने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही संभाग आयुक्त डॉण् वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि अभियान के पश्चात यह अपेक्षा की जाती है कि जिले में किसी भी शासकीय सेवक का पीपीओ देय स्वत्व निराकरण के लिए शेष नहीं है अथवा प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है।

# मां कलेही परिसर में मिला करही निवासी युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी



**पन्ना ।** जिले के पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत मां कलेही मंदिर परिसर में करही निवासी युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। शव के पास एक साइकिलए जूते और एक बोरी मिली है सूचना मिलते ही पवई पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को शव विच्छेदन गृह भेजा गया परिजनों के अनुसारए युवक सुबह 11 बजे ग्राम करही से साइकिल द्वारा अपनी मौसी के यहाँ शादी समारोह में शामिल होने ग्राम रेहुटा निकला था। आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी और थकान के कारण वह मंदिर परिसर में आराम करने रुका होगाए जहां संभवतः उसे दिल का दौरा पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि युवक का किसी से विवाद या दुश्मनी नहीं थी।

# दीपसागर तालाब के घाट पर किया गया सामूहिक श्रमदान



**जागरण, टीकमगढ़।** शासन दिशा निर्देश अनुसार समस?त नगरीय निकायों में दिनांक 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक नदियों तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरणध् संरक्षण हेतु विक्रमोत्सव 2025 जल गंगा सर्वधन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दिनांक 23.05.2025 को निकाय में स्थित वार्ड क्रमांक 9 में दीपसागर तालाब पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति जानकी राजकुमार विश्वकर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सुनीता खरेए उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी सुश्री मोनिका खरे उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना बुखारियाए पार्षद मोहन प्रजापति श्रीमती कुसुम अहिरवार श्री प्यारेलाल रैकवार एवम नगर परिषद् के कर्मचारी शोभाराम गोंड विजय यादव रतन यादवए मनोज दीक्षित आशीष गुप्ता सुशील वाल्मीकि सहित समस्त कर्मचारियों सहित नगर कारी के सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान




**जागरण, टीकमगढ़।** पुलिस मुख्यालयए भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में यात्री बसोंए स्कूल बसों तथा अन्य वाहनों में सुरक्षा एवं वैधता सुनिश्चित करने हेतु एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक 'मनोहर सिंह मंडलोई' के निर्देशन में टीकमगढ़ जिले में भी यह अभियान प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है । दिनांक 22.05.2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ़ध्जतारा के मार्गदर्शन में ट्रैफिक्र थाना प्रभारीए रक्षित निरीक्षक 'कैलाश पटेल' सहित समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अंतर.राज्यीय एवं अंतर.जिला सीमाओं पर चेकिंग प्वाइंट्स स्थापित कर वाहनों की सघन जांच की गई।

**अभियान के मुख्य बिंदु :** कुल 531 वाहनों की जांच कर 49 वाहन चालकों से 15.100' का समन शुल्क वसूला गया। चालकों को 'ट्रैफिक्र नियमों के पालन हेतु समझाइश' दी गई। गुड सेमेरिटन योजना एवं गोल्डन ऑवर्स की जानकारी दी गई। विशेष रूप से स्कूल बसों व चारपहिया वाहनों के निम्न दस्तावेजों की जांच की गई । फिटनेस प्रमाणपत्र, वैध परमिट, बीमा दस्तावेज, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र , बसों की 'भौतिक स्थिति' की भी विधिवत जांच की गई।

यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आगे भी जिले में संचालित सभी स्कूल बसों व सार्वजनिक वाहनों की नियमित जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 'मोटरयान अधिनियम' के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीकमगढ़ पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे ट्रैफिक्र नियमों का पालन करें तथा अपनी और परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें ।

# लिधौरा के बड़ा मंदिर में मलूक पीठाधीश्वरर राजेंद्र दास देवाचार्य शुक्रवार शाम पहुंचे



**जागरण, टीकमगढ़।** इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उनके दर्शन करने पहुंचे। शाम 7 बजे से मंदिर में सत्संग का कार्यक्रम शुरू हुआ। वे 23 से 31 मई तक बुंदेलखंड के प्रवास पर रहेंगे। 24 मई को जतारा और बल्देवगढ़ में सत्संग करेंगे। बल्देवगढ़ के श्री गोपाल जी मंदिर में महाराज शाम 7 बजे पहुंचेंगे। वहां वे सर्वप्रथम भगवान की आरती करेंगे। इसके बाद मंदिर प्रांगण में एक घंटे का सत्संग होगा। यह मंदिर तीन साल पहले जीर्णोद्धार के बाद पुनः स्थापित किया गया था।

## 25 और 26 मई को टीकमगढ़ में होगा सत्संग

महाराज के शिष्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि 25 और 26 मई को टीकमगढ़ में सत्संग होगा। आयोजन समिति के सदस्य संतोष पटेरिया ने बताया कि शहर के कलेक्टरेट रोड के संगम गार्डन में शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक महाराज का सत्संग कार्यक्रम होगा। इसके बाद भंडारे का होगा। 27 मई को पृथ्वीपुर में कार्यक्रम होगा। 28 से 30 मई तक ओरछा में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महाराज के कार्यक्रम को लेकर जिले भर में सत्संग कार्यक्रम की तैयारी की जा रही हैं।


**कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग सत्र 2025-26 (C-17)**

**कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS etc.) पाठ्यक्रम**

सत्र 2025-26 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE), नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS, etc.) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की कार्यवाही शासन द्वारा घोषित सक्षम प्राधिकारी, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा की जाना है। काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश स्थित उक्त पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाली समस्त संस्थाओं को निम्न जानकारी आवश्यक है:-

1. संस्थाओं द्वारा कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA) एवं मैनेजमेंट (BBA, BMS etc.) संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सहमति।
2. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) द्वारा संस्था को सत्र 2025-26 के लिए बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA), बैचलर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA), एवं बैचलर ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज (BMS) का अनुमोदन (EOA/LOA)।
3. संबंधित विश्वविद्यालय से सत्र 2025-26 के लिए सम्बंधित पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ़ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (BCA), बैचलर ऑफ़ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (BBA) एवं बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (BMS) (सम्बंधित पाठ्यक्रम) की संबद्धता।
4. सत्र 2025-26 के लिए शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय संस्थाओं के सम्बन्ध में शासन/संस्था द्वारा शिक्षण शुल्क की जानकारी तथा निजी क्षेत्र की संस्थाओं के लिए प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति (AFRC) मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संबंधित पाठ्यक्रम के लिए जारी किया गया शिक्षण शुल्क निर्धारण आदेश।

संस्थाएँ ऑनलाइन काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिये जारी किये गये निर्देश एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा की वेबसाइट **https://dte.mponline.gov.in** का अवलोकन करें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/120275/2025 **संचालक तकनीकी शिक्षा**



**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**मास्टर ऑफ प्लानिंग (Master of Planning) पाठ्यक्रम में वैध गेट स्कोर Valid GATE/NET Score/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित अनुदान प्राप्त/निजी संस्थान)**

| प्रथम चरण (वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) के आधार पर) | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 10.06.2025 से 30.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार **(Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 01.07.2025 से 02.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम **(Choice Filling)** में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 15.06.2025 से 04.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 05.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 10.07.2025 से 15.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन दिनांक 10 जून 2025 से 19 जुलाई 2025 तक उपलब्ध रहेंगे, शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी।** | |
| **द्वितीय चरण** (प्रथमत: वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन) | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 10.07.2025 से 19.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार **(Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2025 से 21.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम **(Choice Filling)** में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 12.07.2025 से 23.07.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 24.07.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.07.2025 से 31.07.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)** (प्रथमत: वैध गेट/नेट स्कोर (Valid GATE/NET Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन) | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **दिनांक/समय** |
| 02.08.2025 से 05.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 06.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2025 से 10.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 11.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से कार्यालयीन समय तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2025 से 14.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त :**

❖ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/120256/2025 **संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण हब के रूप में उभरा मध्यप्रदेश

# किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी उद्यानिकी फसलें

मध्यप्रदेश में किसान की आमदनी कैसे दुगुनी हो इसके लिए डॉ. मोहन सरकार सतत् कार्य कर रही है और उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे है किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए किसान के बेटे डॉ. मोहन यादव ने उद्यानिकी फसलों के उत्पादन पर भी फोकस किया है विभाग ने सीएम की मंशा के अनुरूप उद्यानिकी एवं खाद्य एवं प्र-संस्करण के क्षेत्र में कई ऐसी योजनाए बनाई है जिससे सूबे का किसान उद्यानिकी फसलों की पैदावार की ओर आकर्षित हो रहा है डॉ. यादव की सोच ने मध्यप्रदेश को इस क्षेत्र में कई मामले में देश में अव्वल बनाया है। जिस तरह से किसानों की रूची इस क्षेत्र में देखने को मिल रही है इससे तय है आने वाला समय मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बनाया।



उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में जिस गति से मध्यप्रदेश ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है, उससे प्रदेश की उद्यानिकी फसलों के प्रति देश और विदेशों में खासी मांग भी बढ़ रही है। इससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन कर उभरा है। गत फरवरी माह में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों से उद्यानिकी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश के उद्यानिकी क्षेत्री में हुए नवाचारों और बड़े पैमाने पर हो रहे उत्पादन को दर्शाता हैं। मध्यप्रदेश में गत 5 वर्षों में उद्यानिकी के रकबा में 23.72 प्रतिशत वृद्धि हुई। वर्ष 2019-20 में उद्यानिकी फसलों का रकबा 21.75 लाख लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 26.91 लाख हैक्टेयर हो गया है। मध्यप्रदेश में गत 20 वर्षों में छोटे के साथ बड़ी कृषि-जोत रखने वाले किसान भाइयों ने %कैश-क्रॉप% के रूप में उद्यानिकी फसलों को लेना शुरू कर दिया है इस कारण उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जी, मसाला पुष्प एवं औषधियों) का रकबा 4 लाख 67 हजार हैक्टेयर से 27 लाख 71 हजार हैक्टेयर यानिकी लगभग 500 प्रतिशत की तथा उत्पादन 35 लाख 40 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 417 लाख 89 हजार मीट्रिक टन हो गया। इस तरह उत्पादन में 1000 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन रहा है।

### उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता पांच गुनी अधिक

मध्यप्रदेश की जलवायु उद्यानिकी फसलों के लिये अनुकूल होने के साथ सिंचाई सुविधाएँ भी अन्य राज्यों से बेहतर है। प्रदेश का कुल उद्यानिकी रकबा का 5 लाख 54 हजार हैक्टेयर मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टयर है, जो देश की उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 12.19 टन प्रति हैक्टेयर से 23.21 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान फसलों की उत्पादकता 2.82 टन प्रति हैक्टेयर की तुलना में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टेयर है, जो 5 गुनी से अधिक है। आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) प्रदेश के किसान भाइयों की आय का मुख्य घटक बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो सपने को सकार करने के लिये परियोजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास प्रारंभ किया गया है।

### केन बेतवा सहित अंक परियोजना से बढ़ेगा सिंचाई का रकवा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल मिले जल हमारा तुम्हारा के प्रयास पर मध्यप्रदेश में 24 हजार 293 करोड़ की अनुमानित लागत? से केन-बेतवा लिंक परियोजना, 35 हजार करोड़ की लागत से पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ताप्ती नदी बेसिन मेगा रिचार्ज योजना महाराष्ट्र सरकार के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2025-26 में 19 वृहद एवं मध्यम तथा 87 लघु सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचित रकबे में आशातीत वृद्धि होगी। उद्यानिकी विभाग द्वारा भी किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रयासों के तहत ड्रिप/स्प्रिकंलर संयंत्र करने के लिये अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जा रहा हौ। प्रदेश में 22 हजार 167 हितग्राहियों 130 करोड़ रूपये का अनुदान प्रदान कर 26 हजार 355 हैक्टेयर फसलों को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराई गई है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिये 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन सभी प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आगामी 5 वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 26.91 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख 91 हजार हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति में उद्यानिकी विभाग के प्रयास सराहनीय है। जिला स्तर की 40 नर्सरियों और ई-नर्सरी को हाईटेक बनाया गया है, पौधे के लिये ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों पर नई नर्सरी पीपीपी मोड पर विकसित करने के निर्देश दिये है।

प्रदेश में इजराइली तकनीकि से 14.74 करोड़ की लागत से 3 सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, मुरैना में हाई वैल्यू वेजिटेबल, छिंदवाड़ा में नीबू वर्गीय फसलों तथा हरदा में निर्यात उन्मुख (आम और सब्जी) के लिये स्थापित किये जाना है। इसी क्रम में मुरैना में पीपीपी मोड में आलू की समग्र खेती की परियोजना प्रारंभ की गई, इसमें किसानों ने गत 3 वर्षों में आलू की अनेक नई किस्म विकसित की है। ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये की लागत से हाईटेक फ्लोरी कल्चर नर्सरी भी बनाई जा रही है।



#### खरीफ वर्ष 2024 में सोयाबीन उपार्जन

- प्रदेश में पहली बार सोयाबीन का भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जन किया गया।
- सोयाबीन के उपार्जन हेतु 3.44 लाख कृषको के द्वारा पंजीयन कराया गया।
- कुल पंजीकृत कृषकों के विरुद्ध 2.12 लाख कृषकों के द्वारा सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 6.22 लाख मेट्रिक टन मात्रा का उपार्जन किया गया।
- सोयाबीन का विक्रय करने वाले कृषको के न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि लगभग 3043 करोड़ है, जिसमें सभी पात्र कृषको को भुगतान कर दिया गया है।

### मसाले लहसुन संतरा उत्पादन में प्रदेश अव्वल

उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश की स्थिति की बात करें तो मध्यप्रदेश संतरा, मसाले लहसुन, अदरक और धनिया के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। मटर, प्याज, मिर्च, अदरक में दूसरे तथा फूल, औषधियों एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में फसलों का रकबा भागीदरी फल 4.61 लाख हैक्टेयर, सब्जी 12.40 लाख हैक्टेयर, मसालें 8.99 लाख हैक्टेयर, पुष्प 14 हजार हैक्टेयर तथा औषधी एवं सुंगधित पौधे 48 हजार हैक्टेयर में पैदा किये जा रहे है। राज्य सरकार उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास कर रही है, फसलों को वैश्विक पहचान-जीआई टैग दिलाने के प्रयास जारी है। प्रदेश के रीवा के सुंदरजा आम और रतलाम के रियावन लहसुन को जीआई टैग मिल चुका है। प्रदेश की 15 उद्यानिकी फसलें इनमें खरगौन की लालमिर्च, जबलपुर की मटर, बुरहानपुर का केला, सिवनी का सीताफल, नरसिंहपुर (बरमान) का बैंगन, बैतूल का गजरिया आम, रतलाम की बालम ककड़ी, जबलपुर का सिंघाड़ा, इंदौर का जीरा, धार की खुरासानी इमली, इंदौर के मालवी गराडू, देवास के मावाबाटी और सतना की खुरचन को भी वैश्विक पहचान त्रद्ध दिलाने के प्रयास किया जा रहा है।

### 25 करोड़ की परियोजना में 2.5 करोड़ का अनुदान

उत्पादित फसलों की वैल्यू एडिशन (मूल्य वर्धन) के लिये आवश्यक है कि उत्पादित फसलों की प्रोसेसिंग कर बाजार में भेजा जाये। इससे किसान को भी अच्छे दाम मिल सकेंगे और रोजगार भी उपलब्ध होगा। इसी उद्देश्य से अच्छे दाम पर विक्रय के लिये प्रदेश में 1982 में खाद्य प्र-संस्करण विभाग की स्थापना की गई थी जो पूर्व में कृषि विभाग का हिस्सा था। वर्ष 2005 से उद्यानिकी के साथ है। प्रदेश में सूक्ष्म खाद्य ईकाइयों और प्र-संस्करण उद्यागों संवर्धन नीति-2014 के क्रम में खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। 25 करोड़ तक की परियोजना में 10 प्रतिशत 2.5 करोड़ रूपये अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2018 से 2024-25 तक 85 करोड़ से अधिक राशि की 242 इकाइयाँ स्थापित हुई है। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना योजना में 2021-22 से 2024-25 तक 11597 ईकाइयों की रिकार्ड स्थापना हुई है। इसमें निजी ईकाइयों को अधिकतम 35 प्रतिशत तक क्रेडिट लिंक अनुदान दिया जाता है। उत्पादित सामग्री को बाजार मुहैया कराने के प्रयास लगातार जारी है। जुलाई 2024 में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी खाद्य प्र-संस्करण पर केन्द्रित मेले और वर्कशॉप आयोजित करने, प्रदेश में एक विशेष उद्यानिकी और प्र-संस्करण समिट आयोजित किये जाने पर जोर दिया है जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के साथ उद्यानिकी के बढ़ते हुए महत्व को सिद्ध करती है। प्रदेश के किसानों की खुशहाली और राज्य का आर्थिक स्वंलम्बन उद्यानिकी में छिपा हुआ है। सरकार और किसान दोनों इस ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित ही इसके अच्छे परिणाम आयेंगे।

## नरवाई जलाने में कमी लाने हेतु रणनीति

### रणनीति

- मिट्टी में जैविक तत्व बढ़ाने के उद्देश्य से पराली को मिट्टी में ही छोड़ दें
- सीबीजी संयंत्र, पेलेटिंग संयंत्र, बायो-चार, जैसे जैव अपशिष्ट उपयोगकर्ताओं को साथ में जोड़ना

### भागीदारी

- कृषि, पर्यावरण, पंचायत, राजस्व, शहरी, गैर सरकारी संगठन, जन प्रतिनिधि, किसान संगठन

- **जागरूकता सृजन और व्यवहार**- पराली जलाने के दुष्प्रभावों और बेहतर विकल्पों की उपलब्धता के बारे में जागरूकता पैदा करना
- **प्रशिक्षण**- किसानो जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचरियों का प्रशिक्षण **संसाधन उपलब्धता** - पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करना
- हैप्पी सीडर, सुपर सीडर बेलर, स्ट्रॉ रीपर आदि
- पर्याप्त मात्रा में कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करना
- कस्टम हायरिंग सेंटर को किसानो/ सीबीजी संयंत्र / उद्योग से जोड़ना
- **प्रदर्शन**- किसानों के लिए पराली प्रबंधन उपाये करने पर 1.50 लाख प्रदर्शन आयोजित किये जाएंगे
- **प्रवर्तन** - पराली जलाने के मामलों का पता लगाने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की प्रणाली विकसित करना

### रबी 2024-25 में अवशेष जलाये बिना गेहूं की खेती



- लगभग 2700 किसानों ने बिना अवशेष जलाए जीरो टिलेज तकनीक से रबी गेहूं की फसल की बोनी की गई
- किसानों को औसत उपज 50-70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन
- खेती की लागत 25-30 प्रतिशत कमी
- उपज और आय में 25-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### कृषि आय में सुधार के लिए जलवायु अनुकूलन कृषि कार्यक्रम



- प्रदेश के 9 जिलों में चावल, गेहूं, सायोबीन, मक्का, मूंग और उड़द के लिए शून्य-जुताई आधारित खेती का प्रयोग।
- कम उर्वरकों, कीटनाशकों, पानी और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के उपयोग को बढ़ावा देना

### उल्लेखनीय कार्य - ड्रोन तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम



- जबलपुर के कौशल विकास केन्द में प्रारंभ
- भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के सहयोग से
- 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण
- प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण व्यय की 50 प्रतिशत (रू. 5900) की अनुदान
- अब तक 33 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण
- प्रशिक्षणार्थियों को रु 10,000/माह आय

### ई-मंडी



- मंडी प्रांगण के अंदर कृषकों की प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान की प्रक्रिया का डिजिटाइजेशन
- 01/04/2025 से प्रदेश की सभी 259 मण्डियों में ई- मंडी योजना लागू की गई है।
- अब तक कुल 133.23 लाख मीट्रिक टन का वाणिज्यक संव्यवहार जिसका कुल मूल्य 41,834 करोड़ है।

---

## किसानों के लिए संवेदनशील सरकार

## धान विक्रय में किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

# मध्यप्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में स्थापित किए नये कीर्तिमान

मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। साथ ही फसलों के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर रिकार्ड बनाया। प्रदेश दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर एवं तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। तृतीय फसली क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। खरीफ 2024 के धान उत्पादक कृषकों को जिन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है, उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। चार हजार रूपये प्रति हैक्टेयर की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जायेगा, जिसमें एक कृषक को अधिकतम दस हजार रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदाय की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूँ पर 175 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा रही है।





### किसानों के खातों में पहुंचे 1770 करोड़ रुपए

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग 83.50 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1770 करोड़ रुपए उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 24 फरवरी, 2025 को जमा किए गए है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 10 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को 1624 करोड़ रुपए उनके बैंक खाते में सिंगल क्लिक से जमा किए गए हैं। प्रदेश में पहली बार भारत सरकार की सपोर्ट प्राइस स्कीम में सोयाबीन का उपार्जन किया गया, जिसमें 2 लाख 12 हजार 568 कृषकों से 6.22 लाख मीट्रिक मात्रा का उपार्जन किया गया, जिसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि 3043.04 करोड़ रुपए है। श्रीअन्न के उत्पादन को बढावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न (मोटा अनाज) प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें किसानों को 3900 रुपए प्रति हैक्टेयर डी.बी.टी. के माध्यम से उनके बैंक खाते में देय होंगे। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ ही फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सॉयल हेल्थ कार्ड और सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि का लाभ भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल के नुकसान का समय पर आंकलन एवं राहत राशि का वितरण किसानों को समय पर मध्यप्रदेश में मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन और दावा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एनसीआईपी पोर्टल के साथ अपने भूमि रिकॉर्ड को सफलतापूर्वक एकीकृत करने एवं इस पोर्टल को और अधिक किसान अनुकूल बनाने के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजनांतर्गत प्रदेश में 89 दीदीओं को स्वाबलंबी बनाया गया है। इनके माध्यम से 4200 हैक्टेयर में तरल उर्वरक का छिड़काव तथा राशि रुपये 21.22 लाख की शुद्ध आय प्राप्त की। इस वर्ष 2025-26 में 1066 दीदियों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

### बायो गैस निर्माण के लिए मिल रहा अनुदान

प्रदेश में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, रिलायंस एवं गेल कंपनी द्वारा स्थापित किये जा रहे सीबीजी प्लांट में फसल अवशेष से कम्प्रेस बायो गैस निर्माण की जायेगी, इसके लिये राज्य सरकार ने नरवाई प्रबंधन से संबंधित हाईटेक हब केन्द्र स्थापना पर हितग्राही को अधिकतम 97.50 लाख रूपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदाय किये जाने के लिये विभागीय कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से ट्रैक्टर सर्विस मैकेनिक तथा कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन ऑपरेटर का प्रशिक्षण देश की प्रतिष्ठित निर्माता कंपनी के सहयोग से दिया जाता है। विभागीय केन्द्रों के माध्यम से वर्ष 2024-25 तक 7361 प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें से 1939 प्रशिक्षणार्थियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ। कौशल विकास केन्द्रों के माध्यम से किसान ड्रोन पायलट प्रशिक्षण एवं ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में 50 प्रतिशत शुल्क का भुगतान राज्य शासन द्वारा वहन किया जा रहा है। कुल 412 युवाओं को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण तथा 33 प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कृषकों को सस्ती दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबी बनाये जाने के लिये शासन के जन संकल्प पत्र-2023 के अनुपालन में हर वर्ष 1000 कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। पूरे देश में इस योजना की पहल मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2012 में की गई तथा अब तक 4730 कस्टम हायरिंग केन्द्र प्रदेश स्तर पर स्थापित होकर कृषकों को लाभ दे रहे है। आवेदक को प्रोजेक्ट की लागत अधिकतम राशि रु. 25 लाख तक के प्रोजेक्ट पर 40 प्रतिशत अधिकतम राशि रुपये 10 लाख का अनुदान दिया जाता है। प्रदेश में एबीईडीए अन्तर्गत 11.48 लाख हैक्टयर फसल उत्पादन क्षेत्र एवं वनोपज संग्रहण क्षेत्र सहित 20.55 लाख हेक्टेयर जैविक क्षेत्र पंजीकृत है।

### उपज के लिए मोल भाव कर सकता है किसान

एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत कृषि संबंधी 06 उत्पाद कोदो-कुटकी-अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिंगरौली, तुअर दाल-नरसिंहपुर, चना-दमोह, बासमती चावल-रायसेन, चिन्नोर चावल-बालाघाट, सरसों-भिण्ड एवं मुरैना, अंतर्गत 10 जिले शामिल किये गये है। फार्म गेट ऐप के तहत किसान अपनी उपज का विवरण, फोटो मोबाइल एप्लिकेशन पर डाल कर मंडी मे पंजीकृत व्यापारियों के साथ मोल भाव कर सकता है। सौदा तय होने पर किसान की सहमति प्राप्त कर व्यापारी सीधे किसान के गाँव या खेत से उपज उठा लेता है। इससे भौतिक रूप से माल के परिवहन की आवश्यकता नहीं रहती। यह उपज न बिकने की अनिश्चितता को समाप्त करता है। मंडी में सही दाम न मिलने पर भी, विशेषकर छोटे और मध्यम किसान जिनके पास अपने परिवहन के साधन नहीं होते है, उन्हें अब मजबूरी में उपज नहीं बेचना पड़ती है।

D-16019/25



### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 09 | 04 | 18 | 0.602 |
| बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.482 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.389 |
| मुंबई | 13 | 08 | 05 | 16 | 1.292 |
| दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 13 | -0.019 |
| लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 12 | -0.337 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 09 | -1.005 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 06 | -1.030 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



साई सुदर्शन (गुजरात) 638
शुभमन गिल (गुजरात) 636
सूर्यकुमार यादव (मुंबई) 583
मिचेल मार्श (लखनऊ) 560

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) 21
नूर अहमद (चेन्नई) 21
ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) 19
जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) 18



### बाउंड्री मीटर



1083 छक्के
1926 चौके
125 अर्धशतक

मिचेल सैंटनर ने दिल्ली के खिलाफ चार ओवरों में 11 रन दिए। यह वानखेड़े में आईपीएल में किसी स्पिन गेंदबाज द्वारा चार ओवर में दिए गए संयुक्त रूप से सबसे कम रन हैं। इस मैदान पर तीन गेंदबाजों ने चार ओवर में कम रन दिए।

# पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में रहने पर

जेएनएन, जयपुर

आईपीएल 2025 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स की भिड़ंत होगी। यह मुकाबला आईपीएल निलंबन से पहले रद्द हुए मैच का रिमैच है, लेकिन हालात अब पूरी तरह बदल चुके हैं। पंजाब पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है, इसलिए उनके लिए अब टॉप-2 में जगह बनाना बेहद अहम है। वहीं दिल्ली जो अब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, सिर्फ सम्मान के लिए खेलते हुए अपने सीजन का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नयी दास्तान लिख रही पंजाब की नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी, लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेआफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी।

### दिल्ली बनाम किंग्स : मैच आज शाम 7:30 बजे से जयपुर में



### पंजाब की जान है उनकी ओपनिंग जोड़ी

पंजाब की ओपनिंग जोड़ी प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (435 रन) टीम की कामयाबी की बड़ी वजह बनकर उभरी है। इस जोड़ी ने लगभग हर मैच में पावरप्ले में टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों बल्लेबाज अब तक सीजन में 350 से ज्यादा रन बना चुके हैं, और प्रभसिमरन तो 500 रन के आंकड़े के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। इस ओपनिंग जोड़ी का प्रदर्शन सीधे तौर पर टीम के नतीजों को प्रभावित करता है। जब इन दोनों में से कोई भी बल्लेबाज 45+ रन बनाता है, तो पंजाब ने अब तक कोई मुकाबला नहीं गंवाया है (5 जीत, 1 बिना नतीजे वाला मैच)। लेकिन जब दोनों में से कोई भी 45 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाता, तो पंजाब ने छह में से तीन मुकाबले गंवाए हैं।

### पावरप्ले गेंदबाजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए समस्या

दिल्ली की पावरप्ले गेंदबाजी लगातार उनकी सबसे बड़ी कमजोरी साबित हो रही है। इस सीजन में उन्होंने पावरप्ले में 9.7 की इकॉनमी रेट से रन लुटाए हैं, जो लीग की चौथी सबसे महंगी इकॉनमी है। दिल्ली के लिए एकमात्र राहत स्पिनर विप्रज निगम रहे हैं, जिनकी स्ट्राइक रेट 14 रही है, जो इस चरण में किसी भी गेंदबाज के मुकाबले सबसे प्रभावी है। वहीं दूसरी ओर अन्य तेज गेंदबाज जैसे मुकेश कुमार और दुश्मांता चमीरा पावरप्ले में कोई प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। लगातार शुरुआती विकेट नहीं ले पाने की वजह से दिल्ली हर बार बैकफुट पर आ जाती है और विरोधी टीमों को तेज शुरुआत करने का मौका देती है।

### दो अलग तरह के शीर्षक्रमों की भिड़ंत देखने मिलेगी

शीर्ष क्रम की टक्कर एक दिलचस्प मुकाबला पेश करने वाली है, जहां दो टीमों की बल्लेबाजी ताकत में जमीन-आसमान का फर्क नजर आता है। पंजाब का शीर्ष क्रम इस सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है, जिसकी औसत 36.5 है, जो लीग में गुजरात (58.3), लखनऊ (40.5) और बेंगलुरु (37.3) के बाद चौथे नंबर पर है। दूसरी ओर दिल्ली की शुरुआत बेहद कमजोर रही है, जहां उनके शीर्ष तीन बल्लेबाजों की औसत केवल 27.1 रही है, जो चेन्नई (23.2) और कोलकाता (26.2) के बाद सबसे कम है। ऐसे में यह मुकाबला रणनीतिक रूप से अहम होगा, जहां पंजाब अपनी मजबूत शुरुआत का फायदा उठाकर दिल्ली पर दबाव बनाना चाहेगी।

■ जयपुर में इस सीजन अब तक कुल पांच मुकाबले खेले गए हैं और कुल पांच बार 200 से अधिक का स्कोर बना है। तीन बार यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है। इस सीजन इस मैदान पर सबसे न्यूनतम स्कोर 180 का रहा है, जिसका गेंदबाजी टीम ने बचाव किया है, वहीं सर्वाधिक 210 के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है।

### हेड टू हेड

■ ओवरऑल पंजाब ने 17 तो दिल्ली ने 16 मुकाबले एक दूसरे के खिलाफ जीते हैं।
■ 2021 से अब तक दोनों टीमों के बीच खेले गए सात मुकाबलों में पांच जीत दिल्ली के हाथ लगी है

### पंजाब की पावरप्ले गेंदबाजी में सुधार

पंजाब की पावरप्ले गेंदबाजी में बदलाव देखने को मिला है। शुरुआती पांच मुकाबलों में टीम सिर्फ चार विकेट निकाल सकी थी वह भी 9.8 की इकॉनमी और 73.8 के औसत के साथ। लेकिन इसके बाद पंजाब ने अपने गेंदबाजी आक्रमण में बड़ा सुधार किया और अगली सात पारियों में उन्होंने 14 विकेट चटकाए, वो भी 8.8 की इकॉनमी और केवल 23 के औसत के साथ। हालांकि, राजस्थान के खिलाफ पिछला मुकाबला अपवाद रहा, जहां यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी के चलते पंजाब की गेंदबाजी बेअसर दिखी।

# शमी का टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना मुश्किल, टेस्ट मैच के लिए तैयारी नहीं

**मुंबई, जेएनएन।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड जाना मुश्किल लग रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार शमी आईपीएल में गेंदबाजी करने के लिए फिट हैं, लेकिन उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जरूरी वर्कलोड अभी तक हासिल नहीं किया है। पिछले साल हुई टखने की सर्जरी से सफलतापूर्वक उबरने के बावजूद, शमी को दाहिने घुटने में दर्द महसूस होने लगा था, जिसके लिए वह लगातार इलाज करवा रहे हैं। हालांकि घुटने की समस्या ने उन्हें पूरी तरह से गेंदबाजी करने से नहीं रोका है, लेकिन इसने शमी की लंबी अवधि तक गेंदबाजी करने की योजना को बाधित किया है, जो टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी का एक जरूरी हिस्सा है। नतीजतन, राष्ट्रीय चयनकर्ता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इंग्लैंड में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इस स्ट्राइक गेंदबाज को चुना जाए या नहीं। समझा जाता है कि बीसीसीआई मेडिकल स्टाफ का एक सदस्य इस हफ्ते लखनऊ गया था, ताकि शमी का आकलन किया जा सके, जो इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल खेल रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि चयनकर्ताओं ने इस मामले में कोई महत्वपूर्ण फैसला लिया है या नहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि वे सावधानी बरतते हुए उन्हें भारतीय टीम में शामिल नहीं करेंगे, जब तक कि मेडिकल स्टाफ द्वारा कोई अनुकूल रिपोर्ट न दी जाए। संयोगवश, 34 वर्षीय शमी ने अपना आखिरी टेस्ट इंग्लैंड में ही खेला था।



### तेज गेंदबाजों का पूल तैयार


शमी की अनुपस्थिति में भी, चयनकर्ताओं के पास (जो शनिवार को भारतीय टीम का चयन करेंगे) तेज गेंदबाजों का एक पूल है, उसमें कई विकल्प मौजूद हैं। उस सूची में प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, यश दयाल, अंशुल कंबोज, खलील अहमद और हर्षित राणा शामिल हैं।

### आज होगा भारतीय टीम का चयन

**मुंबई, जेएनएन।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरुआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे। इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नए चक्र का आगाज होगा और 25 साल के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उपकप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं।
रिषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे, लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उपकप्तान बनाया जा सकता है। कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

# मैथ्यूज टेस्ट से लेंगे संन्यास, जून में खेलेंगे करियर का आखिरी मैच

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए जब और जैसे मेरे देश को जरूरत होगी उपलब्ध रहेंगे। हालांकि, मैथ्यूज को लगभग एक साल से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। फिर भी, गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुकाबला होगा। मैथ्यूज ने 2009 में टेस्ट डेब्यू किया था और तब से वह श्रीलंकाई टीम का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। श्रीलंका का टेस्ट कार्यक्रम अब लगभग एक साल तक बहुत सीमित रहने वाला है, और 38वें जन्मदिन की दहलीज पर खड़े मैथ्यूज ने इस प्रारूप को अलविदा कहने का फैसला किया है। 2026 की शुरुआत में भारत के साथ सह-मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप के कारण, मैथ्यूज के उस स्क्वाड में चुने जाने की संभावना बनी हुई है।



■ मैथ्यूज ने श्रीलंका की कप्तानी 34 टेस्ट मैचों में की, जिनमें 2014 में हेडिंग्ले में मिली ऐतिहासिक जीत शामिल है, जहां उन्होंने दूसरी पारी में 160 रनों की यादगार पारी खेली थी।
■ एक बल्लेबाज के रूप में, उन्होंने अब तक 8167 रन बनाए हैं, जो श्रीलंका की ऑल-टाइम लिस्ट में उन्हें तीसरे स्थान पर रखता है। उनसे ऊपर कुमार संगकारा (12,400) और महेला जयवर्धने (11,814) हैं। उनके नाम अब तक 16 टेस्ट शतक हैं और उनका टेस्ट औसत 44.62 है।
■ 2013 से 2015 के बीच अपनी सबसे बेहतरीन फॉर्म में मैथ्यूज ने श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल से हासिल किए जाने वाले शिखर को छुआ। इस दौरान उन्होंने 59.45 के औसत से 2378 रन बनाए। लगभग सभी रन उन्होंने नंबर पांच या नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए बनाए।

## खेल एक नजर

### प्लेऑफ से पहले लौट सकते हैं आरसीबी के जोश हेजलवुड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के कंधे की चोट से उबरने के बाद आईपीएल के प्लेऑफ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ने की संभावना है। यह तेज गेंदबाज मौजूदा आईपीएल सत्र में 27 अप्रैल को खेला था और तब से उन्होंने टीम के दो मैच नहीं खेले। वह भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग में हुए एक हफ्ते के ब्रेक के दौरान स्वदेश लौट गए थे। तब से यह 34 वर्षीय खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया की तैयारियों के लिए ब्रिसबेन में ट्रेनिंग में जुटा था। अभी वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की चिकित्सा टीम की निगरानी में है और आरसीबी प्रबंधन उनसे संपर्क साधे है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पिछले हफ्ते कहा था, हमारी चिकित्सा टीम और उनकी चिकित्सा टीम उनकी उबरने की प्रक्रिया पर लगातार संपर्क में है। पता चला है कि हेजलवुड अच्छी प्रगति कर रहे हैं और 29 मई से शुरू होने वाले नॉकआउट चरण से पहले टीम के साथ जुड़ने के लिए बेहतरीन स्थिति में हैं।



### कोरिया में भारतीयों की निराशाजनक शुरुआत

**इंचियोन (दक्षिण कोरिया), जेएनएन।** एशियाई टूर पर कोलोन कोरिया ओपन गोल्फ के पहले दिन भारतीयों ने निराश किया और सिर्फ युवराज संधू कट में प्रवेश की दहलीज पर हैं। संधू ने दो ओवर 73 स्कोर किया और वह संयुक्त 48वें स्थान पर हैं। जीव मिल्खा सिंह छह ओवर 77 के स्कोर के साथ संयुक्त 110वें और एसएसपी चौरसिया दस ओवर 81 के स्कोर के साथ संयुक्त 137वें स्थान पर हैं । कोरिया के 22 वर्ष के क्वालीफायर युजुन जुंग ने बढत बना ली है ।

# दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी को हराकर श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टरफाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा। टनाका ने शनिवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था।




# टेस्ट : जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 रन पर पारी घोषित की

**नाटिंघम (इंग्लैंड), जेएनएन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को ट्रेंट ब्रिज पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले छह विकेट पर 565 रन पर पहली पारी घोषित की। पहले दिन के दबदबे भरे प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 498 रन से खेलना शुरू किया और ओली पोप का विकेट गंवा दिया, जो रात के स्कोर में महज दो रन जोड़ सके और 171 रन पर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स नौ रन बनाकर पवेलियन पहुंचे, जबकि हैरी ब्रुक ने 50 गेंद में 58 रन की पारी खेली और ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर आउट हुए, जिसके बाद इंग्लैंड ने पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के लिए मुजारबानी ने चार दिवसीय टेस्ट में 143 रन देकर तीन विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने लंच तक एक विकेट गंवाकर 73 रन बना लिए थे और टीम इंग्लैंड की पहली पारी से 492 रन से पीछे है। दोनों टीमें 22 साल में पहली बार टेस्ट में आमने सामने हो रही हैं।



### डब्ल्यूटीसी फाइनल: श्रीनाथ मैच रैफरी, इलिंगवर्थ-गाफाने मैदानी अंपायर होंगे

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय टीम भले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में नहीं पहुंची हो, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रैफरी की भूमिका में भारत की मौजूदगी दर्ज कराएंगे, जबकि नितिन मेनन चौथे अंपायर के तौर पर डब्ल्यूटीसी में पदार्पण करेंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने लार्ड्स पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक पहली दफा फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। आईसीसी के कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के फाइनल में अंपायरिंग कर चुके इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अंपायर नियुक्त किया गया। वह डब्ल्यूटीसी 2021 फाइनल में भी इसी भूमिका में थे।

# पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स : मप्र के अजय और महेंद्र को स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेनकैक सिलाट खेल में दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। इस खेल में अब मप्र के दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल पांच पदक हो गए हैं। मप्र के अजय कैला और महेंद्र स्वामी ने पेनकैक सिलाट के टेण्डिंग (फाइट) इवेंट में सोने का तमगा हासिल किया। 24 मई तक दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में आयोजित इन खेलों में मप्र के 39 खिलाड़ी और 11 आफीशियल्स सहित कुल 50 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहा है। मप्र के खिलाड़ियों ने पेनकैक सिलाट के अलावा मल्लखंब में एक स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया है। मल्लखंब के प्रदर्शनी खेल होने के कारण इसके पदक तालिका में शामिल नहीं किए गए हैं। पेनकैक सिलाट के फाइट (टेण्डिंग) 70 से 75 किग्रा बालक व्यक्तिग में मप्र के अजय पहले नंबर पर रहे। अंडमान निकोबार के एम लोगार्जुन और हवेली दमन एवं द्वीप के हंसदा आकाश क्रमश : दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। फाइट (टेण्डिंग) 85 से 90 किग्रा. बालक व्यक्तिग स्पर्धा में मप्र के महेंद्र, जम्मू एंड कश्मीर के जिब्रान मकसूद और उड़ीसा के रूद्र प्रताप संदगी क्रमश : पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे।



अजय कैला



महेन्द्र स्वामी

# सिक्स ए साइड क्रिकेट टूर्नामेंट : एलएनसीटी और पेसिफिक यूनिवर्सिटी की टीम जीती

**भोपाल, खेप्र।** एलएनसीटी और पेसिफिक यूनिवर्सिटी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सिक्स ए साइड क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। एलएनसीटी कैंपस में खेले जा रहे टूर्नामेंट में एलएनसीटी ने पहले खेलते हुए 9.5 ओवर में पांच विकेट खोकर 101 रन बनाए। कृष्णकांत पटेल (60) ने अर्धशतक जड़ा। सोहन ने 21 और नरेंद्र 15 रनों की पारी खेली। जवाब में यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर धरवाड़ की टीम 9.1 ओवर में 80 रन पर ऑलआउट हो गई। एलएनसीटी के सिद्धांत ने दो, जबकि अलोक एवं कुलदीप ने 1-1 विकेट हासिल किया। वहीं अन्य मैच में डॉ. प्रीति ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम ने 9.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 101 रन बनाए। प्रदीप और सुरेंद्र ने 31-31 रन को योगदान दिया। जवाब में पेसिफिक यूनिवर्सिटी ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पेसिफिक यूनिवर्सिटी के प्रशांत यादव और कमलेश ने 27-27 रन की पारी खेली।



# कैनो स्प्रिंट एवं पैराकैनो वर्ल्ड कप में भारत ने पहली बार जीता पदक

### यश ने जीता कांस्य, फाइनल में पहुंचे प्राची, मनीष और अमित

**भोपाल, खेप्र।** भारतीय पैरा केनो खिलाड़ी यश कुमार ने आईसीएफ कैनो स्प्रिंट एवं पैराकैनो वर्ल्ड कप में वीएल1 वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया। यह पहला मौका है, जब किसी पुरुष खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप में पदक जीता है। इस रेस में जर्मनी, इटली, फ्रांस, कजाकिस्तान, पोलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इंटरनेशनल कैनो फेडरेशन द्वारा यह वर्ल्ड कप पौलेंड के पॉज़्नान में 22 से 25 मई तक आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की पूजा ओझा कुछ सेकंड के अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राची यादव केएल2 वर्ग, मनीष गौरव केएल3 वर्ग और अमित कुमार वीएल2 वर्ग के फाइनल में पहुंचे। फाइनल मुकाबले शनिवार को होंगे। भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा और चेयरपर्सन मयंक ठाकुर ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से पूर्व भारतीय टीम ने 30 दिन तक भोपाल शहर के लोअर लेक में अभ्यास किया था।



## समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फ़सल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

## महिलाओं को मिला पौधारोपण का प्रशिक्षण

**सतना।** जिले की नगर परिषद कोठी में अमृत मित्र पहल के अंतर्गत वुमेन फॉर ट्री पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गत दिवस इस अभियान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को पौधारोपण का प्रशिक्षण दिया गया। अभियान का पहला चरण वूमेन फॉर ट्री कैंपेन के तहत एक पेड़ मां के नाम अमृत मित्र इनिशिएटिव के अंतर्गत चलाया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर यह अभियान संचालित हो रहा है। इसी क्रम में गत दिवस वार्ड नंबर 7 में पार्क एवं बाजार स्थिति देवीगंज तालाब के पास के स्थल का निरीक्षण किया गया।






# रामपुर में कांग्रेस ने सेना के सम्मान में निकाली जय हिंद यात्रा

### कांग्रेस किसी भी कीमत में संविधान को बदलने नहीं देगी : दिलीप मिश्रा




**जागरण सतना**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ एवं जय हिंद यात्रा का आयोजन किया यह यात्रा संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं देश के वीर सपूतों के माल्यार्पण के पश्चात प्रारंभ हुई । मुख्य अतिथि रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहां कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर जिस तरीके से अपने युद्ध कौशल का परिचय दिया है उसे सलूट करते हुए भारतीय सेना के सौरय एवं पराक्रम को जय हिंद करते हैं व भारतीय सेना को धन्यवाद करते हैं । उन्होंने कहा कि आज भारत का संविधान खतरे में है भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान को बदलना चाहती है। देश एवं प्रदेश की सरकार संविधान पर लगातार हमले कर रही है यह एक बड़ा चिंता का विषय है शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसिया लगातार विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। सेना के सम्मान में निकाली गई जय हिंद यात्रा का आयोजन रामपुर बाघेलान में किया गया था । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामशंकर पयासी ने किया ।

### चाहे सड़कों पर लड़ाई लड़नी पड़े मगर संविधान नहीं बदलने देंगे : रामशंकर पयासी

विधानसभा के प्रत्याशी राम शंकर पयासी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कीमत में संविधान को बदलने नहीं देंगे चाहे सड़कों पर लड़ाई लड़नी पडे । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री प्रदीप समदड़िया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशवंत सिंह तिवारी धनेश कुशवाहा शिव शंकर गोटिया पूर्व जनपद सदस्य उमेश शुक्ला तरुणेन्द्र द्विवेदी कैलाश द्विवेदी पूर्व सरपंच ओमप्रकाश विश्वकर्मा शशिकांत मिश्रा कैलाश द्विवेदी रजनीश द्विवेदी विनोद शुक्ला राठौर जमुनिया मनोज पांडे इंद्रजीत साकेत सोनू साकेत इंदल साकेत शुभम शर्मा उमेश साकेत नारायण सिंह बिन्नू विश्वकर्मा रेखा सिंह पटेल विद्या विश्वकर्मा कीर्ति पटेल अरविंद तिवारी संतोष विश्वकर्मा मोहित प्यासी धर्मेंद्र तिवारी सोमनाथ पटेल इंद्रभान पांडे रमाकांत पांडे राम नारायण सिंह भैया प्यासी शहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।जय हिंद यात्रा का आयोजन रामपुर बाघेलान में किया गया ।

## प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दो दिवसीय प्रवास पर सतना आयेंगे



सतना। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय 25 मई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय प्रातः 7 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रातः 9 बजे सतना से चित्रकूट लिए प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे से चित्रकूट के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री रात्रि विश्राम चित्रकूट में करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 26 मई को प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय चित्रकूट में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3 बजे चित्रकूट से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे सतना आयेंगे और यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सतना से रात्रि 8.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आरटीओ ने 32 बसों की जांच पडताल की

### 7 में पाई गई कमियां, एक ट्रक बाबूपुर चौकी के सुपुर्द




**जागरण सतना।** शुक्रवार को आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने सतना कोटर रोड में चेंकिग अभियान छेड़ दिया। इस दौरान आरटीओ ने 32 बसो की जांच पड़ताल की है जिनमें से 7 बसों में आंशिक कमियॉ पाई गई है। यह कार्यवाही परिवहन आयुक्त निर्देश पर आरटीओ द्वारा की जा रही है। जिन सात बसो में कमियॉ पाई गई है उनसे 7 हजार रूपये की राशि वसूल की गई है। इतना ही नही एक ट्रक बिना कागजात के पाया गया। जिसे बाबूपुर चौकी में खड़ा कराया गया मगर पेपर दिखाने के बाद उससे दो हजार रूपये का जुर्माना जमा कराया गया है।

### बिना परमिट पकड़ी गई बस से 50 हजार 8 सौ रूपये वसूल

आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में बिना परमिट पकडी गई। बस से 50 हजार 8 सौ रूपये वसूल किये गये है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को कुल आठ चालान किये गये जिनमें पूर्व में पकडी गई बिना परमिट बस सहित 59 हजार 8 सौ रूपये की राशि वसूल की गई है। उन्होने कहा कि इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।






# लखनवाह सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी



### तीन दिन में जवाब प्रस्तुत करने सीएमएचओ ने दिये निर्देश




**जागरण सतना।** निरीक्षण के दौरान अनुशासनहीनता व कार्य के प्रति लापरवाही पाये जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी ने लखनवाह सीएचओ मणिधर मालवीय को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब तलब किया है। बताया जाता है कि रामपुर बाघेलान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत आने वाले लखनवाह उपस्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ सीएचओ मणिधर मालवीय सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये थे। इतना नही निरीक्षण के समय आसपास के रहवासियों द्वारा भी सीएमएचओ को जानकारी दी गई थी कि मणिधर मालवीय महीने में एक या दोबार ही उपस्वास्थ्य केन्द्र आते है। जिससे क्षेत्रीय लोगो को स्वास्थ्य सुविधाए नही मिल पा रही । उनके इस कृत्य को सीएमएचओ ने पदीय दायित्वो के प्रति घोरलापरवाही , उदासीनता माना है। जिसके चलते कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। जारी की गई नोटिस में सीएमएचओ ने यह भी कहा है कि एनसीडी कार्यक्रमो में भी क्षेत्र की स्थिति अत्यंत न्यून है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि उन्होने स्वास्थ्य सेवाओ के क्रियान्वयन को गंभीरता से नही लिया। सीएमएचओ ने अंतिम अवसर देते हुये निर्देशित किया है कि तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण बीएमओ की टीम सहित प्रस्तुत करें। जवाब असंतोषजनक पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये संविदा सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति व राज्य स्तरीय कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

### स्वस्थ यकृत मिशन प्रशिक्षण को लेकर बीएमओ को निर्देश

सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी ने स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत नान एलकोहलिक फैटीलीवर डिजीज की स्क्रीनिंग एवं उपचार को गुणवत्ता पूर्ण संचालित किये जाने स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ राज्य पाल द्वारा 21 मई को किया गया है। सीएमएचओ ने कहा कि चिकित्सा अधिकारी , जिला कम्प्यूनिटी मोव लाइजर , सीएचओ , एएनएम , आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगी का प्रशिक्षण 27 मई को दोपहर डेढ बजे से शाम 4 बजे तक राज्य कार्यालय द्वारा वेबेक्स के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। सीएमएचओ ने निर्देशित करते हुये कहा है कि उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार का अवकाश मान्य नही होगा। अनुपस्थिति की दशा में संबंधित को उक्त दिवस हेतु अवैतनिक किया जायेगा। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी बीएमओ सीएमएचओ को उपलब्ध कराये।

# पुण्य तिथि पर सेवा संकल्प में मरीजों को कराया भोजन



**जागरण सतना।** जिला चिकित्सालय में प्रति दिन मरीजों को भोजन सेवा संकल्प के माध्यम से कराया जाता है। इसी क्रम में आज चांदमारी रोड गली न 1 धवारी निवासी दिवाकर प्रसाद निगम की पत्नी स्वण् कौशल्या देवी निगम के पुण्य तिथि में मरीजों के साथ आए सहयोगियों को भोजन करा कर मिष्ठान वितरण करवाया। इस अवसर पर पुत्र प्रकाश चंद निगम, अनिल निगम, संजय निगम, शैलेंद्र निगम, श्रीमती मंजू निगम, रश्मि निगम,अंकित निगम, गोलू, भोलू,शिल्पी, ऋषित निगम सहित परिवार के सदस्य एवं सेवा संकल्प के सदस्य व कर्मचारी उपस्थित रहे।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com